# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 220 । भोपाल, बुधवार 9 अगस्त 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

चयनित अभ्यर्थियों ने मुंडन करवाकर दर्ज कराया विरोध — पृष्ठ 3

■ 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' की याद में
■ बहुसंख्यकवादी राजनैतिक एजेंडा और भारतीय मुसलमान — पृष्ठ 4

■ आवास के लिए सचिव पर पैसे मांगने का आरोप, सीईओ से की शिकायत — पृष्ठ 6

प्रदेश में होगा 4 हजार करोड़ से अधिक का निवेश — पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### नेताजी के भतीजे अर्धेन्दु बोस का निधन

**मुंबई, एजेंसी।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस के भतीजे अर्धेंदु बोस का दिल का दौरा पड़ने से मुंबई में निधन हो गया। उनकी पत्नी केर्मिन बोस ने उनके निधन की खबर मीडिया से साझा की। पेशे से एक मॉडल और एक्टर, अर्धेंदु बोस 1970 के दशक से बॉम्बे (मुंबई) में रहते थे, जहां उन्होंने अपना करियर शुरू किया और अलग-अलग बॉलीवुड फिल्मों जैसे कोबरा, मेरा यार मेरा दुश्मन, विषकन्या और बंगाली फिल्मों जैसे 'कालकुट' में अभिनय किया।

### ज्ञानवापी परिसर को सील करने की मांग करने वाली याचिका खारिज

**प्रयागराज, एजेंसी।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मंगलवार को उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार को वाराणसी अदालत के एएसआई सर्वेक्षण आदेश को प्रभावित किए बिना पूरे ज्ञानवापी परिसर को सील करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता के वकील ने कानून के अनुसार उचित मंच पर जाने और जनहित याचिका में दावा की गई राहत के लिए आवेदन दायर करने की प्रार्थना की तो अदालत ने याचिका को वापस लेने दिया और खारिज कर दिया।

### रुद्रप्रयाग में भूस्खलन के चलते तीन मंजिला होटल जमींदोज

**रुद्रप्रयाग, एजेंसी।** उत्तराखंड में बारिश का कहर जारी है। पहाड़ों में ही नहीं मैदानों में भी बारिश का कहर देखने को मिल रहा है। देहरादून में सड़कें नदी का रूप ले चुकी है, वहीं पहाड़ों में भी बड़े-बड़े भवन ताश के पत्तों की तरह ढह रहे हैं। भूस्खलन की चपेट में आने से लोगों के मकान होटल लॉज भी क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। रुद्रप्रयाग के रामपुर में भूस्खलन के कारण 32 कमरों का एक तीन मंजिला होटल पालक झपकते ही जमींदोज हो गया। गनीमत रही कि कोई भी जनहानि नहीं हुई क्योंकि पहले ही होटल को खाली करवा दिया गया था।

### मंत्रालय में धमकी भरा फोन करने वाला गिरफ्तार

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के मंत्रालय पर आतंकवादी हमले की धमकी देने वाले एक व्यक्ति को शहर पुलिस ने यहां गिरफ्तार किया। जानकारी के मुताबिक 61 साल के किशनचंद खेमानी नाम के आरोपी ने सोमवार रात मंत्रालय के कंट्रोल रूम में फोन कर धमकी दी कि मंत्रालय में दो दिन के अंदर आतंकी हमला होगा। इसके तुरंत बाद मुंबई पुलिस ने अधिकारियों के साथ मिलकर जांच की और फोन नंबर को ट्रैक किया। इस अपराध के सामने आने के कुछ घंटों बाद ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

### सारण में महिला की गोली मारकर हत्या

**छपरा, एजेंसी।** बिहार में सारण जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र में एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। विशुनपुरा गांव निवासी स्व. भोला पांडेय की पत्नी शिवपति देवी सोमवार की रात अपने घर के मुख्य दरवाजे पर बैठी थी। इसी दौरान एक मोटर साइकिल पर सवार होकर तीन लोग वहां पहुंचे। इसके बाद उन लोगों ने महिला को गोली मारकर घायल कर दिया। सूत्रों ने बताया घायल महिला को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### सिद्धारमैया ने फर्जी पत्र मामला सीआईडी को सौंपा

**बेंगलुरु, एजेंसी।** जिस फर्जी पत्र विवाद के कारण सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार और विपक्ष के बीच जुबानी जंग हुई थी, उसे मंगलवार को विशेष शाखा आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) को सौंप दिया गया है। फर्जी पत्र में कृषि मंत्री एन. चेलुवरयास्वामी पर निशाना साधा गया और आरोप लगाया गया कि वह विभाग के अधिकारियों से पैसे की मांग कर रहे हैं। दावा किया गया कि अधिकारियों ने राज्यपाल को पत्र लिखा है और बदले में राज्यपाल ने मुख्य सचिव को भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने के लिए कहा था। हालांकि, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने स्पष्ट किया कि इस संबंध में राज्यपाल द्वारा कोई शिकायत या पत्र नहीं लिखा गया है। इस संबंध में मीडिया और सोशल मीडिया पर प्रसारित पत्र फर्जी है, जो सरकार को बदनाम करने के लिए बनाया गया है। उन्होंने परोक्ष रूप से कहा कि यह भाजपा नेताओं या पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी की करतूत हो सकती है। कुमारस्वामी ने सिद्धारमैया पर निशाना साधते हुए कहा था कि वह असली पत्रों को नकली बनाने में माहिर हैं।

---

लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर बहस शुरू

# विपक्ष ने मणिपुर पर सरकार को घेरा

### कांग्रेस नेता गोगोई ने चर्चा की शुरुआत की, बोले- प्रधानमंत्री का मौनव्रत तोड़ेंगे



प्रधानमंत्री को यह स्वीकार करना होगा कि उनकी डबल इंजन सरकार, मणिपुर में विफल हो गई। इसलिए मणिपुर में 150 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है: गौरव गोगोई, कांग्रेस नेता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर मंगलवार को चर्चा शुरू हो गई । चर्चा की शुरुआत कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने की। कांग्रेस सांसद गोगोई ने अपने अविश्वास प्रस्ताव पर 35 मिनट भाषण दिया।

इस दौरान उन्होंने मणिपुर हिंसा से लेकर विदेश नीति तक के मुद्दे पर सरकार को घेरा। गोगोई ने कहा कि प्रस्ताव लाने का मकसद पीएम का मौन तोड़ना है। गोगोई ने ये भी कहा कि प्रधानमंत्री को यह स्वीकार करना होगा कि उनकी डबल इंजन सरकार, मणिपुर में विफल हो गई। इसलिए मणिपुर में 150 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। राज्य के ष्टरू जिन्हें बातचीत का, शांति और सद्भाव का माहौल बनाना चाहिए था, उन्होंने पिछले 2-3 दिनों में भड़काऊ कदम उठाए हैं जिससे समाज में तनाव पैदा हो गया है। इससे पहले सुबह 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही 12 बजे तक स्थगित कर दी गई थी।

**गोगोई ने सरकार से पूछे तीन सवाल** -कांग्रेस नेता गौरव ने सरकार से तीन सवाल पूछे। उन्होंने पूछा प्रधानमंत्री मोदीजी मणिपुर क्यों नहीं गए। राहुल गए, इंडिया अलायंस के सांसद गए, गृहमंत्री गए। गोगोई ने कहा कि मणिपुर पर बोलने में प्रधानमंत्री को अस्सी दिन क्यों लगे । बोले तो सिर्फ 30 सेकेंड बोले। आज तक संवेदना का कोई शब्द व्यक्त नहीं किया। प्रधानमंत्री होने के नाते उनके शब्दों का जो महत्व है, वो किसी मंत्री के शब्दों में नहीं है। कांग्रेस नेता ने पूछा मणिपुर के मुख्यमंत्री को बर्खास्त क्यों नहीं किया। गुजरात में जब राजनीति करनी थी तो एक बार नहीं दो बार सीमए बदले। उत्तराखंड में 3 बार बदला, त्रिपुरा में बदला। मणिपुर के मुख्यमंत्री को क्या विशेष आशीर्वाद है, जो खुद स्वीकार कर रहे हैं कि इंटेलिजेंस फेलियर हुआ।

### राहुल के शुरुआत न करने पर चुटकी ली

विश्वास प्रस्ताव की शुरुआत गौरव गोगोई ने जैसे ही की, भाजपा सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया। कहा- सुबह सेक्रेटरी जनरल के यहां चिट्ठी आई थी कि राहुल गांधी जी बोलेंगे। हम तो उनके भाषण का इंतजार कर रहे हैं। अब गौरव गोगोई बोल रहे हैं। 5 मिनट में आखिर क्या हो गया।

### ब्रायन राज्यसभा के मौजूदा सत्र से निलंबित

तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद डेरेक ओ ब्रायन को राज्यसभा के मौजूदा सत्र से निलंबित कर दिया गया है। मंगलवार को राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने डेरेक ओ ब्रायन को सदन में अव्यवस्था के लिए नेम किया। सभापति ने डेरेक ओ ब्रायन को तुरंत राज्यसभा से चले जाने का आदेश दिया। गौरतलब है कि इससे पहले आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को भी मौजूदा मानसून सत्र के लिए निलंबित किया जा चुका है।

### भाजपा ने कहा- सोनिया का एजेंडा बेटे को सेट करना, दामाद को भेंट करना



सरकार की तरफ निशिकांत दुबे ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि हमें राहुल गांधी के बोलने की उम्मीद थी, पर वो नहीं बोले। लगता है, राहुल जी तैयार नहीं थे आज, देर से उठे होंगे। उन्होंने इंडिया गठबंधन पर भी हमला बोला। दुबे ने कहा कि पीएम बोलते हैं कि ये अविश्वास प्रस्ताव नहीं, ये अपोजिशन में विश्वास प्रस्ताव है कि कौन किसके साथ है। दुबे ने कहा कि सोनिया गांधी का एक ही मकसद है कि बेटे को सेट करना और दामाद को भेंट करना है।

### गोयल के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस



विपक्षी गठबंधन इंडिया के कई नेताओं ने राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। जिन दलों के नेताओं ने नोटिस दिया है, उनमें तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस, आप, द्रमुक, राजद, जदयू, राकांपा और वाम दल शामिल हैं। सूत्रों ने कहा कि इंडिया के दलों ने राज्यसभा के सभापति को नोटिस देकर गोयल की कुछ टिप्पणी के खिलाफ शिकायत की। गोयल न्यूज पोर्टल 'न्यूजक्लिक' को लेकर बोल रहे थे कि उसने चीनी प्रचार को फैलाने के लिए कथित तौर पर चीन से जुड़ी फर्मों से धन प्राप्त किया।

---

भाजपा संसदीय दल की बैठक में बोले प्रधानमंत्री

## विपक्ष अविश्वास से भरा है

### सेमीफाइनल में भी हार गया विपक्ष



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि विपक्ष अविश्वास से भरा है और उनका अविश्वास प्रस्ताव यही दिखा रहा है। संसद के मानसून सत्र के 14वें दिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने यह बात कही। सूत्रों के अनुसार श्री मोदी ने यह भी कहा कि विपक्ष का सेमीफाइनल का मन था और कल सेमीफाइनल हो गया। नतीजा सबके सामने है। सूत्रों के अनुसार बैठक में संसद में अविश्वास प्रस्ताव सियासी बहस से पहले विपक्ष के सवालों के मुकाबले की रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक में प्रधानमंत्री श्री मोदी के अलावा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद जगत प्रकाश नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। अविश्वास प्रस्ताव पर आठ, नौ एवं दस अगस्त को 18 घंटे की बहस के बाद प्रधानमंत्री जवाब देंगे। सूत्रों ने बताया कि बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विपक्ष अविश्वास से भरा है और ये दिखाने के लिए वो अविश्वास प्रस्ताव लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष का सेमीफाइनल का मन था और कल सेमीफाइनल हो गया। नतीजा सबके सामने है। उन्होंने कहा कि जो लोग सामाजिक न्याय की बात करते हैं उन्होंने वंशवाद, तुष्टिकरण, भ्रष्ट राजनीति से सामाजिक न्याय को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया है। बीते नौ वर्षों में मोदी सरकार अपने दूसरे कार्यकाल में पहले अविश्वास प्रस्ताव का सामना कर रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद की सदस्यता बहाल होने के बाद वह भी चर्चा में भाग लेंगे। कांग्रेस ने इस बात की पुष्टि की है।

---

## मणिपुर हिंसा : असम राइफल्स के जवानों पर एफआईआर

■ पुलिस का रास्ता रोकने का लगा आरोप
■ हत्या के मामले में गिरफ्तारी नहीं करने दी

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर पुलिस ने केंद्रीय अर्धसैनिक बल असम राइफल्स के जवानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि असम राइफल्स के जवानों ने राज्य पुलिस को बिष्णुपुर जिले में तीन लोगों की हत्या में शामिल लोगों को गिरफ्तार करने से रोका। जवानों के खिलाफ एफआईआर 5 अगस्त को दर्ज की गई लेकिन पुलिस ने इसकी जानकारी 8 अगस्त को दी। मंगलवार को ही असम राइफल्स को हिंसा प्रभावित मणिपुर के विष्णुपुर जिले से हटाया गया है। असम राइफल्स केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन आता है और सेना के ऑपरेशनल कंट्रोल में है। एफआईआर बिष्णुपुर जिले के फौगाकचाओ इखाई पुलिस थाने में दर्ज कराई गई है। इसके अनुसार बिष्णुपुर के फोलजंग रोड के किनारे क्वाक्टा वार्ड 8 में स्थित कुतुब वाली मस्जिद पहुंचने पर राज्य पुलिस की टीमों को रोक दिया गया। असम राइफल्स के 9 जवानों ने अपने कैस्पर वाहन को क्वाक्टा फोलजांग रोड के बीच में पार्क कर पुलिस का रास्ता रोका। उन्होंने पुलिस के काम में बाधा डाली। इसी दिन मणिपुर पुलिस और असम राइफल्स के जवानों के बीच बहस का वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो में मणिपुर पुलिस के कमांडो असम राइफल्स के जवानों पर उनके ऑपरेशन में दखल देने का आरोप लगा रहे हैं।

## राहुल को फिर आवंटित किया गया बंगला



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल होने के ठीक एक दिन बाद उन्हें उनका पुराना सरकारी बंगला फिर से मिल गया। लोकसभा की आवास समिति ने मंगलवार को उन्हें फिर से 12 तुगलक लेन बंगला आवंटित कर दिया। हालांकि वे अपने इस घर में रहने कब जाएंगे यह उन्होंने नहीं बताया। लेकिन बंगला मिलने के बाद कहाकि पूरा हिंदुस्तान उनका घर है।

उल्लेखनीय है कि मोदी सरनेम मामले में सदस्यता गवाने के बाद राहुल गांधी ने बीते 21 अप्रैल को अपना सरकारी आवास पूरी तरह से खाली कर दिया था। वे 19 साल से इस बंगले में रह रहे थे। बंगला खाली करने के बाद उन्होंने कहा था कि मैने सच बोलने की कीमत चुकाई है। बतादें कि मोदी सर नेम मामले में उन्हें सूरत की एक अदालत ने 23 मार्च को दो साल की सजा सुनाई गई थी। इसके चलते न केवल उनकी लोकसभा की सदस्यता खत्म हो गई थी बल्कि उन्हें अपना

### बोले- पूरा हिंदुस्तान हमारा घर

सरकारी आवास भी खाली करना पड़ा था और वे 10 जनपथ में अपनी मां सोनिया गांधी के साथ रहने चले गए थे। लेकिन 4 अगस्त को जब सुप्रीम कोर्ट ने उनकी सजा पर रोक लगा दी तो 7 अगस्त को लोकसभा सचिवालय ने उनकी संसद सदस्यता बहाल कर दी और 8 अगस्त को उन्हें फिर से पुराना बंगला 12 तुगलक लेन आंवटित कर दिया गया।

### 12 को करेंगे वायनाड का दौरा

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी लोकसभा सचिवालय द्वारा उनकी सदस्यता बहाल किए जाने के बाद पहली बार 12 और 13 अगस्त को अपने संसदीय क्षेत्र केरल के वायनाड के दो दिवसीय दौरे पर होंगे। कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने एक ट्वीट में कहा, 12-13 अगस्त को राहुल गांधीजी अपने निर्वाचन क्षेत्र वायनाड में होंगे। वायनाड के लोग इस बात से खुश हैं कि लोकतंत्र की जीत हुई है, उनकी आवाज संसद में लौट आई है। राहुल जी सिर्फ एक सांसद नहीं, बल्कि उनके परिवार के सदस्य हैं।

## केरल विधानसभा में समान संहिता के खिलाफ प्रस्ताव पास

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** केरल विधानसभा ने मंगलवार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के खिलाफ प्रस्ताव पारित कर दिया है। इसी के साथ केरल यूसीसी के खिलाफ प्रस्ताव पारित करने वाला पहला राज्य बना गया है। केरल विधानसभा ने सर्वसम्मति से मांग की कि केंद्र सरकार देश की पूरी आबादी को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर कोई भी कदम उठाने से बचे।

यह प्रस्ताव मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने पेश किया। प्रस्ताव को कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष ने समर्थन दिया था। प्रस्ताव में सीएम विजयन ने कहा कि समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए केंद्र सरकार का एकतरफा और जल्दबाजी वाला कदम संविधान के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को खत्म कर रहा है। केंद्र सरकार बिना किसी वैचारिक बहस में शामिल हुए या सर्वसम्मति की तलाश किए इस एकतरफा कदम के साथ आगे बढ़ी है। प्रस्ताव में कहा गया है कि इससे आबादी के विभिन्न वर्गों में चिंता पैदा

### अब जमीन घोटाले में हेमंत सोरेन को समन

**रांची, एजेंसी।** ईडी ने रांची के जमीन घोटाले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को समन भेजा है। उन्हें 14 अगस्त को ईडी के रांची स्थित जोनल कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। इसके पहले ईडी ने माइनिंग घोटाले में भी हेमंत सोरेन से पिछले साल 22 नवंबर को लगभग दस घंटे तक पूछताछ की थी। माइनिंग घोटाले के बाद अब जमीन घोटाले में पूछचाछ से सीएम की परेशानियां बढ़ सकती हैं। ईडी रांची के जमीन घोटाले में पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, रांची के न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल, कोलकाता के कारोबारी दिलीप कुमार घोष और अमित कुमार अग्रवाल सहित 13 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। इस घोटाले में ईडी इन दिनों रांची के बड़े कारोबारी विष्णु अग्रवाल को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है।

---

नीति आयोग के प्रतिवेदन पर प्रबुद्धजनों के साथ परिचर्चा में बोले शिवराज

# मध्यप्रदेश में विकास के समग्र प्रयासों से गरीबी घटी

■ परिचर्चा में विद्वान वक्ताओं ने मध्यप्रदेश के प्रयासों को सराहा

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश में सामाजिक न्याय के लिए निरंतर बुनियादी नागरिक सुविधाएं बढ़ाने से गरीबी तेजी से घटी है। प्रदेश में तकरीबन 1 करोड़ 36 लाख लोगों को गरीबी से निजात मिली है। यह संभव हो पाया है विकास के लिए सभी के समग्र और समन्वित प्रयासों से। उन्होंने कहा कि सिर्फ आय वृद्धि ही गरीबी कम होने का आधार नहीं बल्कि अधोसंरचना की मजबूती के साथ नागरिकों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने, पर्यावरण के संतुलन, वन्य-प्राणियों के संरक्षण जैसे कार्यों से सम्पूर्ण समृद्धि संभव होती है। संसाधनों पर सभी नागरिकों का अधिकार है। श्री चौहान आज कुशाभाऊ ठाकरे सभागृह में नीति आयोग के प्रतिवेदन पर प्रबुद्धजन के साथ परिचर्चा सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान को बहुआयामी गरीबी पर



तैयार रिपोर्ट की प्रति सौंपी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि मध्यप्रदेश में 1 करोड़ 36 लाख लोगों को गरीबी से मुक्त करने की यात्रा तय की गई है। आज मध्यप्रदेश राज्य नीति एवं योजना आयोग की ओर से प्रकाशित नीति की संक्षिप्त प्रति भी जारी की गई। उन्होंने कहा कि यह एक अहम प्रश्न है कि गरीबी की परिभाषा क्या है। बुनियादी आवश्यकता रोटी, कपड़ा, मकान, रोजगार का साधन, पढ़ाई और दवाई की व्यवस्था ही गरीबी से मुक्ति नहीं है। प्रत्येक मनुष्य सुखी जीवन का आकांक्षी होता है। इसके लिए शरीर, आत्मा, बुद्धि और मन का सुख आवश्यक माना जाता है।

श्री चौहान ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी और लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन से महिलाओं को राशि के साथ ही उनके सम्मान में वृद्धि का कार्य हुआ है। इस योजना के फलस्वरूप ग्रामों में छोटे दुकानदारों की बिक्री बढ़ चुकी है। अर्थ-व्यवस्था को बल मिल रहा है। कार्यक्रम में मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, सचिव मुख्यमंत्री एवं जनसंपर्क विवेक पोरवाल सहित वरिष्ठ अधिकारी, अर्थशास्त्री और शोध विद्यार्थी भी काफी संख्या में उपस्थित थे।

### सामाजिक क्षेत्र में व्यय बढ़ने से कम हुई गरीबी : प्रो. चतुर्वेदी

परिचर्चा में राज्यनीति एवं योजना आयोग के उपाध्यक्ष प्रो. सचिन चतुर्वेदी ने कहा कि सामाजिक क्षेत्र में व्यय बढ़ने से बहुआयामी गरीबी को कम करने में सफलता मिली है। प्रदेश में विकास का मद बढ़ने से सशक्त समाज की कल्पना को साकार कर एक बड़े तबके को सुविधाएं मुहैया करवाई गई हैं। मध्यप्रदेश सांख्यिकी आयोग बनाने वाला प्रथम राज्य है। शहरों और ग्रामों के गौरव दिवस मनाने की पहल भी सराहनीय है। जिलों की स्थिति का अध्ययन और योजनाओं के क्रियान्वयन का विश्लेषण भी किया जा रहा है। आयोग के अध्ययन के लिए प्रदेश में उद्योग और व्यवसाय से जुड़े दो नगरों इंदौर, भोपाल और वन क्षेत्र वाले जिलों मंडला और सीहोर का चयन किया गया है। इससे संबंधित प्रतिवेदन सितम्बर माह के अंत तक ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### गरीबी उन्मूलन में म.प्र. का महत्वपूर्ण योगदान : डॉ. सूरी

नीति आयोग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. योगेश सूरी ने परिचर्चा में कहा कि मध्यप्रदेश का गरीबी उन्मूलन में बड़ा योगदान प्राप्त हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी कम करने में विशेष सफलता मिली है। बहुआयामी गरीबी संकेतक के आधार पर किए गए आकलन के अनुसार प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में बहुआयामी गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली जनसंख्या का प्रतिशत लगभग 19 प्रतिशत कम हुआ है। यूएन रेसीडेंट को-आर्डिनेटर शोम्बी शार्प ने मध्यप्रदेश में कृषि क्षेत्र में हुए विकास को सराहनीय बताया। सतत विकास लक्ष्यों के साथ जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर आवश्यक प्रयास होना ही चाहिए। सांख्यिकी आयुक्त प्रवीण श्रीवास्तव ने प्रदेश में गरीबी उन्मूलन प्रयासों की सफलता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रधानमंत्री की एडवाइजरी काउंसिल की सदस्य प्रो. शमिका रवि ने कहा कि आय वृद्धि के पारम्परिक आधार से हटकर स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे मापदंडों के कारण गरीबी उन्मूलन का वास्तविक आकलन संभव होता है। मध्यप्रदेश में पेयजल, सिंचाई, विद्युत आपूर्ति, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

## सार समाचार

### आरोन और चांचौड़ा पुलिस ने वर्षों से फरार चल रहे वारंटी दबोचे

**गुना, देशबन्धु।** आरोन थाना पुलिस द्वारा चोरी के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2018 में आरोपी प्रकाश पुत्र पहलवान सिंह धाकड़ निवासी ग्राम बरखेड़ा हाट के विरूद्ध आरोन थाने में चोरी के अप.क्र. 122/18 धारा 379 भादवि में आरोपी प्रकाश धाकड़ के न्यायालयीन कार्यवाही से लगातार फरार रहने पर न्यायालय आरोन द्वारा गिरफ्तारी हेतु स्थाई वारंट जारी किया गया था। जो तामीली हेतु आरोन थाने पर प्राप्त हुआ था। पुलिस ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर वारंटी को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा वर्ष 2010 में चांचौड़ा थाना अंतर्गत एक्सीडेंट के एक प्रकरण में करीबन 10 साल से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2010 में जिले के चांचौड़ा थाना अंतर्गत एक्सीडेंट की एक घटना को लेकर थाने पर दर्ज अप.क्र. 375/10 धारा 279, 337, 338 भादवि व 3/181, 5/181, 146/196 एमव्ही एक्ट में आरोपी जगदीश पुत्र करण सिंह भील निवासी ग्राम कौंदयापुरा थाना चांचौड़ा के न्यायालयीन कार्यवाही से निरंतर फरार रहने पर जिसकी गिरफ्तारी के लिए न्यायालय ने स्थाई वारंट जारी किया गया था। जो तामीली हेतु चांचौड़ा थाने पर प्राप्त हुआ था। पुलिस द्वारा मंगलवार को आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

### मासूमों के साथ पीड़ित परिवार पहुंचा कलेक्ट्रेट, खेत मालिक पर कार्रवाई की मांग

**खेत पर काम करने के दौरान मजदूर को लगा था करंट**

**गुना, देशबन्धु।** कैंट थानांतर्गत ग्राम पुरापोसर में एक खेत में खुले तारों की चपेट में मजदूर के आने से वह बुरी तरह झुलस कर दिव्यांग हो गया है। अब परिवार के समक्ष जीवन यापन का संकट खड़ा हो गया है। पूरी घटना खेत मालिक द्वारा जबर्दस्ती दबाव बनाकर मजदूर से बिजली के तारों के पास काम कराने के कारण हुई। इन तारों की जद में आने से मजदूर बुरी तरह घायल हो गया। इस संबंध में मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंची मजदूर की पत्नी और बच्चों ने आरोपी खेत मालिक पर कार्रवाई करने की मांग की। मजदूर की पत्नी मीनाबाई लोधा ने बताया कि उनके पति कमलेश लोधा हरिपुर निवासी चंद्रभान उर्फ चंदू यादव निवासी के खेत पर मजदूरी करते थे। उसने अपने खेत पर जियो टॉवर के अलावा दो ट्रांसफॉर्मर लगा रखे हैं। जिनके तार खुले में निकले हुए हैं। गत 25 जुलाई को चंद्रभान ने कमलेश को खेत पर मजदूरी कराने बुलाया और टॉवर तथा ट्रांसफॉर्मर के पास काम करने भेज दिया। यहां खुले बिजली के तारों की जद में आने से कमलेश बुरी तरह झुलस गया और बेहोश हो गया। जिसे खेत मालिक ने परिजनों को सूचना दिए बिना ही चुपचाप जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया और पुलिस तथा मीडिया को झूठ बताया कि यह करंट खुली 11 केव्ही की लाईन से लगा है। जबकि करंट खेत मालिक के यहां काम करने के दौरान छोड़े गए खुले तारों से लगा है। वहीं पुलिस द्वारा भी आरोपी पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। कलेक्टर को दिए आवेदन में पीड़ित परिवार ने आरोपी पर कार्रवाई करने की मांग की।

**समीक्षा बैठक में प्रदेश प्रभारी भाटिया ने भरा कार्यकर्ताओं में जोश**

# चुनाव आते रेवडि़यां बांटने से कुछ नहीं होगा, कांग्रेस जीतेगी



**गुना, देशबन्धु।** एआईसीसी सचिव तथा मध्यप्रदेश प्रभारी शिव भाटिया का आज गुना आगमन हुआ। वे यहां राजीव भवन में कांग्रेस की समीक्षा बैठक लेने आए थे। निर्धारित समय से लगभग 2 घंटा देरी से आए भाटिया के सामने गुना तथा बमौरी विधानसभा से अपनी दावेदारी पेश कर रहे कांग्रेस से उम्मीदवारों ने कोई कसर नहीं छोड़ी। अशोकनगर से पत्रकार कॉलोनी तक जगह जगह उनका स्वागत किया गया तथा दावेदारों के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के पक्ष में जमकर नारेबाजी की।

राजीव गांधी कांग्रेस भवन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ आयोजित बैठक में शिव भाटिया भाजपा की शिवराज सरकार और सिंधिया के साथ ही गृहमंत्री मंत्री नरोत्तम मिश्रा पर भी जमकर निशाना साधा। बैठक में श्री भाटिया के क्रांतिकारी भाषण ने कांग्रेसजन में ऊर्जा का संचार कर दिया। उन्होंने कहा कि उन गददारों जिन जयचंदा और मीरजाफरों के कारण कमलनाथ की 15 महीने की सरकार गिरी थी। उन्हें सबक सिखाने के लिये एक-एक सच्चा कांग्रेसी अपने घर से बाहर निकल चुका है। पूरे देश की निगाहें इस समय आपके ऊपर हैं। यहां की जनता को महान निरूपित करते हुए श्री भाटिया ने समस्त गुना की जनता का हार्दिक आभार जताया।

उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी की सभा में उमड़े हुजूम ने आने वाले भविष्य का संकेत दे दिया है कि जनता अब उन लोगों के मुंह पर कालिख पोतने तैयार है जिन्होंने जनादेश से मुंह मोड़ा, जिन्होंने जनसमस्याओं को अनदेखा किया है। श्री भाटिया ने कहा कि चुनाव आते आते रेवडि़यां बांटने से कुछ नहीं होगा। जनता सब जानती और समझती है। उन्होंने कांग्रेसियों में दम भरते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता शांत प्रवृत्ति का है इसलिये उसे कमजोर मत समझना। कांग्रेस जब घर से बाहर झण्डा लेकर निकलती है तो अंग्रेज नहीं बचे तो यह लोग किस खेत की मूली हैं।

इस अवसर पर जिला प्रभारी राघवेन्द्र शर्मा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मेहरबान सिंह, नुरुलहसन नूर, नरेंद्र लाहोटी, केएल अग्रवाल, सुमेरसिंह गढ़ा, हरिशंकर विजयवर्गीय, रजनीश शर्मा, राजेन्द्र तिवारी, पुरुषोत्तम पूरी, वीरेंद्र सिसौदिया, सीमा यादव, गोपाल शर्मा, विक्रम तोमर, मुरारी धाकड़, आनन्द सक्सेना, हर्ष मेर, खालिद बंटी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

**4 घंटे तक झाड़ फूंक में ही लगे रहे परिजन, शरीर में नहीं लौटी चेतना**

## अस्पताल परिसर भी बना झाड़ फूंक अड्डा, सर्पदंश से बालिका की मौत



**गुना, देशबन्धु।** 21 वीं सदी के वैज्ञानिक युग में आज भी झाडफूंक और अंधविश्वास लोगों की जान ले रहा है। जिलेभर में सर्पदंश और जहरीले जीव-जंतु के शिकार इतने लोगों की मौत नहीं होती, यदि परिजन समय पर उपचार के लिए पीड़ित को अस्पताल लेकर पहुंचते। लेकिन परिजन झाड़ फूंक के चक्कर में उसे पहले देवस्थल या कथित जानकार के पास ले जाते हैं। ईलाज में देरी के चलते उसकी मौत हो जाती है। कुछ ऐसा ही वाकया मंगलवार को जिला अस्पताल में देखने को मिला। यहां अस्पताल परिसर के बीचों बीच सर्पदंश की शिकार मृत बालिका को जीवित करने जानकार झाड़ फूंक करता रहा। लेकिन जब घंटों बाद भी मृत शरीर में चेतना नहीं लौटी तो थक हार के परिजनों ने उसे मृत मान लिया।

दरअसल हड्डीमिल निवासी 7 वर्षीय वंशिका केवट अपनी सहेलियों के साथ घर के पास ही खेल रही थी। इसी दौरान किसी जहरीले जीव (संभवत- सांप) ने उसे हाथ में काट लिया। उसने तुरंत अपनी मां को बताया। लेकिन परिजन वंशिका को अस्पताल ना लाकर सबसे पहले गोरखेड़ा झाड़ फूंक के लिए ले गए। जहां जानकार की झाड़ फूंक काम नहीं आई और तुरंत बालिका को परिजन जिला अस्पताल लेकर निकले। लेकिन अस्पताल पहुंचने तक काफी देर हो चुकी थी, और अस्पताल में डॉक्टरों ने बालिका को मृत घोषित कर दिया। लेकिन उसके बाद भी परिजनों को विश्वास नहीं हो रहा था, कि बेटी की मौत हो चुकी है। इसी दौरान सिंगवासा तालाब निवासी एक और जानकारी मौके पर अपना हुनर दिखाने पहुंच गया। यहां अस्पताल गेट के पास लगभग दो से तीन घंटे तक वह मृत शरीर पर झाडफूंक कर जिंदा करने का प्रयास करता रहा। लेकिन जानकारी की झाड़ फूंकी काम नहीं आई तो परिजन बालिका को पुन- डॉक्टर के पास लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टर और पुलिस की समझाईश के बाद परिजनों ने उसका पीएम कराया। बहरहाल जिलेभर में तेजी से हो रही सर्पदंश से मौतों में सबसे बड़ा कारण झाडफूंक है।

## कलेक्टर की फेसबुक से भाजपा का प्रचार!



**कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष ने जताई आपत्ति, सौंपा ज्ञापन**

**गुना, देशबन्धु।** कांग्रेस द्वारा कलेक्टर ऑफिस गुना की फेसबुक वॉल पर जारी किए गए दो वीडियो पर आपत्ति जताते हुए इसे एक पार्टी विशेष एवं नेता का प्रचार प्रसार बताया। सरकारी आईडी से इस तरह का वीडियो जारी होने का नपा नेता प्रतिपक्ष शेखर वशिष्ठ ने निंदा करते हुए कार्रवाई करने की मांग की। इस संबंध में उन्होंने कलेक्टर को आवेदन भी दिया। श्री वशिष्ठ के अनुसार 4 अगस्त 23 को कलेक्टर ऑफिस गुना की फेसबुक वॉल पर दो तरह के भिन्न-भिन्न वीडियो क्लिप चलाई जा रही हैं। जिस पर कांग्रेस को आपत्ति है। वीडियो में शासन की योजना की आड़ में राजनीतिक दल की विशेष उपलब्धि एवं प्रचार प्रचार किया जा रहा है। उपरोक्त दोनों वीडियो फेसबुक पर वायरल हो रहे हैं।

कलेक्टर के अधीन पीआरओ विभाग से यह वीडियो रिलीज हुए हैं। श्री वशिष्ठ के अनुसार निश्चित तौर पर इन वीडियो में राजनीतिक दल की उपलब्धि हेतु उल्लेख किया गया है। राजनेताओं के नाम विशेष का उल्लेख के साथ जनता के समक्ष राजनीतिक दल भाजपा के पक्ष में सीधे तौर पर प्रसारित किया है। वह भी कलेक्टर ऑफिस की फेसबुक आईडी से। जिसमें निश्चित तौर पर राजनीतिक पक्षपात है। श्री वशिष्ठ के अनुसार जिला कलेक्टर का पद सर्वोच्य संवैधानिक ओहदा के दायरे में आता है। जिससे किसी तरह की पक्षपात भावना सर्वथा अनुचित है। नेता प्रतिपक्ष ने कलेक्टर को आवेदन के साथ वीडियो की सीडी देकर मामले की जांच कराकर संबंधित पर कार्रवाई की मांग की।

### बीवॉक के छात्रों की नहीं हो रही समय पर परीक्षाएं

**गुना, देशबन्धु।** दिव्यांश महाविद्यालय बीवॉक चौथे एवं छठवें सेमेस्टर के नियमित छात्रों की अभी तक परीक्षाएं नहीं हुई है। जबकि उनके परीक्षा फॉर्म अप्रैल में भरे गए थे। छात्रों के अनुसार उनकी परीक्षाएं जून में होना थी। लेकिन अभी तक परीक्षाएं समय पर नहीं होने के कारण उनका कॅरियर खराब हो रहा है। इस संबंध में छात्रों ने कलेक्टर को दिए आवेदन में बताया कि वह बीवॉक चौथे एवं छठवें सेमेस्टर के डेयरी साइंस एवं पेस्टी साईड के छात्र हैं। उनकी परीक्षाएं पहले जून में और अब 7 जुलाई से होना थी। लेकिन उन्हें बिना कोई कारण बताएं निरस्त कर दिया गया। ऐसे में उनका भविष्य खराब हो रहा है। कलेक्टर को दिए आवेदन में छात्रों ने समय पर परीक्षाएं कराने की मांग की है।

## हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग, करणी सेना ने दिया धरना



**गुना, देशबन्धु।** जामनेर थानांतर्गत ग्राम खेजड़ा निवासी राजपूत समाज के व्यक्ति की हत्या मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर नाराज करणी सेना और राजपूत समाज मंगलवार को एसपी ऑफिस के बाहर धरने पर बैठ गए। इसके पूर्व सोमवार को उन्होंने पुलिस के ढुलमुल रवैया से नाराज होकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान यहां भी करणी सेना के कार्यकर्ता पुलिस के रवैया से खिलाफ कलेक्ट्रेट में ही धरने पर बैठ गए थे। ज्ञापन में दरअसल राजपूत समाज के जितेन्द्र सिंह सिसौदिया निवासी खेजड़ा के पिता स्व. प्रहलाद सिंह सिसौदिया का विगत 5 अप्रैल को आरोपी दिलीप मीना, गोपाल मीना, रामसेवक मीना आदि ने कुल्हाड़ी मार कर हत्या कर दी थी। जिस पर जामनेर में धारा 302, 34 भादिव के तहत प्रकरण दर्ज हुआ था। इस मामले में आज दिनांक तक आरोपीगणों को पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया है।

आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। वहीं पुलिस द्वारा एक्सीडेंट का केस बताकर 304 ए में उक्त प्रकरण को परिवर्तित कर आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है। सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर समाजबंधुओं ने मामले की जांच सीआईडी से कराकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की थी। लेकिन मामले में कार्रवाई नहीं होते देख करणी सेना और राजपूत समाज के लोग मंगलवार को अनिश्चितकालीन धरने में बैठ गए। जिसमें उन्होंने हत्यारोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।

### शिव पार्वती, राम जानकी, राधा कृष्ण में कोई भेद नहीं : पं मोहितराम

**सीहोर, देशबन्धु।** हमारे शास्त्रों में हमारे देवी देवताओं को एक समान करके पूजा गया है नारी पुरुष का कोई भेद नहीं है, उसे बाबा महाकाल की कथा जिसकी शरण में आ जाने से हो जाता है काल मृत्यु का भय समाप्त हो उसी को बाबा महाकाल कहते हैं कालों के काल भगवान महाकाल की शरण ग्रहण कर जीव मृत्यु भय से छूट जाता है। यह बात आज कथा व्यास क्रांतिकारी संत पंडित मोहितराम पाठक ने शिव महापुराण कथा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि हमारी भक्ति इतनी अटल होना चाहिए कि भगवान हमारे हृदय रूपी शिवालय में प्रकट हो जाएं आज की कथा में जीतू भैया मित्तल, विनोद भैया, अंकित भैया, अमित जोशी सहित बड़ी संख्या में माता बहनें श्रोता जन पधार रहे हैं। आयोजनकर्ता मंदिर समिति सतवास ने समस्त क्षेत्रवासियों से चल रही सप्त दिवसीय श्रावण शिव महापुराण कथा में शामिल होने की अपील की है।

## शिक्षक लगा रहे दफ्तर के चक्कर नहीं हो पा रहा निराकरण



**सीहोर, देशबन्धु।** माध्यमिक शिक्षक संवर्ग की वरिष्ठता सूची में कई त्रुटियां हैं। जिसमें संशोधन करवाने के लिए शिक्षक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं परंतु उनकी समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है। बताया गया कि कई माध्यमिक शिक्षकों की वरिष्ठता उनके अध्यापक संवर्ग में संविलियन के आदेश दिनांक से निर्धारित की गई है। जिससे उनकी वरिष्ठता प्रभावित हो रही है। पूर्व में शिक्षकों द्वारा वरिष्ठता सूची में संशोधन के संदर्भ में आवेदन भी दिए गए परंतु उसके बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ है । कई माध्यमिक शिक्षकों की शैक्षणिक योग्यता एक से अधिक विषय में होने की स्थिति में केवल एक ही विषय अंकित किया गया है। नियमानुसार स्नातकोत्तर के विषय जिनकी सेवा पुस्तिका में प्रविष्टी है उनको अंकित किया जाना चाहिए। उपरोक्त बिंदुओं और शिक्षकों की वरिष्ठता संबंधी समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन प्रांतीय शिक्षक संघ जिला सीहोर द्वारा दिया गया। जिसमें संशोधन की मांग की गई।

ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष संजय सक्सेना ,प्रांतीय मीडिया प्रभारी प्रदीप नागिया, ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश मेवाड़ा,ज्ञान सिंह मेवाड़ा, गजराज सिंह ठाकुर ,चंदर सिंह वर्मा, जितेंद्र शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, रघुनाथ सिंह मेवाड़ा, महेश अहिरवार, कृष्ण गोपाल त्यागी, विनोद गौर, गजराज ठाकुर, जितेंद्र शर्मा , महेश अहिरवार, नरेश मेवाडा आदि शामिल थे।

### सुख समृद्धि के लिए निकाली पदयात्रा का हुआ स्वागत

**आष्टा, देशबन्धु।** प्रसिद्ध गणेश मंदिर के दर्शन कर सीवन , पार्वती , पापनाशिनी नदी के पवित्र जल से संकल्प लेकर महाकाल उज्जैन की पदयात्रा समाज सेवी द्वय आशीष गेहलोत , ईश्वर सिंह चौहान की अगुवाई में लगभग 1 दर्जन सह यात्रियों का पापनाशिनी नदी तट पर बसे ग्राम किलेरामा में प्रभु प्रेमी संघ द्वारा पुष्पमाला सम्मान दुपट्टा पहनाकर प्रभु प्रेमी संघ के संयोजक कैलाश परमार महासचिव प्रदीप प्रगति पार्वती गोशाला के अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह प्रभु प्रेमी संघ के सदस्य सुभाष नामदेव अनिल धनगर शुभम शर्मा लोकेन्द्र परमार आदि द्वारा किया गया । पदयात्रियों ने हर हर महादेव के गगन भेदी जय घोष करते हुए कहा कि पवित्र श्रावण माह में हम सब का एक ही ध्येय है कि हर व्यक्ति को अपने अपने जीवन मे खुशहाली प्राप्त हो। पदयात्री गण के मुखिया आशीष गेहलोत ने कहा कि आष्टा की भूमि जैन सन्तो सनातन धर्म के संतों के लगातार शुभ आगमन से ही अति पावन कहलाती है।

## नगर हमारे घर जैसा है, इसे साफ-सुथरा रखना हमारा कर्तव्य : सीएमओ




**आष्टा, देशबन्धु।** स्वच्छता हमारे स्वस्थ जीवन का एक अभिन्न हिस्सा है और बिना स्वच्छता के जीवन शायद मुमकिन ही नहीं। क्योंकि गंदगी कीटाणुओं का घर होता है और जो विभिन्न प्रकार की बीमारियों को जन्म देता है। हमारा नगर हमारे घर जैसा है और जैसे हम अपने घर को साफ रखते हैं वैसे ही हमें अपने नगर के बारे में भी सोचना चाहिए। यह विचार नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य में नपा के सभाकक्ष में आयोजित सफाई मित्रों को गणवेश वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना ने व्यक्त किए। सीएमओ श्री सक्सेना ने कहा कि किसी भी सुंदर व विकसित शहर की पहचान में सबसे अहम भूमिका हमारे सफाई सैनिकों की कार्यकुशलता से ही संभव है। हमारे जीवन में शारीरिक, मानसिक विचारों कि शुद्धि जितनी आवश्यक है उतनी ही आवश्यक है हमारे आस-पास की सफाई। नगरपालिका द्वारा लगभग सभी सफाई मित्रों को आज गणवेश दी गई है। श्री सक्सेना ने सफाई मित्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सफाई मित्र अपने दायित्व का लगन ईमानदारी के साथ निर्वाह करते हुए स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम को सफल बनाएं।

सीएमओ श्री सक्सेना ने बताया कि अब नगर में रात्रिकालीन सफाई का कार्य आज से ही रात्रि 8 बजे से नगरपालिका कार्यालय से किया जाएगा जो निरंतर रहेगा। इस अवसर पर पार्षदगण डॉ. सलीम, रवि शर्मा, तेजसिंह राठौर, तारा कटारिया, आरिस अली, मेहमूद अंसारी, स्वच्छता प्रभारी मनोहरसिंह जावरिया, स्वच्छता पर्यवेक्षक विनोद सांगते, जमादार अमरदीप सांगते, पप्पू खरे, राजेश घेंघट, कमल सांगते, विनोद रतिराम सहित अन्य नपा कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में सफाई मित्र मौजूद थे।

## प्रदेश व्यापी पौध-रोपण महा अभियान 13 से 15 अगस्त तक

**शिवपुरी, देशबन्धु।** राज्य शासन द्वारा अंकुर कार्यक्रम में 13 से 15 अगस्त 2023 तक प्रदेश व्यापी महा पौध-रोपण अभियान चलाया जायेगा। नागरिकों, समुदायों, शासकीय विभागों और स्वैच्छिक संगठनों के सहयोग से होने वाले अभियान के लिये प्रमुख सचिव पर्यावरण श्री गुलशन बामरा ने सभी संभागायुक्त और जिला कलेक्टर्स को दिशा निर्देश जारी कर दिये गये हैं।

**अंकुर उपवन चिन्हित करें :** कलेक्टरों से कहा गया है कि आम जन की सुविधा के लिये सभी शहरों और गाँवों में पौध-रोपण के लिये स्थल अंकुर उपवन चिन्हित करें और अन्य आवश्यक सुविधायें सुनिश्चित करें। जिलों के अशासकीय, समुदाय आधारित और निजी संगठनों को अभियान से जोड़ते हुये उनके परिसर एवं अन्य उचित स्थलों पर पौध-रोपण का भी कार्य किया जा सकता है।

**कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित होगी समिति :** पूर्व महा अभियान की तर्ज पर प्रत्येक जिले में कलेक्टर की अध्यक्षता में सभी स्टेक होल्डर को शामिल करते हुए जिला स्तरीय समिति का गठन किया जायेगा। समिति 13 से 15 अगस्त तक पौध-रोपण अभियान का सतत समन्वय, अनुश्रवण और मॉनिटरिंग करने के साथ अंकुर कार्यक्रम की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा करेगी।

**शासकीय कार्यालय और प्रतिष्ठान परिसर में भी होगा पौध-रोपण :** प्रदेश के सभी शासकीय कार्यालय भवन, सार्वजनिक उपक्रम, औद्योगिक संस्थान, निगम-मंडल कार्यालयों के प्रांगण, स्कूल, कॉलेज, ऑगनवाड़ी, छात्रावास, पंचायत परिसर आदि में भी पौध-रोपण किया जायेगा।

**पौधों की व्यवस्था :** पौधों की व्यवस्था संबंधित व्यक्ति या संस्था द्वारा की जायेगी। वन, उद्यानिकी और कृषि विभाग की नर्सरी में उपलब्ध पौधों का उपयोग प्रचलित नियमानुसार किया जायेगा। रोपित पौधों की सुरक्षा, सिंचाई और देखभाल की जिम्मेदारी पौध-रोपण करने वाले व्यक्ति,संगठन या शासकीय संस्था की होगी।

**पौध-रोपण का पंजीयन वायुदूत-अंकुर एप पर :** अभियान से जुडने वाले प्रत्येक व्यक्ति को पौध-रोपण का पंजीयन अंकुर कार्यक्रम के वायुदूत-अंकुर एप पर करना होगा।

# कार्य में लापरवाही बरतने पर 15 अधिकारियों कर्मचारियों को थमाया कारण बताओ नोटिस

**शिवपुरी, देशबन्धु।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.पवन जैन द्वारा अनमोल पोर्टल पर गर्भवती पंजीयन की एंट्री की लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि निराशाजनक पाए जाने तथा मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम में लापरवाही बरतने पर जिले के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के 5 प्रमुख खण्ड चिकित्सा अधिकारी, 3 चिकित्सा अधिकारी एवं 7 स्वास्थ्य कर्मियों के विरूद्ध कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए जाने की कार्यवाही की है।

जिले के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के 5 प्रमुख खण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं 3 चिकित्सा अधिकारियों को जारी कारण बताओ सूचना पत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिछोर के प्रमुख खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ.अमर सिंह जनौरिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बदरवास के प्रमुख खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ.राजेश गुप्ता, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नरवर के प्रमुख खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ.एल.डी.शर्मा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खनियाधाना के प्रमुख खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ.रोहित भदकारिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोलारस के प्रमुख खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ.सुनील खण्डोलिया, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दिनारा के चिकित्सा अधिकारी डॉ.अरविंद अग्रवाल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पोहरी के चिकित्सा अधिकारी डॉ.शिवप्रताप अग्रवाल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बैराड़ के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ.नरेन्द्र वर्मा शामिल है।

इसी प्रकार जिले के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के 7 स्वास्थ्य कर्मियों को जारी कारण बताओ सूचना पत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिछोर के विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक पुष्पेन्द्र राय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बदरवास के विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक सुमन बड़ोले, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नरवर के प्रभारी विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक अजयकांत गहलोद, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खनियांधाना के प्रभारी विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक डॉ.नारायण बमनिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोलारस के प्रभारी विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक रजनीश श्रीवास्तव, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करैरा के विकासखण्ड कम्यूनिटी मोबिलाइजर अवधेश गौरैया एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करैरा के विकासखण्ड कम्यूनिटी मोबिलाइजर दुर्गादास धनौलिया शामिल है।

उक्त संबंध में संबंधित चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी 3 दिवस में कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जवाब प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

प्राथमिक शिक्षक के 51 हजार पदों पर भर्ती की मांग को लेकर

# चयनित अभ्यर्थियों ने मुंडन करवाकर दर्ज कराया विरोध

**भोपाल, देशबन्धु।** प्राथमिक शिक्षक भर्ती 2020 में पदवृद्धि की मांग को लेकर चयनित अभ्यर्थी लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) के सामने पिछले दो महीने से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। भूख हड़ताल, आमरण अनशन कर चुके इन चयनित अभ्यर्थियों ने मंगलवार को डीपीआई के सामने सामूहिक रूप से मुंडन करवाया। इस दौरान 10 चयनित महिला अभ्यर्थियों ने अपनी चोटियां कटवाकर एवं 11 पुरुष चयनित अभ्यर्थियों ने सिर मुंडवाकर अपना विरोध दर्ज कराया। इसके साथ ही दो घंटे तक प्रदर्शन किया। चयनित अभ्यर्थी मंगल सिंह व राजाराम राजपाली ने बताया कि पदवृद्धि के लिए प्रारंभ की गई क्रांति मांगें नहीं माने जाने तक जारी रहेगी। इसी कड़ी में मंगलवार को चयनित महिला शिक्षिकाओं में रहनुमा शेख, अनामिका डांगी, ममता मांझी, शिखा शर्मा, नेहा राठौर,शांति यादव, वंदना महावर, सीमा मालवीय, अनिता लोधी,मीरा आदि ने चोटियां कटवाई। वहीं चयनित शिक्षक कमलेंद्र सिंह, बनवारी लोधी,वीरपाल,संजय, विजेंद्र कुमार, मुकेश लोधी, जितेंद्र अहिरवार आदि ने मुंडन कराया। वहीं चयनित महिला अभ्यर्थियों ने चोटियां कटवाते हुए मुख्यमंत्री से निवेदन किया कि प्राथमिक शिक्षक के 51 हजार पदों पर भर्ती कर नियुक्ति प्रदान करते हुए उनके साथ न्याय करें।



### यह है प्रमुख मांगे

प्राथमिक शिक्षक भर्ती 2020 में पूर्व में दिए गए पदों के अतिरिक्त शेष पदों पर रोस्टर जारी करके 51 हजार पदों की मांग को पूरा किया जाए। पदोन्नति एवं सेवानिवृत्त से रिक्त होने वाले प्राथमिक शिक्षकों के पदों को प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा 2020 के उत्तीर्ण अभ्यर्थियों से भरा जाए।

# मानसून की गतिविधियां सुस्त, बने रहेंगे आंशिक बादल

## कहीं-कहीं पड़ सकती हैं छिटपुट बौछारें

**भोपाल, देशबन्धु।** *वर्तमान में मध्य प्रदेश के मौसम को प्रभावित करने वाला कोई भी मौसमी सिस्टम सक्रिय नहीं है। इस वजह से मानसून की गतिविधियों में कमी आने लगी है। हालांकि वातावरण में बड़े पैमाने में नमी रहने के कारण आंशिक बादल बने रहेंगे और कहीं-कहीं छिटपुट बौछारें पड़ सकती हैं । मौसम विज्ञानियों के मुताबिक 15 अगस्त तक मौसम का मिजाज इसी तरह बना रह सकता है।*

*मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक बिहार के पास हवा के ऊपरी भाग में बना चक्रवात काफी कमजोर पड़ने के साथ बांग्लादेश की तरफ चला गया है। मानसून द्रोणिका भी हिमालय की तलहटी में पहुंच गई है। हालांकि पाकिस्तान और उससे लगे जम्मू कश्मीर पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात मौजूद है। इसके साथ ही गुजरात और उसके आसपास भी हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। लेकिन वर्तमान में मध्य प्रदेश के मौसम को प्रभावित करने वाला कोई भी मौसमी सिस्टम सक्रिय नहीं है। इस वजह से प्रदेश में मानसून की गतिविधियों में कमी आने लगी है। कहीं-कहीं हल्की धूप निकलने लगी है। इससे दिन के तापमान में भी बढ़ोतरी होगी। अभी 15 अगस्त तक मौसम का मिजाज इसी तरह बना रह सकता है। हालांकि तापमान बढ़ने की स्थिति में कहीं-कहीं हल्की बौछारें भी पड़ सकती हैं। उधर पिछले 24 घंटों के दौरान पचमढ़ी में 0.8, सागर में 0.3, इंदौर में 0.2 मिलीमीटर वर्षा हुई। वहीं उज्जैन, जबलपुर में बूंदाबांदी हुई।*



## पुरस्कार के आवेदन 11 अगस्त तक आमंत्रित

**भोपाल, देशबन्धु।** माटी शिल्पियों को वर्ष 2021-22 एवं 22-23 के लिए राज्य स्तरीय पुरूस्कार प्रदान किया जाना है। प्रथम पुरूस्कार एक लाख रुपये, द्वितीय पुरूस्कार 50 हजार और तृतीय पुरूस्कार 25 हजार रुपये का होगा। इसके लिए जिले के माटी शिल्पियों से प्रथक-प्रथक आवेदन 11 अगस्त तक कलाकृति सहित जिला अधिकारी माटीकलां बोर्ड कार्यालय में जमा किये जा सकते है।

# एक माह में तैयार करें मॉडल हाउसः नोबल

**भोपाल, देशबन्धु।** नगर निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए. ने भौंरी क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवासीय परियोजना में प्रस्तावित स्थलों व प्रचलित कार्यों का निरीक्षण किया और प्रचलित व प्रस्तावित कार्यों के संबंध में अधिकारियों से विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की।

निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए. ने मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत भौंरी में प्रस्तावित आवासीय परियोजना स्थल का निरीक्षण करते हुए परियोजना के प्रचलित कार्यों की गति बढ़ाने के साथ ही गुणवत्ता बनाये रखने के निर्देष दिए। निगम आयुक्त ने हितग्राहियों के अवलोकन हेतु भौंरी आवासीय परियोजना स्थल पर एक माह की अवधि में मॉडल हाउस तैयार करने तथा आवागमन की सुविधा हेतु सड़क निर्माण करने के निर्देश दिए। श्री नोबल ने परियोजना के लेआउट प्लान का अवलोकन किया और परियोजना की प्रत्येक प्रचलित और प्रस्तावित कार्य के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त को अवगत कराया गया कि भौंरी परियोजना अंतर्गत जी 3 पेटर्न पर ईडब्ल्यूएस आवासों के 36 ब्लाक प्रस्तावित हैं जिनमें 1 हजार 8 स्लम एवं ईडब्ल्यूएस आवासों के साथ ही 331 एलआईजी डुप्लेक्स आवासों का निर्माण किया जा रहा है। अगले चरण में परियोजना स्थल पर और भूखण्ड विकसित किया जाना भी प्रस्तावित है। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, मुख्य अभियंता आर.के.सक्सेना सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे।



# कलेक्टर ने बीमार और जरूरतमंदों को दी आर्थिक सहायता

**भोपाल, देशबन्धु।** कलेक्टर आशीष सिंह ने मंगलवार को जनसुनवाई में 150 से अधिक आवेदनों पर सुनवाई कर संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने अति? गंभीर बीमारी के चलते अलग-अलग 14 प्रकरणों में रेडक्रॉस मद से एक लाख 40 हजार की आर्थिक मदद तत्काल स्वीकृत की।

कलेक्टर आशीष सिंह ने जनसुनवाई में 90 प्रतिशत से अधिक लकवाग्रस्त पीड़ित के पुत्र इन्जमाम उल हक को इलाज के लिए 25 हजार रूपए, अति गंभीर बीमारी से ग्रासित शुभम कुमार गौर को इलाज के लिए 25 हजार रूपए, मजदूर संजय कुमार का बारिश में मकान गिर जाने पर मकान पर बकाया टैक्स जमा करने के लिए 5 हजार रूपए, रीढ़ की हड्डी की बीमारी पीड़ित, चलने फिरने में असमर्थ दीपक उपाध्याय के बच्चों की फीस के लिए 5 हजार रूपए, बीपीएल कार्डधारी खेजड़ा बरामद तहसील हुजूर निवासी बद्री प्रसाद को इलाज के लिए 5 हजार रूपए, दिव्यांग दयाराम जाटव को 8 हजार रूपए, दिव्यांग एवं मजदूर छोला रोड निवासी कमल चंद्र मौर्य को झुग्गी की मरम्मत के लिए 5 हजार रूपए सहित अन्य प्रकरणों में कुल मिलाकर एक लाख 40 हजार से अधिक राशि की आर्थिक सहायता प्रदान की हैं। जनसुनवाई में लगभग 150 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों को निराकरण के संबंध में आवेदकों को भी सूचना देने के लिए भी निर्देश दिए गए।




# व्यापारी से 5 लाख की ठगी

**भोपाल, देशबन्धु।** कोतवाली थाना पुलिस ने एक व्यापारी की शिकायत पर एक किसान के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। बताया गया है कि किसान ने जमीन के नाम पर अनुबंध कर व्यापारी से पांच लाख रुपये ले लिए थे। उसके बाद जमीन का सौदा किसी और के साथ कर लिया था। फिलहाल इस मामले में अभी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

कोतवाली थाने के एसआइ नीलेश पटेल ने बताया कि लखेरापुरा में रहने वाले 24 वर्षीय सजल पुत्र संजय जैन व्यापारी हैं। उनका ई-बाइक का शोरूम है। सजय का परिचय ग्राम झरखेड़ा, जिला सीहोर के रहने वाले राहुल पुत्र राधेश्याम अहरिवार से है। दोनों के पिता भी एक-दूसरे के पुराने परिचित हैं। सजल ने वर्ष 2019 में राहुल से जमीन खरीदने की बात की थी। 31 अक्टूबर 2019 को उनके बीच 11 लाख 20 हजार रुपये में साढ़े चार एकड़ जमीन का खरीदने का अनुबंध हुआ था। तब सजल ने तीन लाख रुपये आनलाइन और दो लाख रुपये नकद राहुल को दे दिए थे। शेष राशि रजिस्ट्री के समय देने की बात हुई थी। इस बीच वर्ष 2022 में सजल को पता चला कि राहुल ने उसी जमीन का सौदा किसी और के साथ कर लिया है। लिहाजा सजल ने राहुल से अपने रुपये वापस मांगे तो वह आनाकानी करने लगा। इस पर सजल ने मामले की शिकायत थाने में की थी। शिकायत की जांच के बाद राहुल अहिरवार के खिलाफ धोखा धड़ी का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# शातिर बदमाशों से मिले अवैध हथियार

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी की क्राइम ब्रांच ने अवैध हथियार के साथ तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों के पास एक कट्टा, छुरी और दो जिंदा कारतूस बरामद किए है।प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस आयुक्त् हरिनारायणाचारी मिश्र ने क्राइम ब्रांच को शहर अवैध हथियारों को लेकर चलने वाले लोगों की गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद क्राइम ब्रांच लगातार कार्रवाई कर रही थी। इसी कड़ी में क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि तीन संदिग्ध को पुराना रेलवे स्टेशन भोपाल के पास हथियार के साथ देखा गया था। इस पर क्राइम ब्रांच पुलिस मौके पर पहुंचकर तीनों आरोपितों को हिरासत में लेकर थाने लाया गया। जहां पर उनकी पहचान जिंसी जहांगीराबाद निवासी 27 वर्षीय नदीम उर्फ जिन्सी, काजीकैंप बैरसिया रोड निवासी दानिश उर्फ मुद्दई और काजीकेम्प निवासी 26 वर्षीय फैज अली के रुप में हुई। इनकी नदीम की तलाशी लेने पर उसके पास से पुलिस को देशी कट्टा बरामद हुआ। वहीं बाकी दोनों आरोपियों के पास छुरी और दो जिंदा कारतूस मिले। बताया गया है कि तीनों आरोपियों का शहर के अधिकांश थानों में आपराधिक रिकार्ड है। वहीं नदीम कई थानों में दर्ज अपराधों में फरार चल रहा था।



# संपत्तिकर जमा न करने पर के.के. इंटरप्राइजेज की संपत्ति कुर्क

**भोपाल, देशबन्धु।** नगर निगम द्वारा जहां एक ओर 31 अगस्त तक वर्ष 2023-24 के संपत्तिकर में 6 प्रतिशत की विशेष छूट भी दी जा रही है वहींकरों का भुगतान न करने वाले बकायादारों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही भी की जा रही है। बकायादारों के विरूद्ध कार्यवाही के क्रम में निगम अमले ने मंगलवार को जोन क्र. 10 के अंतर्गत वार्ड क्र. 45 के एम.पी.नगर जोन-2 स्थित के.के. इंटरप्राइजेज के विरूद्ध कुर्की की कार्यवाही की। के.के. इंटरप्राइजेज पर संपत्तिकर के 9 लाख 28 हजार 455 रूपये बकाया हैं जिसकी वसूली हेतु निगम द्वारा विधिवत देयक व नोटिस आदि संबंधित बकायादार को जारी किये परंतु उक्त बकायादार द्वारा कोई राशि जमा नहीं कराई गई जिस पर निगम अमले ने कुर्की की कार्यवाही की। उक्त कार्यवाही जोनल अधिकारी शैलेष चौहान व वार्ड प्रभारी अंशुल नामदेव व अन्य राजस्व अमले द्वारा की गई।

# रोटरेक्ट डिस्टिक का अधिष्ठापन समारोह संपन्न



**भोपाल, देशबन्धु।** रोटरेक्ट डिस्टिक 3040 का अधिष्ठापन समारोह भोपाल में संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रितु ग्रोवर, उपस्थित थी। इस अधिष्ठापन समारोह में संपूर्ण मध्य प्रदेश के विभिन्न रोटरेक्ट क्लब के प्रतिनिधि शामिल हुए। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने सभी काउंसिल मेंबर को किट प्रदान की गई व प्रेसिडेंट सेक्रेटरी की पिनिंग की गई। इस मौके पर कैलेंडर का विमोचन भी किया गया । रोटरी वर्ष 2023-24 के विभिन्न प्रोजेक्ट व कार्यकारिणी रूपरेखा में विस्तृत चर्चा की गई । सभी अतिथियों ने खुद को सामाजिक लक्ष्यों के साथ जोड़कर आगे बढ़ने पर उद्बोधन दिया। इस मौके पर समाजसेविका अभिलाषा गर्ग को उनके समाज सेवा कार्यों के लिए व जुलाई के बेस्ट रोटरेक्टर के खिताब से यश्वनी चौधरी को सम्मानित किया। वहीं मंडल अध्यक्ष अमन खान ने अपने 36 काउंसिल सदस्यों के साथ शपथ ली एवं पदभार ग्रहण किया

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का शुभारंभ आज

## ग्रामीण क्षेत्रों एवं नगरीय वार्डों में निकाली जाएंगी अमृत कलश यात्राएं

**भोपाल, देशबन्धु।** आजादी के अमृत महोत्सव के समापन अवसर पर मेरी माटी मेरा देश अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत 9 से 30 अगस्त तक विभिन्न गतिविधियां संचालित होंगी।

मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का शुभारंभ 9 अगस्त को किया जाएगा। इस दौरान सभी ग्राम पंचायतों में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा एवं विकासखंड स्तर एवं नगरीय वार्डों में अमृत कलश यात्राएं निकाली जाएंगी। इस यात्रा में प्रत्येक ग्राम से ग्राम पंचायत स्तर पर मिट्टी को एकत्रित किया जाएगा। ग्राम पंचायत से मिट्टी को विकासखंड स्तर पर इकट्ठा कर अमृत कलश में भरा जाएगा। हर एक विकासखंड से युवा अपने साथ यह अमृत कलश लेकर दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। शहरी क्षेत्रों में आयोजित अमृत कलश यात्रा में सभी वार्डों से नगरीय निकाय स्तर पर मिट्टी को एकत्र किया जाएगा। नगरीय निकाय से मिट्टी को जिला स्तर पर इकट्ठा कर अमृत कलश में भरा जाएगा। हर एक जिला स्थल से युवा अपने साथ यह अमृत कलश लेकर दिल्ली मैं आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान संचालित किया जाएगा। शहरी स्तर पर 16 से 20 अगस्त तक तथा 16 से 25 अगस्त तक राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 27 और 28 अगस्त को सभी विकासखंडों से युवा अमृत कलश के साथ मुख्य कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्य कार्यक्रम में 29 और 30 अगस्त को कर्तव्य पथ पर अमृत वाटिका का निर्माण कर कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। कलेक्टर आशीष सिंह ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है।

### प्रत्येक पंचायत में की जाएगी स्मारक शिलालेख की स्थापना

मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत प्रत्येक पंचायत में स्मारक शिलालेख की स्थापना की जाएगी। स्मारक स्थल पर पंच प्राण की शपथ के उपरांत सेल्फी को पोर्टलपर अपलोड किया जाएगा। कार्यक्रम में वसुधा वंदन के तहत अमृत सरोवरों के आसपास, पंचायत कार्यालय, विद्यालय-महाविद्यालय सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर 75 पौधे लगाए जाएंगे?। इसी प्रकार वीरों का वंदन के तहत कर्तव्य पर रहते हुए अपने जीवन का बलिदान देने वाले स्थानीय वीरो तथा वीरांगनाओं का स्मरण एवं सम्मान किया जाएगा। साथ ही स्वतंत्रता सेनानियों, सेवानिवृत्त रक्षा, सीआरपीएफ और राज्य पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा।


**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**

**आम सूचना**

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कटारा हिल्स भोपाल में स्थित भवन क्रमांक - एम.आई.जी. डिलक्स - बी 452 मंडल द्वारा श्री राजेश गोदारा आत्मज श्री राम प्रताप गोदारा एवं श्रीमति आभा गोदारा पति श्री राजेश गोदारा के नाम हस्तांतरित है। इनके द्वारा क्रेता श्री कमल सिंह राठौड आत्मज श्री किशन सिंह राठौड एवं श्रीमति दुर्गेश कंवर पति श्री कमल सिंह राठौड के नाम रजिस्ट्री पंजीयन कार्यालय में दिनांक 01.08.2023 को पंजीकृत कराकर श्री राजेश गोदारा आत्मज श्री राम प्रताप गोदारा एवं श्रीमति आभा गोदारा पति श्री राजेश गोदारा एवं श्री कमल सिंह राठौड आत्मज श्री किशन सिंह राठौड एवं श्रीमति दुर्गेश कंवर सिंह राठौड पति श्री कमल सिंह राठौड द्वारा आवेदन-पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र, परिचय-पत्र एवं विक्रय-पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त भवन श्री कमल सिंह राठौड आत्मज श्री किशन सिंह राठौड एवं श्रीमति दुर्गेश कंवर पति श्री कमल सिंह राठौड के नाम हस्तांतरण करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है।

यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी एवं संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अंदर आपत्ति सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**

**न्यायालय-आयुक्त कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम श्रम न्यायालय बैतूल**

प्रकरण क्रं. 16/2023 डब्ल्यु सी एक्ट फैटल विविध

**सूचना-पत्र**

सर्व संबंधित को इस सूचना पत्र के द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रमिक मृतक आकाश पिता भीमराव वागद्रे निवासी जामगांव पो. / थाना - साईखेड़ा जिला बैतूल की दिनांक 14.2.2019 को नियोजक तवा माइन के नियोजन में मृत्यु होने के कारण नियोजक/बीमा कंपनी द्वारा क्षतिधन राशि रूपये **14,84,948/-** शब्दों में **चौदह लाख चौरासी हजार नौ सौ अड़तालीस** मात्र जमा किया गया है ।

उक्त क्षतिपूर्ति धनराशि आबंटन बाबत् कार्यवाही हेतू श्रवण तिथि **25.09.2023** नियत की जाकर सूचित किया जाता है कि स्वयं को जो कर्मकार प्रतिकर अधिनियम के तहत उक्त मृतक का आश्रित व उनकी मृत्यु के एवज में इस न्यायालय में जमा क्षतिधान पाने का अधिकारी समझता हो तो, अपने साथ दो-दो अभिप्रमाणित फोटो, दो गवाह, राशन कार्ड व सेंविंग खाता बैंक पासबुक की मूल व फोटो प्रति साथ लावे तथा आवेदन के साथ नियत पेशी तिथि **25.09.2023** को प्रातः 11 बजे प्रस्तुत करें ।

प्रकरण में जमा क्षतिधन आबंटित ना करने बाबत् स्थगन प्राप्त हो या किसी प्रकार से आपत्ति हो तो भी उक्त तिथि को पेश करें । उक्त श्रवण तिथि व्यतीत होने के पश्चात् किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 20.7.2023 को न्यायालय की मुद्रा एवं हमारे हस्ताक्षर द्वारा जारी किया गया।

**शिवकुमार डावर**
**आयुक्त कर्मकार प्रतिकर अधिनियम बैतूल**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं मो. कैफ पटेल पिता मो. सलीम पटेल निवासी गणेश वार्ड का नाम पहले पासपोर्ट में मोहम्मद कैफ पटेल लिखा है। जबकि आधार, जन्म प्रमाण पत्र और बैंक पासबुक में मो. कैफ पटेल अंकित है। दोनों ही नाम एक है। अब मुझे मेरा वास्तविक नाम मो. कैफ पटेल पिता मो. सलीम पटेल के नाम से जाना पहचाना जाए। सर्व साधारण को सूचना।

**मो. कैफ पिता सलीम पटेल**
**गणेश वार्ड, सिविल लाईन**
**बैतूल मो. 9425004351**

**भोपाल विकास प्राधिकरण**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की अन्नपूर्णा कॉम्पलेक्स योजना में स्थित दुकान क्रं. 17, श्रीमती निहारिका बोहरे पत्नी श्री अतुल कुमार बोहरे के नाम पर आवंटित है। आवंटी श्रीमती निहारिका बोहरे का स्वर्गवास दि. 16.04.2021 को हो जाने के कारण उनका पुत्र श्री नमन बोहरे पुत्र श्री अतुल बोहरे के द्वारा आवेदन पत्र के साथ मृत्यु प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र, एवं वसीयत के आधार पर उक्त दुकान का नामांतरण अपने नाम पर चाहा है। यदि उक्त के संबंध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजों के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा/ आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**राजस्व अधिकारी**
**भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**

**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**

**आम सूचना**

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी अरविंद विहार बागमुगलिया भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक- एच. - 3/140 मंडल द्वारा श्रीमति प्रभा पांडे पति स्व. श्री जयेंद्र प्रसाद पांडे के नाम नामांतरित है। इनके द्वारा क्रेता डॉ. तरूण कुमार भारद्वाज आत्मज श्री भागीरथ शर्मा के नाम रजिस्ट्री पंजीयन कार्यालय में दिनांक 26.07.2023 को पंजीकृत कराकर श्रीमति प्रभा पांडे पति स्व. श्री जयेंद्र प्रसाद पांडे एंव डॉ. तरूण कुमार भारद्वाज आत्मज श्री भागीरथ शर्मा द्वारा आवेदन-पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र, परिचय-पत्र एवं डॉ. तरूण कुमार भारद्वाज आत्मज श्री भागीरथ शर्मा के नाम विक्रय-पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये डॉ. तरूण कुमार भारद्वाज आत्मज श्री भागीरथ शर्मा के नाम हस्तांतरण करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है।

यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी एवं संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अंदर आपत्ति सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**

देशबन्धु

भोपाल, बुधवार 9 अगस्त 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## मणिपुर को न्याय मिलेगा?

पिछले कुछ माह से उत्तर पूर्वी राज्य मणिपुर में हिंसा और उत्पीड़न के शिकार हुए लोगों के दर्द की अनेक कहानियां सामने आने लगी हैं परन्तु उन्हें न्याय मिलेगा या नहीं, इसके बारे में कोई भी निश्चिंत नहीं है। उसका कारण है केन्द्र व उस राज्य की सरकार की चुप्पी और वहां की स्थिति को छिपाने की निर्लज्ज कोशिशें। मई के पहले हफ्ते में हुई उस घटना के वीडियो वायरल होने के बाद देश-दुनिया में तो भारत की किरकिरी हुई ही, हर भारतीय का सिर शर्म से झुक गया जिसमें दो कुकी महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाते हुए दिखाया गया है। उनमें से एक का सामूहिक बलात्कार भी हुआ। जुलाई में इस घटना के उजागर होने के बाद भी डबल इंजन की सरकार तो चुप रही परन्तु सुप्रीम कोर्ट सामने आया और उसने स्वत: संज्ञान लेकर दोनों ही सरकारों से सवाल किये।

इसके बाद भी सरकारों के मौन रहने के बाद लोगों को इस बात की कोई उम्मीद नहीं थी कि मणिपुर के पीड़ितों को न्याय मिल पायेगा क्योंकि वहां के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को यह कहने में तनिक भी संकोच नहीं हुआ कि 'ऐसी सैकड़ों घटनाएं उनके राज्य में घट रही हैं।' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को वहां के लोगों से मिलकर उनके दुख-दर्द सुनने, उनके घावों पर मरहम लगाने और शांति बहाली की ज़रूरत महसूस तक नहीं हुई। मणिपुर को उसके हाल पर छोड़कर पीएम देश के भीतर चुनावी मोड में बने रहे या विदेश यात्राएं करते रहे।

संसद के मानसूत्र सत्र के ठीक पहले उन्हें इसलिये यह संक्षिप्त बयान देना पड़ गया कि वे मणिपुर की घटनाओं से क्रोध व पीड़ा से भर गये हैं. क्योंकि उसी सुबह सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर दोनों सरकारों को चेतावनी दे दी थी कि अगर वे कुछ नहीं कर सकतीं तो शीर्ष न्यायालय आवश्यक कार्रवाई करेगा। मोदी ने अपनी पीड़ा और क्रोध का इज़हार तो किया लेकिन सरकार क्या कर रही है इसके बारे में वे मौन रहे। संसद के भीतर भी उन्होंने कोई अधिकृत वक्तव्य नहीं दिया। उन्होंने यह भी नहीं बताया कि राज्य सरकार को उनके क्या निर्देश हैं और केन्द्र सरकार इस पर क्या करने जा रही है। कुछ माह पहले ही, यानी हिंसा व साम्प्रदायिक दंगों के दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मणिपुर का दौरा कर आये थे और अधिकारियों की बैठक कर चुके थे। उन्होंने भी देश को वहां की वस्तुस्थिति से अवगत कराना मुनासिब नहीं समझा। जहां तक बीरेन सिंह की बात है, वे तो बता ही चुके थे कि ऐसी घटनाएं बड़े पैमाने पर हुई हैं। अलबत्ता उन्होंने अपने समर्थकों के बीच इस्तीफा देने का नाटक ज़रूर किया था। जो हो, राज्य सरकार और केन्द्र की उदासीनता व मामले को सम्हाल न पाने का दुष्परिणाम यह हुआ कि मणिपुर की हिंसा की आग से समीपवर्ती राज्य मिजोरम व असम के कुछ हिस्से भी झुलसने लग गये हैं। फिर भी भारतीय जनता पार्टी प्रणीत सरकारों के कानों पर जूं तक न रेंगी और भाजपा व उनके नेता कोई ठोस व रचनात्मक पहल करने की बजाय इन घटनाओं का कांग्रेस कनेक्शन ढूंढ़ने में व्यस्त रहे।

मणिपुर की हिंसा तथा वहां बड़े पैमाने पर हो रहे मानवाधिकार उल्लंघन पर धीरे-धीरे बातें सामने आने लगीं। पता चला कि मणिपुर में हिंसा की छह हजार से अधिक घटनाएं हुई हैं और उसके मुकाबले गिरफ्तारियों की संख्या शर्मनाक रूप से काफी कम है जो राज्य सरकार की विफलता और हिंसा को रोकने की इच्छा शक्ति के अभाव को बतलाता है। राज्य व केन्द्र सरकारें चाहे मणिपुर की घटनाओं की गम्भीरता को लेकर संजीदा न रही हों परन्तु सुप्रीम कोर्ट को इसका आभास ज़रूर हो गया है। सोमवार को उसने जांच और कानून के शासन में लोगों का भरोसा लौटाने की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिये। जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट की पूर्व मुख्य न्यायाधीश गीता मित्तल की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। बॉम्बे हाईकोर्ट की पूर्व न्यायाधीश शालिनी जोशी एवं दिल्ली हाईकोर्ट की जस्टिस आशा मेनन अन्य सदस्य होंगी। इन जजों की समिति को राहत शिविरों को भी देखने के लिये कहा गया है। उम्मीद है कि इससे लोगों का कानून के राज में विश्वास लौटेगा और उनकी हिम्मत बंधेगी। यौन प्रताड़ना के 11 मामले सीबीआई को सौंपने के निर्णय पर भी सर्वोच्च अदालत ने मुहर लगाई लेकिन यह भी निर्देश दिये हैं कि इसके लिये हिन्दी भाषी राज्यों से प्रतिनियुक्ति पर उप पुलिस अधीक्षक रैंक के अधिकारी लाए जायें जो जांच की निगरानी करेंगे। इसके साथ ही जिन मामलों को सीबीआई को नहीं सौंपा गया है उनकी जांच 42 विशेष जांच टीमें (एसआईटी) करेंगी। एक छोटे से राज्य में इतनी बड़ी संख्या में एसआईटी का गठन हिंसा की विभीषिका और दायरा बतलाने के लिये काफी है।

दूसरी तरफ मणिपुर में हिंसा व उत्पीड़न रोकने में मिली विफलता के आधार पर ही लोकसभा में मोदी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर मंगलवार को चर्चा शुरु हुई जो गुरुवार तक जारी रहेगी और उसका समापन प्रधानमंत्री मोदी के जवाब के साथ होगा। देखना तो यह है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अलावा मोदी मणिपुर की जनता को न्याय दिलाने के लिये किन उपायों की घोषणा करते हैं; या ऐसा तो नहीं कि वे अब तक के अपने ट्रैक रिकार्ड को कायम रखते हुए इस बेहद संवेदनशील मामले का भी राजनीतिकरण कर उन सभी को निराश करते हैं जो भाजपा की हिंसक व विभाजनकारी नीति के चलते पीड़ा झेल रही मणिपुर की अवाम की तरह ही व्यथित हैं।

# 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' की याद में

■ अरुण कुमार डनायक

जब महात्मा गांधी ने 'अंग्रेजों भारत छोड़ों' का आह्वान किया था तब भारत के राजनैतिक क्षितिज पर कैसा परिदृश्य था, इस पर विचार करना चाहिए। देश में हिन्दू-मुस्लिम तनाव चरम पर था। 'मुस्लिम लीग' ने पाकिस्तान बनाने का ध्येय 1940 के अंत में घोषित कर दिया था। सावरकर के नेतृत्व में हिन्दू कट्टरपंथियों का एक धड़ा, जिसका प्रभाव बंगाल और सिंध में था, 'दो राष्ट्र के सिद्धांत' से सहमत था और 'द्वितीय विश्वयुद्ध' में ब्रिटेन का साथ देने सेना में भर्ती अभियान चला रहा था। संघ का विश्वास गांधीजी के अहिंसक अस्त्रों- सत्याग्रह, उपवास, रचनात्मक कार्यक्रम में नहीं था।

अंग्रेजी हुकूमत ने सितंबर 1939 में 'द्वितीय विश्वयुद्ध' के बादलों के मंडराते ही भारतीय नेताओं से परामर्श किए बगैर देश को युद्ध में शामिल कर दिया था। कांग्रेस इसके खिलाफ थी। वह चाहती थी कि अंग्रेजी हुकूमत युद्ध और शांति के अपने उद्देश्यों को, विशेष रूप से भारत के संदर्भ में स्पष्ट करे। इस पर वायसराय ने गोल-मोल जवाब दिया। कांग्रेस कार्यसमिति इससे संतुष्ट नहीं थी, फिर भी उसने देश के नागरिकों से सविनय अवज्ञा भंग जैसे कदम जल्दबाजी में नहीं उठाने का आग्रह किया।

युद्ध के समय कांग्रेस असमंजस में भी थी। उसकी सहानुभूति ब्रिटेन जैसे 'मित्र राष्ट्रों' के साथ थी और वह युद्ध प्रयत्नों में बाधा नहीं डालना चाहती थी। दूसरी ओर, गांधीजी युद्ध के ही खिलाफ थे। वे अहिंसा के अपने मूल सिद्धांत को त्यागने के लिए तैयार नहीं थे। गांधीजी ब्रिटिश हुकूमत को सशस्त्र और हिंसात्मक युद्ध में व्यवहारिक सहायता देने के पक्ष में नहीं थे, लेकिन वे नैतिक समर्थन देने के पक्ष में थे। आम जनता में अंग्रेजी हुकूमत के प्रति गुस्सा तो था, पर वह सरकार का विरोध करने के मूड में भी नहीं थी।

कांग्रेस और गांधीजी में 'असहयोग आंदोलन' शुरू करने को लेकर भी तीव्र मतभेद थे। कांग्रेस ने गांधीजी की सलाह के विरुद्ध, अंग्रेज हुकूमत से, युद्ध के बाद स्वतंत्रता दिए जाने के आश्वासन पर सशर्त सहयोग का प्रस्ताव रखा, लेकिन जब बात नहीं बनी तो वह पुन: गांधीजी की शरण में मार्गदर्शन के लिये आ गई। गांधीजी ने व्यक्तिगत सत्याग्रह शुरू किया और विनोबा भावे की गिरफ़्तारी 'प्रथम सत्याग्रही' के रूप में 21 अक्टूबर 1940 को हुई। सभी सत्याग्रहियों को सरकार ने गिरफ्तार तो किया, पर जैसे ही जापान ने लड़ाई में हिस्सा लिया और उसकी जीत का सिलसिला शुरू हुआ तो सत्याग्रही जेल से छोड़ दिए गए।

युद्ध-भूमि में जापानी हवाई जहाज भारतीय सीमा के आसपास चेन्नई से बंगाल तक मंडरा रहे थे। यह स्थिति सरकार और कांग्रेस के लिए चिंता का विषय थी। अन्तराष्ट्रीय जगत, खासकर अमेरिका के अखबारों में ब्रिटेन की भारत-नीति की कटु आलोचना हो रही थी। तभी 1942 में ब्रिटिश सरकार ने सर क्रिप्स के नेतृत्व में वार्ताकारों का एक दल भारत में कांग्रेस व मुस्लिम लीग के नेताओं से बातचीत के लिए भेजा। कांग्रेस को 'क्रिप्स मिशन' के प्रस्ताव स्वीकार नहीं थे क्योंकि इसमें भारतीयों को तत्काल उत्तरदायित्व सौंपने को लेकर कोई विचार नहीं था। गांधी जी ने 'क्रिप्स मिशन' को 'दिवालिया बैंक का पोस्ट डेटेड चेक' कहा था।

**यह आंदोलन अपने तात्कालिक उद्देश्यों को प्राप्त करने में सफल हुआ। सरकार ने अत्यधिक बल प्रयोग कर आंदोलन को तो दबा दिया, पर वह जन भावनाओं को दबाने में सफल नहीं हो पाई। इस आन्दोलन से उत्पन्न चेतना के परिणामस्वरूप ही 1946 में जलसेना (नेवी) का विद्रोह हुआ, जिसने भारत में ब्रिटिश शासन पर भयंकर चोट की। इस आन्दोलन तथा कुछ अन्य तत्वों के परिणामस्वरूप ही युद्ध के बाद अमेरिका तथा इंग्लैण्ड में भारत के पक्ष में इतना अधिक लोकमत बना कि इंग्लैण्ड को विवश होकर भारत छोड़ना पड़ा।**

जब जापान तेजी से आगे बढ़ रहा था, अंग्रेज फौज देश की सीमाओं की सुरक्षा कर पाने में असमर्थ थी। सीमावर्ती इलाकों को जबरदस्ती खाली कराया जा रहा था। गांधीजी ने यह महसूस किया कि यदि जापानी सेना भारत में घुस आती है तो अंग्रेजों से त्रस्त जनता उन्हें अपना मुक्तिदाता मान बैठेगी और भारत अंग्रेजों की दासता से मुक्त होकर जापानियों का गुलाम बन जाएगा। गांधीजी के अनुसार अंग्रेजों के पास एक ही सम्मानजनक रास्ता बचा था-वे शांतिपूर्वक भारत को जनता के भरोसे छोड़कर चले जाएं, जनता स्वयं जापानियों से मुकाबला कर लेगी।

ऐसी परिस्थितियों में एक बार फिर कांग्रेस कार्यसमिति सक्रिय हुई और उसकी बैठक 27 अप्रैल 1942 को इलाहाबाद में गांधीजी की अनुपस्थिति में हुई। मीरा बहन की मार्फत गांधीजी द्वारा भेजा गया प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। कांग्रेस कार्यसमिति की 7 जुलाई 1942 को वर्धा में आयोजित बैठक में गांधीजी ने पुन: पूर्ण स्वतंत्रता की मांग को दोहराया और बहुत मुश्किल से कार्यसमिति के सदस्यों को वे 'अंग्रेज भारत छोड़कर चले जाएं' की मांग मनवाने में सफल हुए। कांग्रेस के बड़े नेताओं का मानना था कि अव्वल तो अंग्रेज आसानी से भारत छोड़कर जाने वाले नहीं हैं और इस वक्त अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ सत्याग्रह शुरू करने से भारत 'मित्र राष्ट्रों' की सहानुभूति खो देगा।

गांधीजी अपने अकाट्य तर्कों से नेहरूजी सहित सभी नेताओं को यह समझाने में सफल हुए कि उनके प्रस्ताव से ही साम्राज्यवादी हठधर्मी का, जो भारत को कठिन परिस्थितियों में जापान के हवाले कर देना चाहती है, मुकाबला किया जा सकता है। अंतत: कार्यसमिति ने सर्वसम्मति से एक बार फिर अपने प्रिय नेता महात्मा गांधी का 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। सेवाग्राम में पारित प्रस्ताव के अनुरूप सात व आठ अगस्त को मुंबई में कांग्रेस महासमिति की बैठक हुई। महासमिति ने भारत की स्वतंत्रता को फौरन स्वीकार करने, एशिया तथा अफ्रीका की जनता को साम्राज्यवादी दासता से मुक्त करने, विभिन्न दलों के सहयोग से अस्थायी सरकार की स्थापना आदि प्रस्तावों को मंजूरी दी। गांधीजी ने जनता से 'करो या मरो' का आह्वान किया। दूसरे दिन पौ फटते तक गांधीजी सहित कांग्रेस के सभी प्रमुख नेता गिरफ्तार कर लिए गए।

'भारत छोड़ो आन्दोलन' को कुचल देने में सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी। नेताओं की गिरफ्तारी से जनता में विद्रोह की भावना भड़क उठी, देश भर में लगभग एक सप्ताह तक आम हड़ताल कर सारा कारोबार ठप्प कर दिया गया।

जनता भी नेतृत्वविहीन होने के बावजूद आंदोलन को सक्रियता से चला रही थी। अहिंसक सत्याग्रहियों पर पुलिस ने बहुत जुल्म ढाए, जेल में बंदकर उन्हें यातनाएं दी गई, स्त्रियों के साथ बलात्कार किए गए। महादेव देसाई और कस्तूरबा गांधी की जेल में मृत्यु हो गई। भारत मंत्री ने स्वीकार किया कि चार माह के अंदर ही हजार से ऊपर व्यक्ति पुलिस की गोली का शिकार हुए, लगभग चार हजार लोग पुलिस की मार से गंभीर रूप से घायल हुए।

पुलिस के आतंक ने प्रतिहिंसा को जन्म दिया। बड़े कांग्रेसी नेताओं के गिरफ्तार हो जाने और पुलिसिया आतंक के बावजूद यह आंदोलन डेढ़ वर्ष तक चलता रहा। भारत छोड़ो आन्दोलन अपने मूल लक्ष्य भारत से ब्रिटिश शासन की समाप्ति को तात्कालिक रूप से प्राप्त नहीं कर सका, लेकिन इस आन्दोलन ने भारत की जनता में एक ऐसी अपूर्व जागृति उत्पन्न कर दी जिससे ब्रिटेन के लिए भारत पर लम्बे समय तक शासन कर सकना सम्भव नहीं रहा।

यह तो नहीं कहा जा सकता कि यह आंदोलन अपने तात्कालिक उद्देश्यों को प्राप्त करने में सफल हुआ। सरकार ने अत्यधिक बल प्रयोग कर आंदोलन को तो दबा दिया, पर वह जन भावनाओं को दबाने में सफल नहीं हो पाई। इस आन्दोलन से उत्पन्न चेतना के परिणामस्वरूप ही 1946 में जलसेना (नेवी) का विद्रोह हुआ, जिसने भारत में ब्रिटिश शासन पर भयंकर चोट की। इस आन्दोलन तथा कुछ अन्य तत्वों के परिणामस्वरूप ही युद्ध के बाद अमेरिका तथा इंग्लैण्ड में भारत के पक्ष में इतना अधिक लोकमत बना कि इंग्लैण्ड को विवश होकर भारत छोड़ना पड़ा। इस प्रकार यह निश्चित तथ्य है कि भारत छोड़ो आन्दोलन ने भारतीय स्वतन्त्रता के लिए पृष्ठभूमि तैयार की।

**(लेखक व सामाजिक कार्यकर्ता हैं।)**

# बहुसंख्यकवादी राजनैतिक एजेंडा और भारतीय मुसलमान

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने पार्टी की जो नई राष्ट्रीय कार्यकारणी घोषित की है, उसमें एक जाने माने पसमांदा मुसलमान, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के पूर्व कुलपति तारिक मंसूर को तेरह उपाध्यक्षों में से एक नियुक्त किया गया है। भाजपा की केरल इकाई के एक नेता पी. अब्दुल कुट्टी, जो पिछली कार्यकारिणी के सदस्य थे, को भी पुनर्नियुक्ति दी गई है। इस समय भाजपा का फोकस राष्ट्रीय स्तर पर पसमांदा मुसलमानों को महत्व देने पर है। पसमांदा सबसे पिछड़े मुसलमान है, जिनमें से अधिकांश दलित या ओबीसी हैं। वे समाज और मुस्लिम समुदाय में सामाजिक-आर्थिक दृष्टि से सबसे निचले पायदान पर हैं।

भाजपा अलग-अलग दौर में मुसलमानों के विशिष्ट तबकों में अपनी पैठ बनाने का प्रयास करती रही है। इस समय, पार्टी का एक भी सांसद मुसलमान नहीं है परन्तु पूर्व में उसने मुसलमानों को राज्यपाल (सिकंदर बख्त) और केंद्रीय मंत्री (शाहनवाज हुसैन और मुख्तार अब्बास नकवी) नियुक्त किया है। मोदी हाल में एक बोहरा मस्जिद में पहुंचे जहां उन्होंने घोषणा की कि बोहरा उनकी परिवार का हिस्सा हैं। वे समय-समय पर अजमेर में ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर चादर भी चढ़ाते रहे हैं।



राम पुनियानी

**किसी भी राजनैतिक संगठन, भले ही वह खुद को सांस्कृतिक संगठन बताता हो, के दावे का सच इससे जाहिर होता कि वह और उसके साथी संगठन किस तरह की राजनीति करते हैं और कौन से मुद्दे उठाते हैं। भागवत स्वयं भी गौमांस और गौमाता का मसला उठाते रहे हैं। पिछले कुछ दशकों में यह एक भावनात्मक मुद्दा बन गया और इसके चलते न केवल मुसलमानों को अत्याचार और दमन का शिकार होना पड़ रहा है।**

पिछले कुछ समय से भाजपा पसमांदा मुसलमानों को लुभाने में लगी हुई है। इस साल, उत्तर प्रदेश में स्थानीय संस्थाओं के चुनाव में उसने कुछ पसमांदा मुसलमानों को अपना प्रत्याशी बनाया था और उनमें से कुछ चुनाव जीते भी हैं। सन् 2022 की जुलाई में भाजपा की एक अहम बैठक हैदराबाद में हुई थी। उसमें मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा था कि वे पसमांदा मुसलमानों में अपनी पैठ बनाएं। उन्होंने यह भी कहा था कि मुस्लिम समुदाय एकसार नहीं है और पसमांदा, मुसलमानों का पिछड़ा तबका है। तभी से पसमांदा मुसलमानों को पार्टी की छतरी तले लाने के प्रयास चल रहे हैं।

भाजपा इस समुदाय को लुभाने के लिए यह कह रही है कि मोदी की नीतियां किसी धर्म के लोगों के साथ भेदभाव नहीं करतीं और पसमांदा मुसलमान भी मोदी सरकार की 'विकास योजनाओं' के उतने ही 'लाभार्थी' हैं जितने अन्य समुदाय। इस बीच कई जाने माने मुसलमानों, जिनमें पूर्व उप-राज्यपाल नजीब जंग, पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस.वाई. कुरैशी, जनरल ज़मीरुद्दीन शाह, शाहिद सिद्दिकी और सईद शेरवानी शामिल थे, ने आरएसएस मुखिया मोहन भागवत को एक चिट्ठी लिखकर उनसे 'मेलमिलाप संवाद' के लिए समय मांगा। एक महीने के इंतजार के बाद उन्हें संघ प्रमुख के दरबार में आने की इज़ाजत मिली।

इन प्रमुख मुसलमानों ने भागवत से 'मुस्लिम समुदाय के प्रति बढ़ती नफरत' और उनके साथ 'बुलडोज़र न्याय' पर बात की। यह भी कहा कि मुसलमानों को जिहादी और पाकिस्तानी कहा जाता है। भागवत का जवाब था कि हिन्दू भी गौहत्या और उन्हें काफिर कहे जाने से आहत महसूस करते हैं। इस 'संवाद' के बाद, आरएसएस के प्रमुख नेताओं, जिनमें मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मुखिया इन्द्रेश कुमार, कृष्ण गोपाल और रामलाल शामिल थे, ने 22 सितम्बर 2022 को आल इंडिया इमाम आर्गेनाइजेशन के मुख्य इमाम उमर अहमद इल्यासी से मुलाकात की। इल्यासी ने उम्मीद जाहिर की कि इस बातचीत से सांप्रदायिक सौहार्द्र में वृद्धि होगी।

इन संवादों का भारतीय राजनीति पर क्या असर पड़ा है? यह महत्वपूर्ण है क्योंकि भारतीय राजनीति की दशा और दिशा मुस्लिम अल्पसंख्यकों को प्रभावित करती है। संघ परिवार के कई लेखक जिनमें राम माधव और पूर्व भाजपा नेता सुधीन्द्र कुलकर्णी शामिल है, ने सितम्बर 2018 में दिल्ली के विज्ञान भवन में भागवत के तीन व्याख्यानों के बाद तर्क दिया था कि आरएसएस बदल रहा है। भागवत ने कहा था कि हिन्दुओं और मुसलमानों का डीएनए एक ही है, मुसलमानों के बिना हिंदुत्व अधूरा है आदि, आदि।

सच क्या है? सच यह है कि किसी भी राजनैतिक संगठन, भले ही वह खुद को सांस्कृतिक संगठन बताता हो, के दावे का सच इससे जाहिर होता कि वह और उसके साथी संगठन किस तरह की राजनीति करते हैं और कौन से मुद्दे उठाते हैं। भागवत स्वयं भी गौमांस और गौमाता का मसला उठाते रहे हैं। पिछले कुछ दशकों में यह एक भावनात्मक मुद्दा बन गया और इसके चलते न केवल मुसलमानों को अत्याचार और दमन का शिकार होना पड़ रहा है वरन ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी पटरी से उतर गई है। ऐसा क्यों है कि बीफ को हिंदी पट्टी में तो मुद्दा बनाया जा रहा है पर केरल, पूर्वोत्तर और गोवा में नहीं? ऐसा क्यों है कि किरण रिजुजू जैसे नेता खुलकर कहते हैं कि बीफ उनके खानपान का हिस्सा है? और ऐसा क्यों है कि अटलबिहारी वाजपेयी जैसे शीर्ष नेता बीफ खा सकते हैं?

सच यह है कि नफरत की राजनीति के सबसे बड़े शिकार पसमांदा ही हैं। अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुसलमानों के खिलाफ नफरत संघ की शाखाओं और शिशु मंदिरों और भाजपा के आईटी सेल द्वारा फैलाई जा रही है। नफरत से हिंसा फैलती है, हिंसा से ध्रुवीकरण होता है और ध्रुवीकरण के कारण मुसलमान अपने-अपने मोहल्लों में सिमटते जा रहे हैं। पसमांदा मुसलमान साम्प्रदायिक हिंसा से सबसे अधिक पीड़ित हैं।

पिछले कुछ समय से बुलडोजर भी न्याय करने लगे हैं। संघ और भाजपा के प्रवक्ता कहते हैं कि जो कुछ हो रहा है वह कानून के मुताबिक है। जाहिर है कि यह सच नहीं है। इसके अलावा संघ का शीर्षतम नेतृत्व यह प्रचार कर रहा है कि मुसलमान बहुसंख्यक बन जाएंगे। हम सबको याद है कि कुरैशी ने अपनी पुस्तक 'पापुलेशन मिथ' मोहन भागवत को भेंट की थी। इसमें इस मिथक को तर्कसंगत ढंग से गलत सिद्ध किया गया। कुछ समय पहले भागवत ने भी अपरोक्ष रूप से यह कहा था कि देश की मुस्लिम आबादी अन्य समुदायों की तुलना में तेजी से बढ़ रही है।

नफरत फैलाने के नए-नए तरीके ढूंढ़े जा रहे हैं। कोरोना जेहाद की बातें हुई हैं और अब टमाटर की कीमतों में बढ़ोतरी के लिए भी मुसलमानों को दोषी ठहराया जा रहा है। कुछ समय पहले हमें बताया गया कि मुस्लिम महिलाओं के साथ न्याय करने के लिए यूसीसी लागू की जाएगी। मजे की बात यह है कि यूसीसी का पहला मसविदा भी तैयार नहीं है। इसके पहले एनआरसी और सीएए के नाम पर मुसलमानों को मताधिकार से वंचित करने के प्रयास हुए थे। इसके विरोध में मुस्लिम महिलाएं सड़कों पर उतर आईं थीं और शाहीन बाग पर ऐतिहासिक विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया था।

इस बीच हिन्दुओं और मुसलमानों के बीच की खाई को गहरा करने वाली कई फिल्में रिलीज हुई हैं जिनमें कश्मीर फाईल्स, केरला स्टोरी और 72 हूरें शामिल हैं। सरसंघचालक से लेकर प्रधानमंत्री तक ने इन फिल्मों की तारीफ की और भाजपा नेताओं ने थोक में इनके टिकट खरीदकर लोगों को दिखाईं ताकि नफरत के जहर को ज्यादा से ज्यादा फैलाया जा सके।

कुल मिलाकर संघ का मूल चरित्र वही है जो पिछले सौ सालों से रहा है। भाषा और शब्द बदल गए हैं परंतु हिन्दू राज का एजेंडा वही है। पसमांदा मुसलमानों को केवल चुनावों में लाभ के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। यह मुसलमानों को बांटने की रणनीति का हिस्सा भी है। सच यह है कि चाहे पसमांदा हो या अशरफ-सभी मुसलमान संघ और भाजपा की नीतियों के शिकार बन रहे हैं। पसमांदा मुसलमानों के प्रति सहानुभूति का प्रदर्शन एक नए प्रहसन से ज्यादा कुछ नहीं है।

(अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया)

## शांति दिवस

### मानवता के इतिहास में काला दिवस नागासाकी दिवस

9 अगस्त नागासाकी में परमाणु विस्फोट विश्व के इतिहास में 6 और 9 अगस्त 1945 का यह दिवस ऐतिहासिक रूप से मानवता के कलंक के रूप में हर वर्ष इन दोनों शहरों में परमाणु बमबारी की वर्षगांठ का प्रतीक है। नागासाकी दिवस शांति दिवस के रूप में पीड़ितों को याद करने विश्व शांति को बढ़ावा देने और अधिक युद्धों से बचने तथा परमाणु हथियारों की विनाशकारी क्षमता के महत्व के बारे में वैश्विक जागरूकता को बढ़ाने के लिए हर वर्ष मनाया जाता है। यह नागासाकी दिवस मनाना बमबारी के पीड़ितों और बच्चे लोगों के प्रति सम्मान दिखाने का एक महत्वपूर्ण तरीका है। यह हमें इतिहास से सीखने में सदैव सजग रखता है और यह सुनिश्चित करने के लिए भी याद किया जाता है कि ऐसी नागासाकी में 74 हजार तथा हिरोशिमा में 1,70 हजार लोगों की मौत की फिर पुनरावृत्ति न हो। अमेरिका ने पहले युद्ध में हिरोशिमा में लिटिल बॉय नमक बम से लाखों लोगों की जान ली थी इसके पश्चात 9 अगस्त को फिर नागासाकी में फैट मेंन नामक परमाणु बम विस्फोट कर 74000 लोगों की जान ले ली थी। निस्संदेह 9 अगस्त नागासाकी दिवस इतिहास के काले पन्नों पर लिखा जाएगा। मनुष्य जाति इतनी बर्बर भी हो सकती है? इसका यह एक वीभस्त उदाहरण है। 6 और 9 अगस्त 1945 को अमेरिका ने जापान के हिरोशिमा तथा नागासाकी शहर में परमाणु बम गिरकर मानवता के मध्य हैवानियत मचा दी थी। 1945 में संयुक्त राज्य अमेरिका ने हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु हमला किया था इस हमले से दोनों ही शहर पूरी तरह बर्बाद हो गए।

इस बम विस्फोट के बाद भी परमाणु हथियारों के विकिरण से फैली बीमारियों से लोगों की लगातार मौतें होती रही और पूरा विश्व देखता रहा, बम विस्फोट का असर जापान में कई वर्षों तक रहा। इसके बाद 15 अगस्त को जापान की सेना ने आत्मसमर्पण कर दिया था फलस्वरुप द्वितीय युद्ध समाप्त हो गया था। लेकिन युद्ध के बाद की विभीषिका को याद करके मानव जाति अभी सिसकती कराहती रही है। 2 सितंबर 1945 को जापान की सेना के आत्मसमर्पण के बाद औपचारिक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। यह मानवता के लिए सर्वाधिक काला दिवस ही रहा होगा। आज भी नागासाकी, हिरोशिमा में तबाही के निशान मिलते हैं। 78 साल बाद भी पैदा हुए बच्चों समेत कई लोगों में परमाणु बम विस्फोट के रेडिएशन का असर दिखाई देता है। पैदा होने वाले बच्चों में कहीं ना कहीं कोई कमी रह जाती है जिसका खामियाजा वह लोग पूरी जिंदगी उठाते हैं। वर्तमान में भी पूर्व विश्व विश्वयुद्ध की कगार पर खड़ा है। रूस-यूक्रेन युद्ध इसका बहुत बड़ा और ताजा उदाहरण है। ताजा ताजा घटना को ही ले लिया जाए तो रूस यूक्रेन और उत्तर कोरिया की गुप्त परमाणु संधि इस परमाणु युद्ध की ओर इशारा करती है। यह तीनों देश यूक्रेन, अमेरिका तथा नाटो देश के लिए परमाणु हथियारों के लिए कमर कस रहे यह विभीषिका कभी भी सिर उठाकर वैश्विक शांति के लिए खतरा बन सकती है।

एनोला गे नामक एक अमेरिकी युद्ध विमान से परमाणु कोड वाले बम बैटमैन को गिराया गया था जबकि नागासाकी में लिटिल मेंन नामक प्लूटोनियम बम बरसाया गया था। तब 40 सेकंड के बाद जमीन से करीबन 1550 फीट की ऊंचाई पर यह बम फटा जिसके फलस्वरूप 1 हजार से ज्यादा डिग्री सेल्सियस की उष्मा उत्पन्न हुई और इसी बम से लाखों लोगों की मौत हो गई थी।

जापान एक शांतिवादी और बगैर परमाणु वाला देश बन गया। उसके बाद रूस ,चीन, पाकिस्तान, भारत एवं अन्य देशों ने परमाणु शक्तिसंपन्न बनने का प्रयास शुरू कर दिया था। भारत द्वारा परमाणु शक्ति संपन्न होना शांति तथा आत्म रक्षार्थ हेतु बनाना बताया गया है। एकमात्र भारतीय ही ऐसा देश है जो शांति का संदेश लेकर पूरी दुनिया में लोगों से संपर्क कर शांति और समझौते की बात कर रहा है। नागासाकी तथा हिरोशिमा में मृत नागरिकों को विनम्र नमन श्रद्धांजलि। ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि भविष्य में फिर से नागासाकी तथा हिरोशिमा जैसी मानवीय संवेदना को कलंकित करने वाली घटनाएं न हो।

**संजीव ठाकुर**

## आपके पत्र

### वृद्धाश्रमों का बढ़ता चलन चिंताजनक

भारत भूमि के संस्कारों ने हमेशा बड़े बुजुर्गों को सम्मान दिलाया है। हमारी संस्कृति यह सिखाती है कि बड़ों की इज्जत करो और उनका कहना मानो। वृद्धावस्था में अपने मां-बाप की सेवा तथा उनकी खुशियों को पूरा करना संतान का दायित्व है। किसी अच्छे कार्य को करने से पहले या घर से बाहर सफर करने से पहले बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लेना हमारी परंपरा रही है। लेकिन अब सब कुछ बदल गया है क्योंकि आज बहुत सारी संतानें अपने बूढ़े मां-बाप को अपने साथ घर में रखने की जगह वृद्धाश्रम भेज रहे हैं। हालांकि भारतीय समाज में तो इस कुरीति की हमेशा निंदा की गई है।

आजकल के समय में लोग अपने आपको इतना व्यस्त बता रहे हैं कि उनके पास अपने बूढ़े मां-बाप के लिए भी समय मौजूद नहीं रह गया है। इसी भागदौड़ भरी जिंदगी में वह अपने फैसले भी खुद लेने में ज्यादा विश्वास रखते हैं। जिसके चलते वृद्ध माता-पिता से लोग बिना सलाह लिए काम करते हैं इससे आपसी रिश्तों पर बुरा असर पड़ रहा है। रिश्तों में खटास पैदा होने लगी है। रिश्ते दिन प्रतिदिन कमजोर होते जा रहे हैं। आज़ादी के नाम पर मां-बाप के साथ रहना बुरा लगने लगा है। प्राइवेसी और 'मेरी लाइफ' के नाम पर माता-पिता उन्हीं बच्चों की आंखों में खटकने लगते हैं जो कभी उनकी आंखों का तारा हुआ करते थे। धीरे-धीरे रिश्ते इतने कमजोर हो जाते हैं कि लोगों को इस समस्या का समाधान केवल वृद्धाश्रम लगने लगता है और फिर बच्चे अपने वृद्ध मां-बाप को उनके ही घर से निकाल कर वृद्ध आश्रम में छोड़ आते हैं।

कुछ तो ऐसे वृद्ध होते हैं जिन्होंने किसी दुर्घटना में अपना पूरा परिवार ही खो दिया है। इनका वृद्धाश्रम में पहुंचना तो फिर भी समझ में आता है परंतु कुछ ऐसे वृद्ध माता-पिता भी होते हैं, जिनके उनके अपने बच्चों द्वारा ही उन्हें वृद्धाश्रम में पहुंचा दिया जाता है और फिर कई साल गुजर जाने के बाद भी उन बच्चों द्वारा अपने बूढ़े माता-पिता की कोई सुध नहीं ली जाती है। यह हालात देश के किसी एक राज्य या जिला की नहीं है बल्कि देश का ऐसा कोई जिला नहीं होगा जहां वृद्ध माता-पिता को ऐसी परिस्थिति से गुज़रना नहीं पड़ता है। बात चाहे दिल्ली या मुंबई जैसे महानगर हों या पटना और नागपुर जैसे मध्यम दर्जे के शहर, ऐसे वृद्धाश्रम हर कहीं खुल गए हैं।

यूनाइटेड नेशन वर्ल्ड पापुलेशन एजिंग की रिपोर्ट के अनुसार आने वाले समय में भारत में वृद्धों की संख्या तेजी से बढ़ेगी। वर्तमान में, भारत में बुजुर्गों की संख्या कुल आबादी का 8 प्रतिशत है जो वर्ष 2050 में बढ़कर 30 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है। ऐसे में क्या इन आंकड़ों से यह अनुमान लगाया जाए कि जब बुजुर्गों की तादाद बढ़ेगी तो वृद्धाश्रम की संख्या भी बढ़ेगी। क्योंकि मौजूदा समय में देश की करीब 250 जिलों में करीब 400 वृद्धाश्रम संचालित हो रहे हैं परंतु चाहे वृद्धों की संख्या कितनी भी बढ़े, एक बात तो साफ है कि वृद्ध व्यक्ति समाज के लिए संपत्ति की तरह हैं, बोझ की तरह नहीं और इस संपत्ति का लाभ उठाने का सबसे अच्छा तरीका यह होगा कि उन्हें वृद्धाश्रमों की बजाय मुख्यधारा में आत्मसात किया जाए ताकि समाज और नई पीढ़ी उनके अनुभवों का लाभ उठा सके।

**हरीश कुमार, पुंछ जम्मू**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### क्षेत्र की समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**भेरुन्दा/नसरुल्लागंज।** ब्लॉक कांग्रेस ने ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का ध्यान अपने बुधनी विधायनसभा की जनता और क्षेत्र की समस्याओं के तरफ ध्यान आकर्षित करने के लिए एक ज्ञापन एसडीएम एमएल रघुवंशी को सौंपा। जिसमें क्षेत्र की प्रमुख समस्याएं जैसे गड्ढों वाला रोड, पांडा गांव का पुल, रोड पर बैठी गाय, बैंकों के चक्कर लगाता हुआ किसान, ठेकेदारों की मनमानी और भ्रष्टाचार आदि समस्याओं से अवगत कराया गया। इस दौरान सुनील गोलिया, भारत सिंह भाटी, फूलचंद तवर, वीरेंद्र मुकाती, विकास शर्मा, महेंद्र तवर आदि कार्यकर्ता मुख्य रूप से शामिल रहे।

### विकास पर्व कार्यक्रम आयोजित

**सिरोंज, देशबन्धु।** विधायक उमाकांत शर्मा की उपस्थिति में जटाशंकर शिव मंदिर एवं सियाराम आश्रम पर विकास पर्व के दौरान कहे भोपाल रोड स्थित जटाशंकर शिव मंदिर सियाराम आश्रम पर विकास पर्व कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें महंत श्याम पुरी एवं महान पुरुषोत्तम दास सहित कई साधु संत उपस्थित थे। इस दौरान विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि लक्ष्मीकांत शर्मा ने मुझसे कहा था कि किसी का बुरा मत करना सबको समझना और सबका ध्यान रखना। विकास पर्व रैली के समापन पर करोड़ों रुपए की सौगात सिरोंज के नागरिकों को विधायक उमाकांत शर्मा ने दी। विधायक निधि से कई निर्माण कार्य सियाराम आश्रम एवं जटाशंकर शिव मंदिर में होंगे। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा में सिरोंज लटेरी विधानसभा से भाजपा का प्रत्याशी विजय होगा। इस दौरान वह यह बोल दिए कि पुलिस वालों हटो यहां से हम अपनी सुरक्षा खुद कर लेंगे।

### जिले में अब तक 749.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**रायसेन, देशबन्धु।** जिले में 01 जून 2023 से 08 अगस्त 2023 तक 749.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 114 मिलीमीटर अधिक है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून 2023 से 08 अगस्त 2023 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 472.2 मिलीमीटर, गैरतगंज में 845.8, बेगमगंज में 884.9, सिलवानी में 673.6, गौहरगंज में 530.8, बरेली में 983.5, उदयपुरा में 962.5, बा?ी में 653.5, सुल्तानपुर में 568.1 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 918.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

श्रमदान दल ने किया पर्यावरण बचाने सातवें चरण का अभियान

# पौधारोपण कर विद्यार्थियों को किया पर्यावरण के प्रति जागरूक



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** नदी जल स्वच्छता व संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन तथा जन जागरूकता के उद्देश्य से कार्यरत श्रमदान दल द्वारा मंगलवार को पौधरोपण अभियान के सातवें चरण के अंतर्गत शासकीय उमा विद्यालय परिसर ग्राम पबई मेंआम,अमरूद, आंवला, अमलतास, जामुन, महुआ, हर्रे, बहेरा, काला सारस, जंगली जलेबी,खमेर, जसोंन, कटहल जैसी 13 प्रजातियों के कुल 20 पौधे रोपित किए गए। मालूम हो कि पिछले दो वर्ष से लगातार सक्रिय श्रमदान दल मानसून के चार माह के दौरान शहर एवं आस पास के गांवों में पौधरोपण अभियान संचालित करता है इस वर्ष दल ने अपने पौधरोपण अभियान का रुख स्कूल कालेज की ओर किया है ताकि विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जा सके साथ ही वृक्ष लगाने की आवश्यक उनके महत्त्व को समझाया जा सकें और बच्चों के माध्यम से प्रत्येक परिवार को वर्ष में कम से कम एक वृक्ष लगाने एवं उसके सरंक्षण के लिए प्रेरित किया जा सके । विद्यालय में पौधारोपण के दौरान शासकीय उम विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य राजेश शर्मा ने कहा कि आज जिस कार्य को श्रमदान दल कर रहा हैं वह सराहनीय है लेकिन वास्तव में यह कार्य किसी समूह या संस्था विशेष का नहीं हैं आज समाज के हर एक व्यक्ति को इस कार्य को करने की जरूरत हैं वृक्ष हमे आक्सिजन तो देते हैं साथ ही वृक्षों से हमें फल छाया भी मिलती है। इसके अलावा वृक्षों की जड़, तना, पत्तियों से विभिन्न प्रकार की औषधि भी बनती हैं। अर्थात वृक्ष एक लाभ अनेक । फिर भी वृक्षों के प्रति बढ़ती उदासीनता समाज के हर एक तबके के लिए घातक है। इसके अलावा विद्यालय के अन्य शिक्षकों ने पौधों की देखरेख एवं संरक्षण की जिम्मेदारी भी ली ।मंगलवार को आयोजित सातवें चरण में विद्यायल से प्रभारी प्राचार्य राजेश शर्मा, अशुतेंद्र बडोनिया, विपिन नरवरिया, शिव सिंह यादव, आशीष नायक, साधना सोनी, रानी कौशिक, विमल कुर्मी, दयाराम भारती ज्योति तिवारी, बलराम सेन श्रमदान दल से सूर्य प्रताप राजपूत,नितिन अग्रवाल,अजय गुप्ता , दुष्यंत रघुवंशी,आकाश जैन, कोमल कुशवाह , दीपक नामदेव , विशाल श्रीवस्तव , दिनेश चौरसिया , दीपेश शर्मा, एवन सिंह विश्वकर्मा, दिनेश अग्रवाल उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली




**गंजबासौदा, देशबन्धु।** राष्ट्रीय सेवा योजना नवांकुर इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा मंगलवार को स्वीप एक्टिविटी के अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में रासेयो नवांकुर इकाई के 100 स्वयंसेवक छात्र छात्राऐं, विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित, कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक मिश्रा, बालिका इकाई प्रभारी मेघा शर्मा, सहायक रासेयो प्रभारी विनय सोनी तथा अन्य वरिष्ठ शिक्षक-शिक्षिकाऐं सम्मिलित थे।

यह रैली मतदाता जागरूकता संबंधी नारे लगाते हुए लाल परेड ग्राउंड पहुची, जहां अनुविभागीय अधिकारी विजय राय ने मतदाता जागरूकता के संबंध में संबोधित किया। तत्पश्चात रैली के स्वयंसेवक मतदाता जागरूकता संबंधी नारे लगाते हुए संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय पहुचे। रैली में शामिल होकर अनुविभागीय अधिकारी तहसीलदार विकासखंड स्रोत समन्वयक , बीएलओ ने संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय तक पदयात्रा की। रैली के साथ प्रचार-वाहन भी था, जिसमें मतदाता जागरूकता संबंधी लोकगीत गाए जा रहे थे।

संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय प्रांगण में महाविद्यालय के प्राचार्य मणि मोहन मेहता द्वारा निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली के संबंध में उद्बोधन दिया गया। विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया है।

# समरसता यात्रा आज बुधनी से बरखेड़ा करेगी प्रवेश, होगा जन संवाद कार्यक्रम

**रायसेन, देशबन्धु।** संत रविदास के संदेश और जीवन मूल्यों के प्रति समाज में जागरूकता लाने के उद्देश्य से प्रदेश के विभिन्न स्थानों से समरसता यात्राएं निकाली जा रही हैं। रायसेन जिले में समरसता यात्रा 09 अगस्त को औबेदुल्लागंज विकासखण्ड के ग्राम बरखे?ा से प्रवेश करेगी। समरसता यात्रा में विशिष्ट संतगण, जनप्रतिनिधि, अधिकारी और यात्रा के सदस्य जनसमुदाय सहित उपस्थित रहेंगे।

कलेक्टर अरविंद दुबे के निर्देशन में समरसता यात्रा के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। समरसता यात्रा के औबेदुल्लागंज विकासखण्ड में प्रवेश उपरांत 09 अगस्त को प्रातः 11 बजे औबेदुल्लागंज स्थित जेबी गार्डन में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके पश्चात यात्रा मण्डीदीप होते हुए भोपाल जिले में प्रवेश करेगी। समरसता यात्रा 10 अगस्त को भोपाल से शाम 04 बजे खरबई में प्रवेश करेगी। समरसता यात्रा खरबई, नीमखे?ा, माना, सदालतपुर होते हुए लगभग शाम 7 बजे रायसेन नगर में प्रवेश करेगी तथा यहां रात्रि विश्राम होगा। दिनांक 11 अगस्त को प्रातः 10.30 बजे रायसेन में मुखर्जी नगर स्थित शगुन गार्डन में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके पश्चात समरसता यात्रा लगभग दोपहर 1 बजे नकतरा, दोपहर 1.30 बजे देवनगर, दोपहर 2 बजे गड़ी, दोपहर 2.20 बजे गैरतगंज, अपरान्ह 3.20 बजे पलोहा होते हुए लगभग शाम 4 बजे बेगमगंज पहुचेगी तथा यहां गंभीरिया रोड स्थित नसिया जी गार्डन में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा।

उल्लेखनीय है कि संत रविदास के संदेश और जीवन मूल्यों के प्रति समाज में जागरूकता लाने के उद्देश्य से प्रदेश के विभिन्न स्थानों से समरसता यात्राएं निकाली जा रही हैं। इन यात्राओं में गांव-गांव से मिट्टी और नदियों का जल लेकर यात्राएँ 12 अगस्त को सागर पहुंचेंगी। समरसता यात्रा में विशिष्ट संतगण, जिले के प्रभारी मंत्री, मंत्रीगण, सांसद, विधायक उपस्थित रहेंगे। यात्रा में संत रविदास जी का चित्र, पादुका एवं कलश रहेगा, जिनका पूजन भी होगा। रथ पर सामाजिक समरसता की सूक्तियाँ भी उल्लेखित रहेंगी।

# समरसता यात्रा का नगर परिषद अध्यक्ष ने किया स्वागत



**भेरुन्दा/नसरूल्लागंज, देशबन्धु।** संत शिरोमणि रविदास समरसता यात्रा नगर पहुंचने पर नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर , भाजपा मण्डल अध्यक्ष धीरज पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने भव्य स्वागत कर उनकी चरण पादुकाओ का पूजन किया। आष्टा से समरसता यात्रा के साथ सीहोर जिला पंचायत अध्यक्ष गोपाल सिंह इंजीनियर भैरुंदा आए जहां पर समरसता यात्रा का नागरिकों ने भव्य स्वागत नगर के बीवीएम स्कूल के पास सीहोर रोड पर किया गया। इसके पश्चात सीहोर नाका, गोपाल पटेल कॉलोनी, महाशक्ति मधुशाला के पास बस स्टैंड के सामने आदि स्थानों मे यात्रा का नागरिकों ने चरण पादुका का पूजन किया तथा पुष्प वर्षा कर समरस यात्रा का आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया। भेरूंदा में जनसंवाद कार्यक्रम कृषक संगोष्ठी भवन मे आयोजित किया गया। जनसंवाद कार्यक्रम में सीहोर जिला पंचायत अध्यक्ष गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास महाराज भारतीय समाज के पुनर्जागरण के अग्रदूत रहें हैं। उन्होंने सामाजिक समरसता और सद्भाव का संदेश समाज को दिया है। राज्य शासन द्वारा देश एवं प्रदेश में समरसता का संदेश देने के लिए समरसता यात्रा निकाली जा रही है। समरसता यात्रा के माध्यम से संत शिरोमणि रविदास महाराज के मंदिर के निर्माण के लिये गाँव-गाँव व शहर-शहर से पवित्र जल और मिट्टी भी कलशों में एकत्रित की जा रही है। 350 नदियों का जल और प्रदेश के लगभग 55 हजार गांवों की मिट्टी 12 अगस्त को सागर पहुँचेगी। नर्मदापुरम जिले से भी मिट्टी और जल एकत्रित कर मंदिर निर्माण के लिए भेजा जा रहा है। जनसंवाद कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष मारुती शिशिर, धीरज पटेल, सोनू गुणवान, पार्षद कैलाश धावरे, नितिन मालवीय, राजेश पवार, पी एन पेठारी, सुश्री वर्षा जितेंद्र गौर, गजान देबोनिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# भूमि के विवाद पर युवक को लाठियों से पीटा, थाना प्रभारी ने फरियादी को भगाया



**मुरैना, देशबन्धु।** जिले के निरार थाना अंतर्गत गुलपुरा गांव में आटा लेने गए एक युवक की आधा दर्जन से अधिक आरोपियों ने लाठियों से जमकर मारपीट कर उसके पैर तोड़ दिए। फरियादी थाने पहुंचा तो थानेदार ने भगा दिया। कोई सुनवाई नहीं होने पर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर न्याय की मांग की है। बताया जाता है कि देवा गुर्जर नामक युवक सोमवार की शाम आटा लेकर घर जा रहा था, तभी आरोपी रामलखन, नारायण, वकीला, रामअवतार, शैलेश, करतार ने घर के सामने घेराबंदी कर लाठियों से जमकर मारपीट की, जिससे उसके दोनों पैरों में गंभीर चोटें आई हैं एवं जान से मारने की धमकी दी। घटना का कारण सरकारी भूमि का विवाद बताया जा रहा है। जब पीड़ित थाने पहुंचा तो थाना प्रभारी ने उन्हें भगा दिया और कोई सुनवाई नहीं की। पीड़ित देवा गुर्जर अपने परिजनों के साथ मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा तथा शिकायत कर न्याय की मांग की।

# रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव, फोन लगाकर की गई शिनाख्त



**मुरैना, देशबन्धु।** रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 1 के आगे रेलवे ट्रैक पर मंगलवार की सुबह जीआरपी पुलिस में एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया। आसपास तलाशी लेने पर टूटा हुआ मोबाइल मिला, जिसमें से सिम निकाल कर पुलिस ने परिजनों से संपर्क किया और उसकी शिनाख्त कर ली गई। रेलवे स्टेशन की जीआरपी थाना पुलिस ने बताया कि मंगलवार की सुबह मुरैना रेल्वे स्टेशन के प्लेटफार्म नंवर एक के पास ग्वालियर जाने वाले ट्रेक पर एक अज्ञात युवक का शव मिला था। शव को शिनाख्त के लिए डेड हॉउस में रखवा दिया गया। उसके पास एक टूटा मोबाईल, कुछ पैसे मिले। मोबाईल की सिम निकालकर दूसरे फोन में डालने के बाद उसके परिजनों से संपर्क किया गया, जिसके बाद उसकी शिनाख्त मृतक सतेन्द्र त्यागी पुत्र मुन्नालाल त्यागी उम्र 33 निवासी जौरा वार्ड 2 के रूप में की गई। मृतक ड्राइवरी का काम करता है और सोमवार की सुबह 11 बजे रीवा के लिए निकला था। फिलहाल जीआरपी थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक का पीएम करा कर लाश परिजनों को सौंप दी है तथा मामले की जांच कर रही है। मृतक स्वयं ट्रेन से कटा अथवा ट्रेन की चपेट में आने से मौत हुई, इन बिंदुओं पर पुलिस छानबीन में लगी हुई है।

# फर्शी पत्थर का अवैध उत्खनन करने पर 28 करोड़ से अधिक जुर्माना वसूली का नोटिस

**रायसेन, देशबन्धु।** कलेक्टर अरविंद दुबे के निर्देश पर खनिज विभाग, राजस्व एवं पुलिस विभाग ने रायसेन तहसील के ग्राम कानपोहरा के खसरा क्रमांक 5, 6 एवं 7 में आफताब हुसैन निवासी 14 मॉडल ग्राउंड हमीदिया रोड भोपाल तथा श्यामलाल समरवार निवासी ग्राम कानपोहरा तहसील व जिला रायसेन द्वारा अवैध रूप से फर्शी पत्थर का उत्खनन किया जाना पकड़ा गया है। मौके पर जेसीबी कम्पनी की पोकलेन वाहन क्रमांक एमपी 04 के 7265 वाहन क्रमांक एमपी 04 के 5265 एवं ट्रक एस मॉडल टाटा 1210 एसई बिना क्रमांक के ऑपन बॉडी जप्त किया गया है। मौके से 31032 घन मीटर फर्शी पत्थर का अवैध उत्खनन किया जाना पाया गया है। जिसका प्रकरण मप्र खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम, 2022 के नियम 18 के अंतर्गत बनाया गया है।

मप्र खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम, 2022 अंतर्गत प्रकरण में आफताब हुसैन तथा श्यामलाल समरवार को नोटिस जारी कर उनसे प्रशमन हेतु कुल शास्ति रूपये 28 करोड़ 30 लाख 14 हजार 600 रू एवं प्रशमन शुल्क एक हजार रू क्यों ना वसूल किया जावे, इस संबंध में सात दिवस में जबाव प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। निर्धारित समय सीमा में उत्तर प्रस्तुत नहीं करने पर आफताब हुसैन तथा ी श्यामलाल समरवार के विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

### नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने निर्देश

**रायसेन, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे द्वारा जिले की समस्त लाड़ली बहनों का नाम उनकी विधानसभा स्तर पर मतदाता सूची में दर्ज कराने के संबंध में महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं। आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 संबंधी कार्य प्रारंभ हो गया है। जिसके तारतम्य में मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 अंतर्गत 2 अगस्त 2023 को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन प्रत्येक मतदान केन्द्र पर बीएलओ द्वारा किया गया है।

# न्यायाधीश के यहां चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, एक अन्य चोरी को भी स्वीकारा



**अंबाह, देशबन्धु।** अंबाह में पदस्थ प्रथम श्रेणी न्यायधीश नितिनेंद्र सिंह के सूने आवास में 15 फरवरी 2023 को घुसकर अज्ञात चोर 25 हजार कीमत की एलईडी खोलकर ले गए थे तब अंबाह पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध चोरी की एफआईआर दर्ज की थी, वहीं इसी माह तीन दिन पूर्व पूठ रोड पर मानवेन्द्र सिंह के आवास में अज्ञात चोरों द्वारा ताला तोड?र चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। नगर निरीक्षक वीरेश कुशवाहा ने बताया कि दोनों चोरियों को पुलिस ने प्राथमिकता में लेकर चोरों को तलाशना प्रारंभ किया। इसी दौरान ग्वालियर निवासी चोर विशाल सिलोटिया पुलिस की गिरफ्त में आया और उससे जब कड़ाई से पूछताछ की तो उसने दोनों चोरियों को अपने साथी के साथ करना स्वीकारा, जिसके चलते गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से एक 43 इंच की एलईडी टीवी एवं पूठ रोड निवासी मानवेंद्र सिंह के मकान से चोरी गए चांदी के लक्ष्मी व गणेश जी मूर्ति सहित चांदी की पायल 3 जोड़ी एवं पीतल व तांबे के बर्तन बरामद करने में सफलता हासिल की है। इस संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी वीरेश कुशवाह, पंकज यादव, पार्थ सिंह परिहार, जितेंद्र शर्मा, बीएस परिहार, विवेक तोमर, चांदनी सिंह चौहान, महेश शर्मा, हवलदार सिंह, रामवीर सिंह, प्रमोद, नरेंद्र मौर्य, सत्येंद्र सिंह, जोगेंद्र सिंह, दीपक पचोरी, सीताराम व पुष्पेंद्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### तोमर कांग्रेस सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष बने



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** कांग्रेस सेवादल के प्रदेश मुख्य संगठक योगेश यादव की अनुमति से एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश कटारे और कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि मयंक रामनारायण तेंगुरिया की अनुशंसा पर जिला कांग्रेस सेवादल मुख्य संगठक रामराज सिंह दांगी द्वारा गंजबासौदा के ब्लॉक अध्यक्ष पद पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता योगेंद्र सिंह तोमर को नियुक्त किया गया। तोमर को ब्लॉक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर अनेक कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने उन्हें बधाई दी और वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

# बैंक के सामने सड़क पर वाहनों की पार्किंग, लगता है जाम



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** से लेकर जा स्तंभ के पास तक आधा दर्जन से अधिक बैंक है। इन बैंकों के पास कहीं भी पार्किंग स्थल नहीं है जिससे यहां आने वाले लोग सड़क पर ही अपने वाहन पार्क करते हैं स्टेशन रोड स्थित बैंक के बाहर बनी सड़क पर वाहनों के पार्किंग के कारण आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही है बैंक के आगे जनरेटर रखने के लिए पटरी के आगे तक चबूतरा का निर्माण करा दिया। इसके कारण अब बैंक आने वाले खाता धारियों के बाद सड़क तक खड़े हो रहे हैं। इसके कारण आटो रिक्शा, चार पहिया वाहन, हाथ ठेला निकलने की भी जगह नहीं रहती। जिसके कारण आए दिन विवाद की स्थिति बन रही है। टू लाइन मार्ग पर आधी सड़क वाहन पार्किंग से घिर जाती है। उसके आगे चार पहिया वाहन लेकर आने वाला खाता धारक अपना वाहन खड़ा कर देता है। इसके कारण दूसरे वाहन को आने जाने की जगह भी नहीं बचती इसके चलते रोज जाम के हालात बन रहे हैं। यातायात प्रभारी रितेश वाघेला ने बताया कि पार्किंग व्यवस्थित करने के लिए बैंक प्रबंधक नोटिस जारी किए जा चुके हैं।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### मातंग समाज ने सौंपा ज्ञापन



**भैंसदेही, देशबन्धु।** मांतग समाज द्वारा अण्णा भाऊ साठे की मूर्ति स्थापना एवं जगह आवंटन करने के लिये अनुविभागीय अधिकारी एवं नगर परिषद अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। समाज के अध्यक्ष रवि शेलके ने बताया कि अण्णा भाऊ साठे ने दलित शोषित समाज के उपर उपन्यास, लोकगीत,पोहड़,शाहरी के माध्यम से महत्वपूर्ण योगदान दिया। 1अगस्त को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उनकी जंयती मनाई गई जिसमे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस उपस्थित रहे। ज्ञापन सौंपते समय प्रमुख रूप से समाज के संरक्षक कृष्णराव डोंगरे,पार्षद महेश थोटेकर,समाजसेवी राहुल छत्रपाल,दादाराव वानख?,सीताराम शेलके,समाज के नवनियुक्त अध्यक्ष रवि सेलके,उपाध्यक्ष विनित हिवराले,सचिव दिपक वानखडे,अतुल सेलके, महासचिव राजा सोनारे आदि उपस्थित रहे।

### संत रविदास समरसता यात्रा में पहुंचाया ताप्ती का जलकलश और मिट्टी




**मुलताई, देशबन्धु।** प्रदेश में 5 स्थानों से निकलने वाली रविदास समरसता यात्रा के बैतूल जिले में प्रवेश करने पर समरसता यात्रा का स्वागत सत्कार करने एवं पवित्र नगरी मुलताई का जल कलश एवम रजसे संतरविदासमंदिर कोतैयार हो इसके लिए ताप्ती मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना कर सामग्री रवाना की गई ।विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ता सहित मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, विकास खंड मुलताई की विकास खंड समन्वयक जयप्रकाशी परते,प्रभात पट्टन की विकास खंड समन्वयक राधा बरोदे के मार्गदर्शन पर सभी नवांकुर समिति एवम नगर विकास प्रस्फुटन समिति,के सदस्यो ,एवम परामर्शदाता की उपस्थित रहे ।इस कार्यक्रम में समाज केनंदलाल बिंझाडे,अविनाश बिंझाड़े, फुलवा देवी दामडे,दुर्गा बिंझाड़े,मीना मोहंबे आदिकार्यकर्ताओ सहित नगर विकास प्रस्फुटन समिति मुलताई के अध्यक्ष नारायण देशमुख,नवाकुर समिति से नारायण बोबडे,उमेश गाकरे, बालक इगंले परामर्श दाता बाबूराव ठाकरे, मनमोहन पवार सुदामा पाठेकर एवं प्रभातपट्टन से नवांकुर मेंटर्स सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता भाई बहने उपस्थित रहे।

# भाजपा ने विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ता सम्मेलन में दिखाई ताकत

**पन्ना प्रमुख, बूथ से लेकर मंडल तक के हजारों कार्यकर्ता हुए शामिल, शुरू हुआ दल बदल, कांग्रेसियों ने थामा भाजपा का दामन**

मुलताई, देशबन्धु। नगर के सोनोली रोड पर मंगलवार भाजपा ने विधानसभा चुनाव की तैयारियों का शंखनाद करते हुए हजारों कार्यकर्ताओं के साथ सम्मेलन का आयोजन किया। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नर्मदापुरम संभाग प्रभारी पंकज जोशी, जिला प्रभारी अनिल कुशवाह, पूर्व सांसद हेमंत खंडेलवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य बबला शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, पूर्व विधायक चंद्रशेखर देशमुख, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष वर्षा गढेकर, युवा मोर्चा अध्यक्ष भास्कर मगरदे, मुलताई मंडल अध्यक्ष गणेश साहु आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि पंकज जोशी, हेमंत खंडेलवाल आदि ने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देते हुए भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धि बताई और बूथ कार्यकर्ताओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं और वंचित लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया।

**35 गांव में नहर और मुलताई को जिला बनाने का उठा मुद्दा:** कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व सांसद हेमंत खंडेलवाल ने वर्तमान विधायक सुखदेव पांसे को घेरते हुए उनकी सरकार के समय छोटा जिला कहकर मुलताई को जिला नहीं बनाने की बात कही। साथ ही 35 गांव के किसानों द्वारा किए जा रहे आंदोलन के चलते उन्होंने क्षेत्र में सिंचाई व्यवस्था पर काम किए जाने की बात पर जोर दिया।



**पूर्व विधायक चंद्रशेखर देशमुख के मंच पर बैठने से उम्मीदवारी के लग रहे कयास:** सम्मेलन के दौरान मंच पर समस्त अतिथियों के साथ पूर्व विधायक चंद्रशेखर देशमुख पहली पंक्ति में बैठे दिखाई दिए। जिसको लेकर आगामी विधानसभा चुनाव में उनकी उम्मीदवारी के कयास लगाए जाने लगे। जबकि टिकट की दौड़ में शामिल एक दर्जन से ज्यादा लोग कार्यक्रम में सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

**सम्मेलन स्थल पहुंच मार्ग पर लगे बैनर भी चर्चा में:** भाजपा का यह कार्यकर्ता सम्मेलन मुलताई नगर से करीब 3 किलोमीटर दूर एक वेयरहाउस में रखा गया था, जहां पहुंचने वाले मार्ग पर जगह-जगह हेमंत विजयराव देशमुख के बैनर लगे दिखाई दिए। ताप्ती जन्मोत्सव पर भी पूरे शहर में उनके द्वारा सैकड़ों बैनर लगाए गए थे, लेकिन उसमें भाजपा नेताओं के फोटो नही थे। जबकि मंगलवार दिखाई दिए बेनरों में प्रधानमंत्री से लेकर स्थानीय नेताओं के फोटो भी नजर आएजो की सम्मेलन और नगर में चर्चा का विषय बना रहा।

**टिकट के उम्मीदवारों ने भी दिखाई अपनी ताकत:** कार्यकर्ता सम्मेलन में आगामी विधानसभा चुनाव में टिकट के करीब एक दर्जन से अधिक उम्मीदवारों ने अपनी ताकत दिखाते हुए बड़ी संख्या में अपने अपने कार्यकर्ताओं को साथ लेकर कार्यक्रम स्थल पहुंचे।

**कांग्रेसियों ने थामा भाजपा का दामन:** कार्यकर्ता सम्मेलन में कांग्रेस आईटी सेल नगर अध्यक्ष संजू साहू, गोविंद साहू, राहुल साहू, मयूर साहू सहित दुनावा, मासोद, पट्टन, मुलताई ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का साथ छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया। जिन्हें जिला अध्यक्ष बबला शुक्ला ने भाजपा का गमछा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया।

# आवास के लिए सचिव पर पैसे मांगने का आरोप, सीईओ से की शिकायत

**बैतूल, देशबन्धु।** ग्राम आलमपुर सचिव पर आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर पैसे मांगने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता सोमा उइके ने बताया आलमपुर पंचायत में पदस्थ शिवप्रसाद यादव ने उससे 50 हजार रूपए की मांग की है वह पैसा नहीं दे पाए इसलिए उसे आवास योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा है। सोमा ने बताया कि उनका मकान कच्चा होने के कारण गिर गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के लिये ग्राम पंचायत आलमपुर में आवेदन दिया था। सचिव शिवप्रसाद यादव द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाये जाने के लिये 5 हजार रुपये की मांग की गई, नहीं दिये जाने पर सचिव ने लोन पास नही किया। आवेदक सोमा ने जिला पंचायत सीईओ से आग्रह किया है कि उसे प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाते हुए ग्राम पंचायत आलमपुर के सचिव पर उचित कार्यवाही की जाए।

### शिक्षक पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**बैतूल, देशबन्धु।** आठनेर हायर सेकेंडरी स्कूल में कार्यरत उच्च माध्यमिक शिक्षक शेख शमीम के खिलाफ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाते हुए थाना कोतवाली में शिकायत की गई है। थाना रोड टिकारी के डॉ.संदीप खाकरे ने पुलिस को शिकायत पत्र देकर बताया कि अनावेदक शिक्षक शेख शमीम पर जिला न्यायालय में भी प्रकरण चल रहे हैं जिसकी अंतिम सुनवाई अगले सप्ताह में होना तय है। आवेदक ने आरोप लगाया कि शिक्षक शेख शमीम राजीनामा करने के लिए क्लीनिक पर आकर धमकी दे रहा जिससे उनका परिवार भयभीत होकर मानसिक प्रताड़ित है। शिकायतकर्ता का कहना है कि वह जल्द ही पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर शिक्षक पर कार्रवाई की मांग करेंगे। कार्यवाही नहीं होने पर परिवार के साथ न्याय की मांग को लेकर मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे।

# बस स्टैंड पर लगाया जा रहा था 101 फीट का तिरंगा, प्रशासन ने रोका




**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के बस स्टैंड पर समाजसेवी लोकेश गीदकर द्वारा स्वयं के खर्चे से लगाए जा रहे 101 फिट के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे पर लगाई गई आपत्ति हटाकर ध्वज लगाए जाने की अनुमति प्रदान करने के लिए युवाओं ने हस्ताक्षर अभियान प्रारंभ कर तहसीलदार अनामिका सिंह को ज्ञापन सौंपा। युवाओं ने कहा कि नगर का इतिहास रहा है कि यहां पर बिना आंदोलन के कोई भी अच्छा कार्य नहीं होता है। चाहे किसानों के फसल मुआवजा राशि हो या देश प्रेम और नगर के सौंदर्यीकरण के लिए जिले का सबसे ऊंचा तिरंगे का निर्माण किया जाना हो। नगर के बस स्टैंड पर शहीद मनोज चौरे स्मारक स्थल के पास समाजसेवी लोकेश गीदकर के द्वारा जिले का सबसे ऊंचा 101 फुट का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगाए जाने हेतु निर्माण कार्य प्रारंभ था। निर्माण कार्य शुरू हुआ ही था कि लोडिंग ऑटो यूनियन एवं नगर के कुछ लोगों द्वारा आपत्ति ली गई रविवार को नजूल अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य पर रोक लगा दी थी। इस संबंध में मंगलवार को दर्जनों युवाओं ने तिरंगा अभियान के तहत झंडा लगवाने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया। सैकड़ों लोगों ने तिरंगा लगवाए जाने हेतु सहमति देते हुए हस्ताक्षर किए। जिसके बाद युवाओं ने तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार अनामिका सिंह को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द तिरंगा लगवाए जाने के लिए अनुमति प्रदान करने की मांग की। जबकि तिरंगा झंडा लगवाने के लिए खोदे गए गड्ढे को देर शाम अचानक प्रशासन द्वारा जेसीबी लगवाकर बंद करवा दिया गया।

इस संबध में लोकेश गीदकर का कहना है कि वह नगर के सौंदरीकरण और क्षेत्रवासियों के देश प्रेम को देखते हुए 101 फीट ऊंचा तिरंगा झंडा लगवाना चाहते हैं जिसके लिए नगर पालिका से अनापत्ति भी हो चुकी है अन्य विभागों की सहमति पर निर्माण कार्य शुरू कराया गया था। निर्माण कार्य पर रोक के बाद से युवा अक्रोशित है। रोबिन सिंह, शुभम भटनागर, कृष्णा पवार, सलमान मराठी आदि ने बताया कि हम सब चाहते हैं 15 अगस्त पर जिले का सबसे ऊंचा झंडा मुलताई में लहराए।

# मुख्य बिजली घर से कॉपर का केबल चोरी कर ले गए बदमाश

**पाथाखेड़ा क्षेत्र की घटना**

**सारनी, देशबन्धु।** वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा के मुख्य बिजली घर सब स्टेशन पर बीती रात 10 से 12 नकाबपोशों ने धावा बोलकर कॉपर का केवल लेकर फरार हो गए। बताया जाता है कि मंगलवार बुधवार मध्य रात्रि में 1:30 से लेकर 2 बजे के बीच में 10 से 12 नकाबपोश डकैतो ने मुख्य बिजली घर पहुंचे और उन्होंने स्टोर रूम का ताला तोड़कर उसमें रखे कॉपर के केबल को ले जाने का प्रयास कर रहे थे। सुरक्षा प्रहरी दुर्गेश झा और लाइनमैन सुनील बनखेड़े ने इसकी सूचना सुरक्षा विभाग के पेट्रोलिंग दल को दी। पेट्रोलिंग दल के घटना स्थल पर पहुंचते ही नकाबपोश दो राउंड हवा में फायरिंग की। डब्ल्यूसीएल के सुरक्षा प्रहरी और लाइनमेन ने मुख्य बिजली घर में भाग कर अपनी जान बचाई। सुरक्षा विभाग के कर्मचारियों के पास कोई हथियार न होने की वजह से आरोपी मौके से कॉपर केबल ले जाने में सफल हो गए। आश्चर्य की बात यह है कि इस घटना की लिखित शिकायत तक पाथाखेड़ा पुलिस को नहीं दी गई।



**एचएमएस यूनियन ने पाथाखेड़ा महाप्रबंधक से की मुलाकात:** एचएमएस यूनियन के भरत सिंह, संजय सिंह,महेंद्र सिंह यादव,कृष्णा सैनी के माध्यम से पाथाखेड़ा क्षेत्र के महाप्रबंधक लक्ष्मीकांत महापात्रा से मुलाकात करके भूमिगत खदान के अलावा सरफेस में काम करने वाले कर्मचारियों को सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराने की मांग की है यदि कानून व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो पाती है तो इसको लेकर भी एचएमएस यूनियन धरना प्रदर्शन और आंदोलन करने के लिए तैयार है। पाथाखेड़ा चौकी में वर्तमान समय में पर्याप्त बल होने के बाद भी रात्रि गति लगभग दो माह से अधिक समय से बंद है इसको लेकर श्रमिक संगठनों ने विरोध जताया है।

### इनका कहना है

डब्ल्यूसीएल के सुरक्षा विभाग के माध्यम से सब स्टेशन में चोरी हुई या लूट इसकी कोई शिकायत नहीं की है। इस वजह से इस विषय पर कुछ कहा नहीं जा सकता।

**कैलाश पद्राम, प्रधान आरक्षक पाथाखेड़ा चौकी**

# निशा बांगरे के इस्तीफे पर हाईकोर्ट का सरकार को निर्देश

**बैतूल, देशबन्धु।** सरकार द्वारा अपना इस्तीफा मंजूर न करने पर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने वाली डिप्टी कलेक्टर निशा बागरे को हाईकोर्ट से राहत मिलती नजर आ रही है। बांगरे की याचिका हाई कोर्ट जबलपुर ने स्वीकार कर ली है। पद से इस्तीफा देने के बाद उनका इस्तीफा मंजूर नहीं हो रहा था। जिसके खिलाफ उन्होंने अदालत का दरवाजा खटखटाया। जिस पर कोर्ट ने सरकार को नोटिस जारी किया है।

उच्च न्यायालय ने निशा बांगरे की याचिका स्वीकार करते हुए सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव को निर्देश जारी किए हैं कि एक माह के अंदर निशा बांगरे के इस्तीफे पर कार्यवाही करें। निशा बांगरे की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा और उनके बेटे वरूण तन्खा पैरवी कर रहे हैं ।छतरपुर के लवकुश नगर में एसडीएम



के पद पर पदस्थ डिप्टी कलेक्टर ने सरकार से संतान पालन के लिए अवकाश लिया था। इस दौरान आमला में अपने नवनिर्मित घर के गृहप्रवेश कार्यक्रम और सर्वधर्म शांति सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उन्होंने अनुमति मांगी थी। सामान्य प्रशासन विभाग ने उन्हें अनुमति नहीं दी जिससे नाराज होकर उन्होंने पिछले 22 जून को सामान्य प्रशासन विभाग को अपना इस्तीफा भेज दिया था। नियमानुसार यह इस्तीफा 1 माह यानी 22 जुलाई तक मंजूर होना था। लेकिन इस्तीफा मंजूर नहीं हुआ। इस दौरान निशा बांगरे को कई नोटिस जारी हुए है। मप्र उच्च न्यायालय ने सोमवार को निशा बांगरे की इस याचिका पर सुनवाई की गई। निशा बांगरे की तरफ से वरूण तन्खा ने उनका पक्ष रखा। निशा बांगरे की ओर से रखे गए पक्ष में बताया गया कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 24 जनवरी 1973 को मेमो पारित किया था। इसके परिप्रेक्ष्य में उनके त्यागपत्र पर 30 दिन के अंदर कार्यवाही होनी चाहिए थी। निशा बांगरे इस समय आमला विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय है। उन्होंने आमला में ही अपना घर बना लिया है और करीब 3 साल आमला में बतौर एसडीएम पर कार्यरत रह चुकी हैं। चर्चाएं है की वे आमला विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ सकती है। हालाकि उन्होंने अब तक राजनीति में जाने की खुले तौर पर स्वीकारीता नही की है। लेकिन जिस तरह वे पूरे क्षेत्र में करीब 5 वर्षो से सामाजिक ,सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी भागीदारी दे रही है। उनके चुनाव लड़ने के कयास लग रहे है।

# गेहूबारसा को मिला विधायक निधि से पानी का टैंकर, होगा पेयजल समस्या का समाधान

**मुलताई, देशबन्धु।** ग्राम गेहूंबारसा मे पेयजल समस्या को देखते हुए विधायक सुखदेव पांसे ने विधायक निधि से ग्राम पंचायत को पानी का टैंकर प्रदान किया है जिसका लोकार्पण विधायक ने आज ग्रामीणों के समक्ष पूजन पाठ कर किया । विकास खण्ड प्रभात पटटन के ग्राम गेहूबारसा में धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में पानी स्टोरेज तथा परिवहन की कोई व्यवस्था नही थी एवं ग्रीष्म काल में ग्राम गेहूबारसा के बोर का पानी कम हो जाता है जिससे ग्राम की पेयजल व्यवस्था प्रभावित होती है उक्त बात ग्राम पंचायत गेहूबारसा के सरपंच फगनू मसराम, शिवचरण साहू, अरूण मसराम, आजाबराव साबले, मोहित साहू, दिनेश सूर्यवंशी, आनंद आजाद, प्रदीप उईके, बिलसू उईके सरपंच, दिलीप बेले सरपंच आदि ग्रामीणों द्वारा विधायक एवं पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे को अवगत कराया गया था जिस पर विधायक श्री पांसे द्वारा शीघ्र ही विधायक निधि से ग्राम पंचायत गेहूबारसा में पानी का टैंकर उपलब्ध कराये जाने का आश्वासन दिया गया था ।इसी कड़ी में विधायक पांसे द्वारा विधायक निधि से 156700 (एक लाख छप्पन हजार सात सौ रूपये मात्र) रूपये स्वीकृत कर एक पानी का टैंकर खरीदने हेतु ग्राम पंचायत गेहूबारसा को अधिकृत कर दिया था। जिसे आज विधायक पांसे द्वारा ग्राम पंचायत गेहूबारसा को सुपुर्द कर दिया है। यहां यह उल्लेखनीय है कि ग्राम गेहूबारसा में वर्षो से ग्रामीण जन पेयजल एवं पेयजल परिवहन की समस्या से जूझ रहे थे जिसे अब निजात मिलेगी।

# जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव 25 को



**हरदा , देशबन्धु।** जिला अधिवक्ता संघ हरदा के पदाधिकारी एवं कार्यकारणी सदस्यों का निर्वाचन होना है। दो वर्षीय कार्यकाल के लिए एक एक पद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष,ग्रंथ पाल एवं 10 का कार्यकारिणी सदस्य का निवार्चन किया जाना है। विधिवत रुप से निर्वाचन अधिकारी गण अनिल एस बिल्लौरे, शैलेंद्र जोशी एवं ओ.पी.मोरछले द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम तय कर घोषित किया गया है। अधिवक्ता उम्मीदवारों द्वारा प्रत्याशी नामांकन फॉर्म लेने व जमा करने 10,11 एवं 12 अगस्त, प्राप्त उम्मीदवार नामांकन फॉर्म सूची का प्रकाशन 14 अगस्त, प्राप्त प्रत्याशी नामांकन फार्म की सूक्ष्म जांच अर्थात स्कूटनी 14 अगस्त, स्कूटनी उपरांत उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन 14 अगस्त, प्राप्त उम्मीदवारों के फॉर्म पर दावे /आपत्ति की प्रस्तुति 16 अगस्त, प्राप्त दावे आपत्ति की सुनवाई और निराकरण 17 अगस्त, उम्मीदवारों द्वारा नामांकन आवेदन वापसी 18 अगस्त, उम्मीदवारों के नाम की अंतिम सूची का प्रकाशन 18 अगस्त, मतदान सभी पदों के लिए 25 अगस्त, तथा मतगणना 28 अगस्त को होगी। इस बार एक दिवसीय मतदान किया जाएगा। 10 कार्यकारिणी सदस्य में से एक एक पद कार्यकारिणी सदस्य का पद तहसील अधिवक्ता संघ खिरकिया एवं तहसील अधिवक्ता संघ टिमरनी के लिए आरक्षित है तथा एक पद कार्यकारिणी सदस्य महिला अधिवक्ता हेतु आरक्षित है। तीन कार्यकारिणी सदस्य जिनका अधिवक्ता व्यवसाय का अनुभव 10 वर्ष या इससे कम हो के लिए आरक्षित है। इसके लिए प्रत्याशियों को नामांकन फार्म के साथ लिखित में घोषणा पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के लिए न्यूनतम 20 वर्ष का अधिवक्ता व्यवसाय तथा सचिव पद के प्रत्याशी के लिए 15 वर्ष का अधिवक्ता व्यवसाय का अनुभव होना आवश्यक है। निर्वाचन में एक अधिवक्ता एक पद का नियम लागू रहेगा। मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के निर्देशानुसार एक बार एक वोट का सिद्धांत अनिवार्यता लागू रहेगा। आपत्ति /दावा प्रस्तुत करते समय मतदाता अधिवक्ता का उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। पदाधिकारी गण के पद के प्रत्याशियों का प्रस्तावक अथवा समर्थक एक ही पद के लिए एक से अधिक प्रत्याशियों का प्रस्ताव अथवा समर्थक नहीं हो सकेगा। नामांकन आवेदन पत्र का शुल्क 100 रूपये निर्धारित किया है।

*नपाध्यक्ष बोले-4 माह में बनकर हो जाएगी तैयार*

# 7 वार्डों को जोड़ने वाली सड़क बदहाल, आवागमन प्रभावित

**सारनी, देशबन्धु।** पाथाखेड़ा के सात वार्डो को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग अपनी बदहाली पर आंसू बाहर रहा है। वेस्टर्न कोल फील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा की पीके 1 पीके 2 खदान के बंद हो जाने के बाद इस मार्ग की देखरेख एवं मरम्मत करने के लिए कोई भी विभाग तैयार नहीं है। ऐसी स्थिति में यह मुख्य मार्ग सात वार्डो को जोड़ने का कार्य करता है और इसका निर्माण कार्य भगवान भरोसे दिखाई दे रहा है। बारिश के दौर में बंद हो चुकी पीके वन खदान से लेकर पीके टू खदान तक एक हजार से अधिक छोटे-बड़े गड्ढे निर्मित हो गए हैं इन गड्डो को जन सहयोग से भरकर आवागमन करने का कार्य किया जा रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि नगर पालिका परिषद सारनी के अध्यक्ष किशोर वरदे भी इसी मार्ग से प्रतिदिन आवागमन करते हैं लेकिन उन्हें इस सड़क की दुर्दशा दिखाई नहीं दे रही है ऐसे में जन सरोकार के माध्यम से इस सड़क के नवीनीकरण किए जाने की मांग उठने लगी है।



**जल आवर्धन कंपनी ने खराब की मुख्य सड़क:** वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा कि बंद हो चुकी पीके वन,पीके टू खदान के बीच में महाराणा प्रताप वार्ड क्रमांक 17,संत रविदास वार्ड 23,लाल बहादुर शास्त्री वार्ड 24,छत्रपति शिवाजी वार्ड 25,स्वामी विवेकानंद वार्ड 26,डॉ राजेंद्र प्रसाद वार्ड 27,रविंद्र नाथ टैगोर वार्ड 28 के लोग इस मार्ग पर आवागमन करते हैं। खदान के बंद हो जाने के बाद मार्ग की स्थिति बेहतर थी लेकिन जल आवर्धन योजना के अंतर्गत घरों में नल कनेक्शन देने वाली कंपनी के माध्यम से सड़क को खोद-खोदकर खराब कर दी है आश्चर्य की बात यह कि जल आवर्धन योजना के माध्यम से सड़क जो को खोदी गई है उस पर आरसीसी करना चाहिए था लेकिन जल आवर्धन कंपनी के माध्यम से सिर्फ गड्डा खोदकर पाइप डालने का कार्य किया लेकिन उस पर आरसीबी का कार्य नहीं किया गया जिसकी वजह से यह सड़क और ज्यादा बदहाल हो गई है।

### इनका कहना है

एक करोड़ 62 लाख रुपए की लागत से बंद हो चुकी पीके वन खदान से लेकर ए बी टाइप तक सड़क का निर्माण किया जाएगा इसकी अवधि 4 माह की रहेगी। विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे की उपस्थिति में 11 अगस्त को इस मार्ग का भूमिपूजन किया जाएगा। बालाजी कंस्ट्रक्शन कंपनी को सड़क निर्माण का कार्य मिला है इसकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाएगा।

**किशोर बरदे, नपाध्यक्ष सारनी**

## सार समाचार

### 13 से 15 अगस्त तक आयोजित होगा हर घर तिरंगा अभियान

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान आगामी 13 से 15 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिये है कि जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में इस अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए और ग्रामीणों को तिरंगे के साथ सेल्फी अपलोड करने के लिये प्रेरित किया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा है कि कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद अपने-अपने कार्यालय से इस कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में प्रतिवेदन तैयार कर प्रेषित करें।

### तवा बांध से पावर हाउस को पानी देने की मात्रा बढ़ाई

**इटारसी, देशबन्धु।** तवा बांध से एचईजी पावर हाउस को पानी देने की मात्रा बढ़ा दी है। बांध में धीरे-धीरे पानी बढ़ रहा है, लेकिन यह 15 अगस्त के लेबल से अधिक होने के बाद प्रबंधन ने एचईजी पावर हाउस को पानी देना प्रारंभ कर दिया है। पावर हाउस को सबसे पहले 5 अगस्त से 22 सौ क्यूसेक पानी देना प्रारंभ किया था। फिर बारिश की कमी और बांध में पानी की गति में कमी को देखते हुए पानी की मात्रा घटनाकर 19 सौ क्यूसेक कर दी थी। लेकिन, वर्तमान में बांध में जलस्तर 15 अगस्त के स्तर 1160 से बढ़कर 1161.10 फीट हो गया है, ऐसे में जलस्तर को मेंटेन करने पावर हाउस को 3600 क्यूसेक (102 क्यूमेक्स) पानी दिया जा रहा है।

### बिजली विभाग के अफसरों को दी क्षतिग्रस्त खंभों की जानकारी



**इटारसी, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत मेहरागांव में वर्षों पहले लगे बिजली के खंभे जो क्षतिग्रस्त हो गये या फिर कुछ झुक गये हैं, उनकी जानकारी आज सांसद प्रतिनिधि मनोज पोपली ने डीई राजीव रंजन और जेई सिद्धार्थ सिंह भदौरिया को दी। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच जितेंद्र पटेल सरपंच, श्रीमती वर्षा कुलकर्णी विधायक प्रतिनिधि महिला बाल विकास समिति, शेख यूनुस विधायक प्रतिनिधि, एमपीईबी सिवनी मालवा, मुन्ना पाल समाजसेवी, ओम पाल, लखन सोनी, सुरेश मेहरा, मुकेश दुनगे, कमलेश पाल, सौरभ पटेल, वीरेंद्र लोवंशी आदि भी उपस्थित थे।

### विश्व आदिवासी दिवस पर आज निकाली जाएगी रैली

**इटारसी, देशबन्धु।** कल 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाएगा। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विश्व आदिवासी दिवस पर इटारसी में जिलेभर के आदिवासी संगठनों के पदाधिकारी और सदस्य एकजुट होकर रैली निकालेंगे। रैली में शामिल होने के लिए गांव-गांव जाकर प्रचार-प्रसार करके आदिवासी परिवारों को आमंत्रित किया है। इटारसी में पुरानी इटारसी से एक रैली हर वर्ष निकाली जाएगी। इस रैली में जिले के शहरों और गांवों से बड़ी संख्या में आदिवासी महिला, पुरुष, बच्चे, बुजुर्ग शामिल होंगे। आदिवासी सेवा समिति तिलक सिंदूर द्वारा भी विश्व आदिवासी दिवस पर ग्रामीण अंचलों में रैली निकाली जाती है। मीडिया प्रभारी ने विनोद वारिवा बताया कि, 9 अगस्त एक त्योहार के रूप में मनाया जा रहा है। गांव और शहर में, आदिवासी सांस्कृतिक रीति रिवाज परंपराओं, संवैधानिक अधिकार को संरक्षित करने, जंगल, जमीन, संविधान बचाओ की भावना के साथ पारंपरिक वेशभूषा, शस्त्र के साथ रैली निकाली जाएगी। इधर आदिवासी ब्लाक केसला में सुखतवा पट ग्राउंड स्वास्थ्य केंद्र, हाई सैकेंड्री स्कूल, नीमखेड़ा रोड ग्राउंड पर समापन होगा। आदिवासी सेवा समिति तिलक सिंदूर संगठन, प्रत्येक वर्ष सिवनी मालवा में रैली निकालता है, लेकिन इस वर्ष केसला सुखतवा में रैली पहुंचेगी जो सुबह 10:30 बजे से जमानी, धाईं, पीपलढाना, जुझारपुर, पुरानी इटारसी से 69 हाईवे होकर केसला, सुखतवा पहुंचेगी।

# जनसुनवाई में आए 121 आवेदन, कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने आमजनों द्वारा दिए गए आवेदनों का त्वरित निराकरण किया। जनसुनवाई में कुल 121 आवेदन आएं। जनसुनवाई में ग्राम शिवपुर निवासी लीलाबाई यादव ने बताया कि उन्हें पीएम सम्मान निधि योजना की राशि नहीं मिल पा रही है। जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार सिवनीमालवा को आवेदन की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। तहसीलदार सिवनीमालवा ने अपनी जांच रिपोर्ट में बताया कि आवेदक लीलाबाई का नाम योजना में दर्ज है। उन्हें योजना के तहत विगत 9 किश्त की राशि भी प्राप्त हो चुकी है। लेकिन आधार सीडिंग ना होने के कारण योजना की राशि मिलना बंद हो गई है। जिस पर लीलाबाई की आधार सीडिंग की कार्यवाही की जा रही हैं जिससे आवेदक को पहले की तरह राशि खाते में प्राप्त हो पाएगी। जनसुनवाई में तहसील सिवनीमालवा की कृषक हरिशंकर लोवंशी ने वर्ष 2021 22 की फसल बीमा की राशि नहीं मिलने के संबंध में आवेदन दिया। इसी प्रकार सिवनीमालवा के ही कृषक सरजोर सिंह, सुंदरलाल तिवारी एवं राजेश यदुवंशी ने भी फसल बीमा की राशि प्राप्त नहीं होने की समस्या बताई। जिस पर कलेक्टर ने उप संचालक कृषि को आवेदन की जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। उप संचालक कृषि ने रिपोर्ट प्रस्तुत कर बताया कि आवेदक कृषक सुंदरलाल तिवारी फसल बीमा की राशि के लिए अपात्र हैं। शेष आवेदक हरिशंकर लोवंशी, सरजोर सिंह एवं राजेश यदुवंशी को फसल बीमा कंपनी द्वारा राशि प्रदान करने की कार्यवाही की जा रही है। जनसुनवाई में नर्मदापुरम के चौरे गली निवासी बिसनीया बाई की आंधी तूफान एवं अतिवृष्टि के कारण विवेकानंद घाट पर पेड़ गिर जाने से हुई मृत्यु के प्रकरण में मृतक बिशनिया बाई के परिजनों को रेड क्रॉस के तहत नकद 5 हजार की राशि प्रदान की गई। पूर्व में मृतक के परिजनों को रेडक्रॉस के तहत 5000 की राशि का चेक प्रदान किया गया था। जनसुनवाई में यह तथ्य सामने आया कि महिला का खाता सक्रिय ना होने कारण राशि अंतरित नहीं हो पा रही है। जिस पर कलेक्टर ने रेड क्रॉस के तहत नकद आर्थिक सहायता दिए जाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहें।

### ब्याज सहित वसूल रहे वेतनवृद्धि की राशि

छोटेराम यादव, सेवानिवृत्त कर्मचारी ने जनसुनवाई में आवेदन कर बताया कि वे 30 जून 2023 को प्राचार्य शासकीय उमावि डोलरिया से सेवानिवृत हुए है। आयुक्त कोष एवं लेखा भोपाल के आदेश क्रमांक 25 अगस्त 2022 के द्वारा प्रार्थी को प्रदाय की गई 02 वेतनवृद्धि अधिक भुगतान की राशि वसूली की कार्यवाही प्राचार्य शासकीय उमावि डोलरिया एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम के माध्यम से डीपीएप से प्राप्त होने वाले ब्याज के अनुसार ब्याज सहित की जा रही है। उन्होंने बताया कि मुझे जो 2 वेतनवृद्धि अधिक भुगतान प्राप्त हुआ है उसमें अधिक भुगतान की राशि ब्याज सहित वसूली का आयुक्तकोष एवं लेखा के पत्र में कही भी उल्लेख नहीं है।

### कीटनाशक दवा से चौपट हुई सोयाबीन की फसल

अनिल पाल निवासी गनेश ने आवेदन कर बताया कि कीटनाशक दवाई एवं खरपतवार नाशक दवाई के इस्तेमाल से करीब 4 एकड में लगी सोयाबीन की फसल नष्ट हो गई है। आवेदक ने आवेदन में कहा कि खरगावली स्थित कृषि भूमि रकबा 4 एकड़ के लगभग जो मेरे द्वारा वर्ष 23-24 में सिकमी पर लिया है, उसमें सोयाबीन की फसल लगाई है। जो कि किसान द्वारा 30000 रूपये एकड़ के हिसाब से सिकमी ली गई है। आवेदक द्वारा अपनी 4 एकड सोयाबीन फसल में 20 जुलाई को खरीदी गई दवाईया का छिड़काव किया। तीन दिन बाद से उक्त दवाईयों का दुष्परिणाम दिखने लगा और सम्पूर्ण फसल पूर्णत: नष्ट हो गई। आवेदन में किसान ने उक्त तथ्यों पर विचार उपरांत उचित कार्यवाही कर न्याय देने की मांग की है।

### जनसुनवाई में आए दिव्यांगों को दी गई मतदान प्रक्रिया की जानकारी

आगामी विधान सभा निर्वाचन-2023 के लिए जिला प्रशासन की व्यापक स्तर पर तैयारी चल रही है। इनमें ईव्हीएम के प्रदर्शन भी सभी अनुविभाग मुख्यालयों पर किया जा रहा है। मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए दिव्यांगों सहित अन्?य लोगों को ईवीएम मशीन के माध्यम से मतदान प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। चुनाव प्रचार-प्रसार के तहत मोबाइल वेन के माध्यम से भी चारों विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नीरज कुमार सिंह द्वारा सभी रिटर्निंग आफीसर्स को निर्देश दिए गए हैं कि अपने-अपने क्षेत्र में रूट चार्ट के अनुसार प्रचार रथ का संचालन करें ताकि व्यापक रूप से मतदाता जागरूकता प्रचार- प्रसार किया जा सकें। जिसे जिस भी स्थान पर वैन को रोक कर प्रदर्शन किया जाये, वहाँ सहज-सदृश स्थल पर लगाया जावे। जारी निर्देशों के अनुसार रिटर्निंग ऑफिसर्स होशंगाबाद विधानसभा, सिवनीमालवा विधानसभा, पिपरिया विधानसभा, और सोहागपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में प्रदर्शन किया जा रहा हैं।

# आज संसद मार्च के लिए दिल्ली जाएंगे रेलवे कर्मचारी

**इटारसी,देशबन्धु।** वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्प्लाइज यूनियन एवं ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के आह्वान पर भोपाल मंडल के रेलवे कर्मचारी कल 9 अगस्त को गोंडवाना एक्सप्रेस, गोवा एक्सप्रेस और तमिलनाडु एक्सप्रेस से दिल्ली जाएंगे जहां संसद के घेराव का कार्यक्रम है।

कामरेड शिव गोपाल मिश्रा, मुकेश गालव, फिलिप ओमेन, टीके गौतम, आरके यादव, जावेद खान, मनोज रैकवार, भूमेश माथुर, मनीष भगत, प्रीतम तिवारी, तरुण शुक्ला, उमेश निकम, रवि राय और भोपाल मंडल की 15 शाखाओं के अध्यक्ष, सचिव पदाधिकारियों, महिला विंग एवं युवा पदाधिकारियों के साथ अपने हक के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम को पाने के लिए एवं नई पेंशन स्कीम को समाप्त करने के लिए दिल्ली पहुंचेंगे।

यूनियन प्रवक्ता ने प्रीतम तिवारी ने बताया कि कामरेड मुकेश गालव के नेतृत्व में जबलपुर जोन से लगभग 10,000 रेलवे कर्मचारी दिल्ली जाएंगे। दिल्ली में देश के सभी संगठन केन्द्र सरकार की न्यू पेंशन स्कीम के विरुद्ध रामलीला मैदान पर आमसभा लेंगे एवं संसद मार्च करेंगे। उन्होंने सभी युवाओं से अपील की है कि अपने परिवार के हक के लिए 1 दिन की छुट्टी लेकर दिल्ली चलें।

# लायंस क्लब पंख ने लगाया शुगर एवं बीपी चेकअप कैंप



**इटारसी, देशबन्धु।** लायंस क्लब इटारसी पंख द्वारा गुरुद्वारा श्री गुरु सिंग सभा में डायबिटीज एवं बीपी चेकअप कैंप लगाया गया, जिसमें 161 लोगों की जांच की गई। जांच में 19 लोगों की शुगर बढ़ी पाई गई। उन्हें डॉक्टर्स से परामर्श की सलाह दी एवं डाइट चार्ट देकर फॉलो करने को कहा गया। इस दौरान जिनका बीपी बढ़ा हुआ पाया गया उन्हें भी समय पर खानपान एवं दवा लेने और योग, कसरत करने की सलाह दी गई। इस कैंप में क्लब अध्यक्ष लायन ऋतु राजपूत, डीसी लॉयन हेमा पुरोहित, प्रथम उपाध्यक्ष लॉयन जया गांधी, कोषाध्यक्ष लायन कविता भावसार, मधुमेह कॉस की क्लब चेयरपर्सन लायन पिंकी जुनेजा, लायन रश्मि छाबड़ा, लायन अमरजीत कौर एवं अन्य उपस्थित थे।

# रामचरित मानस मर्यादा और अनुशासन सिखाती है : विदेह महाराज



**इटारसी, देशबन्धु।** श्रावण मास में श्री द्वारिकाधीश मंदिर में चल रहे सत्संग सप्ताह के अंतर्गत आखरी कथा में प्रसिद्ध कथाकार जगतगुरु स्वामी विदेह महाराज की राम कथा का श्रीगणेश हुआ इस दौरान स्वामी विदेह महाराज ने कथा के दौरान रामायण के महत्व, तुलसी चरित्र और सती की कथा का सुंदर चित्रण किया।

कथा को विस्तार देते हुए स्वामी विदेह महाराज ने बताया कि रामायण हिंदुओं का प्रमुख ग्रन्थ है। रामायण बताती है कि कुछ गुणों को अपनाकर और कुछ खास बातों का ध्यान में रखकर मर्यादा एवं अनुशासन वाला जीवन जीना चाहिए। इससे बुराई पर अच्छाई की जीत होती है। रामायण एक राजपरिवार और राजवंश की कहानी है जो पति-पत्नी, भाई और परिवार के अन्य सदस्यों के आपसी रिश्तों के आदर्श पेश करती है।

सती की कथा को विस्तार देते हुए स्वामी विदेह महाराज ने कहा कि वन में भगवान शिव ने राम को देखा और प्रणाम किया। यह देखकर माता सती का माथा ठनक गया। सती सोचने लगी कि जिसे सभी प्रणाम करते हैं, वे एक राजकुमार को प्रणाम कर रहे हैं, तब माता सती को शिव ने बताया कि ये वही भगवान श्रीराम हैं, जिनकी कथा हम सुनकर आए हैं। लेकिन माता सती के मन में शंका उत्पन्न हो गई और उन्होंने श्रीराम की परीक्षा लेने के लिए माता सीता का रूप धारण कर लिया और वन में उसी जगह बैठ गईं, जहां से राम और लक्ष्मण आ रहे थे। जैसे ही श्रीराम ने माता सीता के रूप में सती को देखा तो उन्होंने प्रणाम किया राम ने पूछा कि माता आप अकेले वन में क्या रही हैं, महादेव नहीं आए? सती ने यह सुनकर मान लिया कि श्रीराम सच में आदि पुरुष के अवतार हैं।

जब भगवान शिव ने सती से पूछा कि राम की परीक्षा ले ली तब सती ने झूठ कहा कि उन्होंने कोई परीक्षा नहीं ली, लेकिन भगवान शिव समझ गए कि वह झूठ बोल रही हैं। इससे भगवान शिव को बड़ा दुख हुआ, क्योंकि सती ने माता सीता का रूप धारण किया जो स्वयं उनकी मां हैं। अब सती को पत्नी रूप में स्वीकार करना संभव नहीं, इसलिए अब सती को मानसिक त्याग करना होगा। इसके बाद भगवान शिव मन ही मन माता सती से विरक्त हो गए। सती को अपनी गलती का अहसास हुआ, परंतु भगवान शिव समाधिस्थ हो गए। आज की कथा के यजमान दीपक जीडी अग्रवाल ने साथियों सहित महराज का स्वागत किया।

# जीपीएस के बच्चों के समक्ष पंडित सलिल भट्ट ने दी वीणा वादन की प्रस्तुति




**इटारसी, देशबन्धु।** जीनियस प्लानेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्पिक मैके चैप्टर इटारसी के माध्यम से विश्व प्रसिद्ध सात्विक वीणा वादक पंडित सलिल भट्ट ने सात्विक वीणा वादन की प्रस्तुति दी। पंडित सलिल भट्ट विश्व प्रसिद्ध मोहन वीणा वादक पंडित विश्वमोहन भट्ट के सुपुत्र हैं। इनके साथ तबले पर संगत असम गुवाहाटी से आये कौसिक कुंवर ने दी।

संचालन कर रही खुशी सिद्दीकी ने पंडित भट्ट एवं उनके वीणा वादन की जानकारी विस्तार से सभी विद्यार्थियों को दी। शुरूआत दीप प्रज्वलन और बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना गाकर की गई। स्कूल डायरेक्टरद्व मो जाफर सिद्दीकी और मनीता सिद्दीकी एवं समस्त स्पिक मैके सदस्यों ने कलाकारों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। पंडित सलित भट्ट ने अपनी सात्विक वीणा वादन के सुरों को छेड़ा और उपस्थित सभी जनों को मोहित कर एक अलौकिक संसार में ले गए। उन्होंने बच्चों के सात सुरों का ज्ञान दिया जिसे स्कूली बच्चों ने बहुत खूबसूरती से सीखा और अपनाया। तबले की संगत के साथ जब भैरव राग सुनाया तो सभी बच्चे बड़े प्रफुल्लित हो उठे।

कार्यक्रम में स्पीक मैके चैप्टर इटारसी के अध्यक्ष हेमंत शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुधीर गोठी, समन्यक सुनील वाजपई, होम साइंस कॉलेज के सेवानिवृत्त प्राचार्य ज्ञानेंद्र पांडेय, बीबी आर गांधी, विनीत चौकसे, सज्जन लोहिया, रितेश शर्मा, सुषमा परमहंस, सिंगर अजय राज, सर्वजीत सिंह सैनी, राकेश दुबे आदि उपस्थित थे। स्कूल संचालक ने दोनों कलाकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्राचार्य विशाल शुक्ला ने सभी का आभार प्रदर्शन किया।

# पंच परमेश्वर नाटक रंग कर्मियों के दमदार अभिनय से सफल हुआ



**इटारसी, देशबन्धु।** भारत की सनातन परंपरा में निष्पक्ष न्याय व्यवस्था का सर्वोपरी स्थान रहा है। इसी बात को रेखांकित करती हुई कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की एक कालजई कहानी पंच परमेश्वर है।

मुंशी प्रेमचंद की इस कहानी का नाट्य रूपांतरण नर्मदांचल के प्रख्यात रंगकर्मी एवं निर्देशक कर्मवीर सिंह ने संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली के सहयोग एवं कर्मवीर जन शिक्षण एवं सांस्कृतिक समिति के माध्यम से कवि भवानी प्रसाद मिश्र ऑडिटोरियम में कलाकारों के दमदार अभिनय की प्रस्तुति के साथ मंचित किया, जो सभागार में भारी संख्या में उपस्थित दर्शकों के हृदय पर अमिट छाप छोड़ गया।

नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती रितु मेहरा के दीप प्रज्वलन के साथ नाटक पंच परमेश्वर आरंभ हुआ। 'पंच परमेश्वर' एक आदर्श को जीती-जगाती कहानी है। इसका अमर वाक्य, 'क्या बिगाड़ के डर से ईमान की बात न कहोगे' आज भी हमारी न्याय-बुद्धि की कसौटी बना हुआ है। पंच, परमेश्वर के समान होते हैं। उनके सामने कोई छोटा-बड़ा, मित्र-शत्रु इस कदर भेद नहीं होता। वे सत्य का पक्ष लेते हैं। बिल्कुल तटस्थ होकर न्यायदान का कार्य करते हैं। पंच जो सुनाता है वह उसकी देववाणी होती है।

पंच परमेश्वर नाटक में बूढ़ी खाला (जुम्मन की मौसी) अंजना राय, जुम्मन शेख कुलदीप रघुवंशी, अलगू चौधरी लोकेश पवार, संजू साहू क्रिस शर्मा, जुम्मन शेख की पत्नी रोशनी कुशवाहा, चेला शिव रघुवंशी, बैल रौनक पाटकर, अन्य ग्रामीण बलवीर सिंह, हिमांशु शाक्य के दमदार अभिनय की भारी सराहना की हुई। नाटक में गीतों एवं संगीत का नया प्रयोग किया गया जिसे दर्शकों की भारी सराहना मिली। वाद्य यंत्र पर लक्ष्मी नारायण भौंसले एवं संगीत निर्देशन माधव सिंह का रहा। मंच परिकल्पना कुंदन सारंग, मंच निर्माण एवं सह प्रयोग प्रियंका नागर, मोहम्मद अफाक, प्रबंध समन्वय नीरज सिंह चौहान, उद्घोषक ब्रजकिशोर पटेल एवं राजकुमार दुबे का विशेष सहयोग रहा।

# सरकारी विभागों में कार्यरत ठेका व आउससोर्स कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर

**इटारसी, देशबन्धु।** श्रम अधिनियमों के प्रावधान का परिपालन संबंधित ठेकेदार/नियोजक को करने की अनिवार्यता के चलते अब ठेका और आउटसोर्स कर्मचारियों को शोषण से मुक्ति मिलना संभव हो सकेगी। मप्र शासन श्रम विभाग ने माना है कि वर्तमान में शासकीय विभागों, उपक्रमों तथा निगम और मंडलों में विभिन्न कार्यों जैसे सफाई कर्मी (हाउसकीपिंग), कम्प्यूटर आपरेटर, डाटा एंट्री आपरेटर, चौकीदार, ड्रायवर, निर्माण, सुरक्षा कर्मी आदि के रूप में ठेका एवं आउटसोर्स पर श्रमिकों/कर्मचारियों को नियोजित किया जाता है, लेकिन उनको श्रम कानूनों के प्रावधानों का लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है।

जिन ठेकेदारों और एजेंसियों के माध्यम से इन श्रमिकों/कर्मचारियों को नियोजित किया जाता है, उस विभाग द्वारा उन ठेकेदारों का पंजीयन/लायसेंस ठेका श्रम अधिनियम 1970 के अंतर्गत प्राप्त करने हेतु प्रावधान का परिपालन नहीं कराया जाता है। अब अधिनियम के अनुसार 20 या 20 से अधिक ठेका श्रमिकों के नियोजन पर संबंधित विभाग/उपक्रम/निगम/मंडल को अधिनियम में प्रमुख नियोजक के रूप में पंजीयन एवं ठेकेदार को लायसेंस श्रम विभाग से लेना अनिवार्य कर दिया है। ठेका एवं आउटसोर्स पर कार्यरत श्रमिकों/कर्मचारियों को ठेका श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1970, भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार (नियोजन का विनियमन एवं सेवा शर्तें) अधिनियम 1996, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948, वेतन भुगतान अधिनियम 1936 एवं बोनस भुगतान अधिनियम 1965 आदि में वर्णित प्रावधानों का लाभ मिलना कानूनी रूप से अनिवार्य है।

इन श्रमिकों/कर्मचारियों को शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी, नियम समय पर वेतन का भुगतान, यदि ओवरटाइम कार्य किया गया है तो ओवरटाइम का भुगतान, बोनस राशि का भुगतान, पीएफ राशि तथा ईएसआईसी के अंशदान का भुगतान करते हुए इन योजनाओं का लाभ तथा ग्रेच्युटी, साप्ताहिक अवकाश आदि अन्य वैधानिक सुविधाएं प्राप्त होना आवश्यक है।

### 1 अप्रैल 2023 से 30 अक्टूबर 2024 तक मजदूरी की दरें

| श्रेणी | - | दैनिक वेतन | मासिक वेतन |
|---|---|---|---|
| अकुशल | - | 371 रुपए | 965 रुपए |
| अर्धकुशल | - | 404 रुपए | 10507 |
| कुशल | - | 457 रुपए | 11885 |
| उच्च कुशल | - | 507 रुपए | 13185 |

### प्रमुख सचिव के आदेश

प्रमुख सचिव श्रम विभाग मप्र शासन के आदेश हैं कि समस्त विभागों एवं शासकीय उपक्रमों, निगमों व मंडलों में आउट सोर्स एवं ठेके पर कार्यरत कर्मचारियों को विभिन्न श्रम कानूनों का लाभ दिलाये जाने हेतु यह अपेक्षित है कि प्रमुख नियोजक के रूप में संबंधित विभाग, उपक्रमों, निगमों व मंडलों या उनके स्थानीय सक्षम अधिकारी द्वारा तत्काल पंजीयन प्राप्त करने की कार्यवाही की जाए तथा ठेकेदार/आउटसोर्स एजेंसी को अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के निर्देश जारी किये जाएं। यह सुनिश्चित करें कि मजदूरों को नियत समय पर पात्रतानुसार निर्धारित न्यूनतम मजदूरी का भुगतान, बोनस राशि का भुगतान, ओवर टाइम का भुगतान एवं कर्मचारी भविष्य निधि, राज्य बीमा का अंशदान जमा हो व ग्रेच्युटी एवं आकाश आदि समस्त सुविधाएं नियमानुसार प्राप्त हों।

मुख्यमंत्री से की उद्योगपतियों ने भेंट

# प्रदेश में होगा 4 हजार करोड़ से अधिक का निवेश



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से आज यहाँ रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, हेतिच इंडिया और पेप्सिको इंडिया उद्योग समूह के प्रतिनिधियों ने भेंट की तथा प्रदेश में बायो गैस, फर्नीचर फिटिंग्स और खाद्य प्र-संस्करण इकाइयों की स्थापना के संबंध में चर्चा की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने उद्योगपतियों और निवेशकों का प्रदेश में स्वागत करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

## रिलायंस लगाएगा कम्प्रेस्ड बायो गैस और बायो गैस सघनीकरण संयंत्र

मुख्यमंत्री श्री चौहान को रिलायंस इंडस्ट्रीज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री फरहान अंसारी तथा उपाध्यक्ष श्री विवेक तनेजा ने बताया कि उनका समूह प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर लगभग 1970 करोड़ रूपये के निवेश से 10 कम्प्रेस्ड बायो गैस और 15 बायो गैस सघनीकरण संयंत्र स्थापित कर जैव ऊर्जा क्षेत्र में प्रवेश का इच्छुक है। मुख्यमंत्री श्री चौहान से रिलायंस के प्रतिनिधियों ने राज्य को होने वाले दीर्घकालिक लाभ और कम्पनी की अपेक्षाओं के संबंध में चर्चा की।

## हेतिच इंडिया की फर्नीचर हार्डवेयर उत्पादों के निर्माण में है विशेषज्ञता

मुख्यमंत्री श्री चौहान से फर्नीचर हार्डवेयर उत्पादों के निर्माण में विशेषज्ञता रखने वाली जर्मन कम्पनी हेतिच इंडिया के प्रबंध संचालक आंद्रे अकोल्ट ने भेंट कर पीथमपुर में 700 करोड़ रूपए के निवेश से स्थापित हो रही कम्पनी की नई इकाई की जानकारी दी। इकाई में लगभग 500 लोगों के लिए रोजगार सृजित होगा। कम्पनी द्वारा पीथमपुर में वर्ष 2020 में 300 करोड़ रूपए के निवेश से एक इकाई स्थापित की जा चुकी है, जिससे लगभग 600 लोगों के लिए रोजगार सृजित हुआ है। हेतिच इंडिया इस इकाई का भी 270 करोड़ रूपए के निवेश के साथ विस्तार कर रही है। कब्जे (हिंज) बनाने की इस इकाई से भी लगभग 600 लोगों के लिए रोजगार सृजित होगा।

## पेप्सिको उज्जैन में कार्बोनेटेट पेय इकाई स्थापित करने की इच्छुक

मुख्यमंत्री श्री चौहान से पेप्सिको इंडिया के प्रेसीडेंट श्री अहमद अल शेख, चीफ फाइनेंशियल ऑफीसर श्री किशोर मित्रा और चीफ कार्पोरेट अफेयर्स सुश्री गरिमा सिंह ने भेंट की। पेप्सिको विश्वव्यापी उपस्थिति रखने वाली प्रमुख खाद्य और पेय कम्पनी है। पेप्सिको इंडिया लगभग एक हजार 155 करोड़ रूपए के निवेश के साथ विक्रम उद्योगपुरी उज्जैन में खाद्य प्र-संस्करण (कार्बोनेटेट पेय) इकाई स्थापित करने की इच्छुक है, जिसमें लगभग 150 लोगों के लिए रोजगार सृजित होंगे।

## हरदेनिया ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की



**भोपाल,देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निवास पर कमलनाथ के समक्ष गाडरवारा के संघ प्रचारक सत्यस्वर हरदेनिया ने कमलनाथ, कांग्रेस की विचारधारा और सिद्धांतों से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने हरदेनिया को कांग्रेस पार्टी का दुपट्टा पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलायी और उनका पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर मप्र कांग्रेस समाज कल्याण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अनुराग भार्गव, युवा नेता अभिनय ढिमोले सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## विश्व आदिवासी दिवस और भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ पर कार्यक्रम आज

**भोपाल,देशबन्धु।** विश्व आदिवासी दिवस और भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ पर देश भर में अभा कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कांग्रेस पार्टी प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगी। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि 9 अगस्त को विष्व आदिवासी दिवस और भारत छोड़ों आंदोलन दिवस के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय 11.30 बजे कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया भी उपस्थित रहेंगे।

# हनुमंत कथा कराने पर घिरे कमलनाथ, मुख्यमंत्री ने बताया चुनावी भक्ति

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ द्वारा छिंदवाड़ा में पंडित धीरेंद्र शास्त्री की हनुमंत कथा कराने को लेकर सियासी बयानबाजी शुरू हो गई हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसे उनकी चुनावी भक्ति बताया। श्री चौहान ने कहा कि जो लोग कभी भगवान राम को काल्पनिक मानते थे, वे कथा और हनुमान चालीसा का पाठ करा रहे हैं और वे ऐसा करने के लिए मजबूर हैं। पत्रकारों से चर्चा में मुख्यमंत्री ने कहा कि कमलनाथ के नेता होने पर उनकी पार्टी के नेता ही सवाल उठा रहे हैं, ऐसे में कमलनाथ अपना दावा मजबूत करने के लिए कथाओं के आयोजन में लग गए हैं। वहीं गृह मंत्री डा.नरोत्तम मिश्रा ने इसे राजनीतिक पाखंड बताया और कहा कि 15 माह की सरकार में उन्होंने पुजारी, मंदिर और धर्म के लिए कुछ नहीं किया।

भाजपा नेताओं के अलावा आरजेडी नेता शिवानंद तिवारी ने भी कमलनाथ की भक्ति पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कमलनाथ द्वारा धीरेंद्र शास्त्री से हनुमंत कथा कराने पर कांग्रेस हाईकमान से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की।

## यह आस्था का विषय, बहस का मुद्दा नहीं : कमलनाथ

इधर कमलनाथ ने मीडिया से चर्चा के दौरान इसे आस्था का विषय बताया और कहा कि यह बहस का मुद्दा नहीं है। उन्होंने 15साल पहले छिंदवाड़ा में हनुमान मंदिर का निर्माण करवाया था, लेकिन इस बात को प्रचारित नहीं किया गया। पंडित शास्त्री के आमंत्रण पर उनका जवाब था कि उन्हें छिंदवाड़ा की जनता ने आमंत्रित किया था, वहीं सितम्बर माह में पंडित प्रदीप मिश्रा का कार्यक्रम प्रस्तावित है। हिंदू राष्ट्र के सवाल पर उन्होंन बड़ी चतुराई से जवाब दिया और कहा कि विश्व की सबसे बड़ी हिंदू आबादी अपने देश में हैं। देश में 82 प्रतिशत हिंदू निवास करते हैं इसीलिए यह कोई बहस का मुद्दा नहीं है।

मुख्यमंत्री ने वन विभाग के नव निर्मित भवन का किया लोकार्पण, कहा-

# प्रदेश में वन, खनिज और जल सम्पदा का अपार भंडार




**भोपाल , देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश में वन, खनिज और जल सम्पदा का अपार भंडार है। देश के 13 प्रतिशत वन मध्यप्रदेश में हैं। प्रदेश में अति-सघन वन लगातार बढ़ रहे हैं। हमारा प्रदेश टाइगर स्टेट है, इसे टाइगर स्टेट बनाए रखने के लिए वन विभाग का हृदय से अभिनन्दन करता हूँ। हम लेपर्ड और घड़ियाल स्टेट भी हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज 180 करोड़ रुपए से नवनिर्मित तुलसी नगर स्थित वन भवन के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर वन कर्मियों और वन समितियों का सम्मेलन भी आयोजित किया गया। समारोह में वन मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, अध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम माधो सिंह, अपर मुख्य सचिव वन जे.एन. कंसोटिया, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री रमेश कुमार गुप्ता सहित वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा वनकर्मी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वनवासियों की अर्थ-व्यवस्था का आधार वन ही हैं। अब प्रदेश में 785 टाइगर हो गए हैं, जो पहले से अधिक हैं। बारह सिंघा, सफेद बाघ भी हमारे यहाँ है। प्रदेश में वानिकी के क्षेत्र में नए रिकार्ड स्थापित किए गए हैं। बाँस कलस्टर विकसित किये जा रहे हैं। पेसा नियम लागू करने में वन विभाग का सहयोग सराहनीय है। तेंदूपत्ता संग्राहकों को चप्पल, जूता, कुप्पी, साड़ी और छाता दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हमने जनता के लिए वनों को वरदान बनाया है। नवनिर्मित वन भवन पूर्ण हरित भवन है, जिसमें हवा, पानी और प्रकाश के संरक्षण का पूरा ध्यान रखा गया है। यह भवन नई ऊर्जा का संचार करेगा। विभाग को कार्य करने के लिए स्थान की कोई कमी नहीं रहेगी। वनों की सुरक्षा करने वालों की जिंदगी बेहतर करने की पूरी कोशिश होगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वन्य-प्राणियों का संरक्षण बहुत पुण्य का कार्य है। राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रदेश में अधिक से अधिक वन स्थापित हों जिससे प्रदेश में आक्सीजन का उत्सर्जन बड़े स्तर पर हो, प्रदेश दुनिया में ऑक्सीजन हब बन जाए।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वन और वनवासियों का गहरा संबंध है। वनों के माध्यम से उनकी जिंदगी में खुशहाली पैदा करने की कोशिश होगी। वनों के बिना इंसान की जिंदगी नहीं चल सकती है। यह धरती सभी जीव-जंतुओं की है। इसे बनाए रखने के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरी है। मध्यप्रदेश में पर्यावरण के संरक्षण में बेहतर कार्य हुआ है।

वन मंत्री श्री शाह ने कहाकि मुख्यमंत्री श्री चौहान के सान्निध्य में वन विभाग में वनों के संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य अच्छे ढंग से चल रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान प्रतिदिन एक पौधा जरूर लगाते हैं, जो हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री रमेश कुमार गुप्ता ने कहा कि वन विभाग की जनहितकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में कमी नहीं छोड़ेंगे। प्रदेश में वनों के क्षेत्र में बेहतर काम करने की कोशिश लगातार बनी रहेगी। अपर मुख्य सचिव वन श्री जे.एन. कंसोटिया ने कहा कि विभाग वनों के संरक्षण और संवर्धन के लिए समर्पित है। वन भवन से सभी गतिविधियाँ संचालित होंगी और हम पूरे देश में अव्वल रहेंगे।

# जल्दी ही बनेंगे 36 सौ किलोमीटर राज्य राजमार्ग

- 376 किमी राज्य राजमार्ग हुए 4 लेन
- 3 हजार कि मी से ज्यादा लंबाई के विकास पथ पर निर्माण शुरू

**भोपाल देशबन्धु।** प्रदेश में जल्दी ही 3600 किलोमीटर राज्य राजमार्ग की सुविधा उपलब्ध होगी। इन राजमार्गों निर्माण 7250 करोड़ रुपए की लागत से होगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में सड़कों का नेटवर्क निरंतर बढ़ रहा है। भोपाल शहर में वीआईपी रोड के विकल्प के रूप में आठ-लेन एलीवेटेड कॉरीडोर पश्चिम भोपाल बायपास के निर्माण की तैयारियां चल रही हैं। इस पर 3156 करोड़ रू खर्च होंगे। जबलपुर-नरसिंहपुर फ़ोरलेन मार्ग के निर्माण के लिए 756 करोड़ रूपये का बजट उपलब्ध कराया गया है। नर्मदापुरम-पिपरिया फोरलेन मार्ग के निर्माण पर 840 करोड़ रूपये खर्च होंगे।

वर्ष 2004 से 2023 तक कुल 32 हजार 953 करोड़ रूपये की लागत से 16 हजार 510 किलोमीटर सड़कों का निर्माण हुआ है। वर्ष 2003 मे सिर्फ 328 किमी राज्य राजमार्ग डबल लेन हुआ करते थे, जो वर्ष 2023 में 10 गुना बढ़कर 3428 किमी हो गये हैं। पहले एक भी राज्य राजमार्ग 4 लेन नहीं था। आज 376 किमी राज्य राजमार्ग 4 लेन बन गये है। जबलपुर, इंदौर, ग्वालियर, सागर एवं रीवा शहरों के लिए क्रमशः 3500 करोड़, 5900 करोड़, 675 करोड़, 756 करोड़ एवं 380 करोड़ लागत से रिंगरोड निर्माण की तैयारियाँ शुरू हो गई हैं।

## शहरों, बाजारों, मंडियों में हुई सीधी पहुंच

राज्य राजमार्गो का नेटवर्क बढ़ने से छोटे शहरों, बाजारों तथा मंडियों तक पहुँच बेहतर हुई है। छोटे शहरों में व्यवसायिक गतिविधियों का विस्तार हुआ है और किसान का सीधा संपर्क बड़े बाजारों/मंडियों से हो गया है। विकास के नये पथ राष्ट्रीय राजमार्गों में अटल प्रगति पथ के निर्माण की कार्रवाई शुरू हो गई है। मालवा-निमाड़ विकास पथ में 450 किमी का गरोठ (मंदसौर)-उज्जैन-इंदौर-बुरहानपुर 4 लेन मार्ग बनना शुरू हो गया है। इस पर 7972 करोड़ रूपये की लागत आयेगी। इसी प्रकार बुंदेलखंड विकास पथ में भोपाल से छतरपुर मार्ग को 4 लेन करने के लिए 6160 करोड़ रूपये स्वीकृत किए गए हैं। सागर से छतरपुर 190 किमी मार्ग का निर्माण शुरू हो गया है। मध्य भारत विकास पथ में बैतूल से मुरैना तक के मार्ग को 4 लेन करने की कार्यवाही जारी है। भोपाल से दिनार (झांसी के समीप) तक 3400 करोड़ रूपये से निर्माण कार्य शुरू हो गये हैं।

# सरकार की जनहितैषी नीतियों के चलते गरीबी का ग्राफ गिरा



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार की जनहितैषी नीतियों के चलते प्रदेश में गरीबी का ग्राफ तेजी से गिर रहा है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की इंदिरा गांधी की सरकार ने नारा दिया था कि देश से गरीबी हटाएंगे, लेकिन देश से गरीबी तो नहीं हटी बल्कि लोग गरीबी के तले दबते चले गए। मध्यप्रदेश में 1 करोड 36 लाख लोग गरीबी रेखा से बाहर आ गए हैं, जिसके लिए मैं मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान का आभार जताता हूं और बधाई देता हूं। श्री शर्मा ने कहा कि 2014 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनी, तो उन्होंने कहा था कि मेरी सरकार गरीबों को समर्पित सरकार है।

प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि शिवराज सरकार द्वारा चलाई जा रही गरीब कल्याण योजनाओं के कारण लोग आत्मनिर्भर हो रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा कि रोटी, कपड़ा, मकान, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं न होना भी गरीबी है, लेकिन इस कमी को दूर करने का काम शिवराज सरकार ने किया है।

सत्य साई हार्ट अस्पताल अहमदाबाद से हुआ करार

# जन्मजात हृदयरोगी बच्चों का सरकार निःशुल्क कराएगी इलाज



**भोपाल, देशबन्धु।** एक हजार जीवित बच्चों में से लगभग 9 बच्चों में जन्मजात हृदय विकार की समस्या रहती है, जिसके उपचार पर एक लाख से 5 लाख रुपए तक का व्यय आता है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना संचालित करने का निर्णय लिया गया। योजना में नारायण हृदयालय मुम्बई, चिरायु अस्पताल भोपाल, अरविंदो अस्पताल इंदौर में बच्चों के उपचार की व्यवस्था की गई। राज्य सरकार ने वर्ष 2019 में प्रशांति मेडिकल सर्विस एंड रिसर्च फाउंडेशन के साथ 2 वर्ष के लिए अनुबंध किया और कुल 117 बच्चों को निःशुल्क उपचार प्रदान किया गया। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कही। वह मुख्यमंत्री निवास कार्यालय समत्व में फाउंडेशन और राज्य शासन की ओर से लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के मध्य हुए एम.ओ.यू. के अवसर पर संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि फाउंडेशन द्वारा बाल्यकालीन हृदय रोग से प्रभावित बच्चों का श्री सत्य साई हार्ट अस्पताल अहमदाबाद में निःशुल्क उपचार कराया जाएगा। इसके अंतर्गत अहमदाबाद में स्थापित चिकित्सालय में एक हजार बच्चों का इलाज पूर्णतः निःशुल्क कराया जाएगा, आने-जाने का व्यय राज्य सरकार उठाएगी।

इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, अपर मुख्य सचिव मोहम्मद सुलेमान, आयुक्त स्वास्थ्य सुदाम खाड़े तथा प्रशांति मेडिकल सर्विस एंड रिसर्च फाउंडेशन के पदाधिकारी मौजूद थे।

# संसदीय पैनल ने की सिफारिश : जजों की संपत्तियों के अनिवार्य खुलासे के लिए लाए कानून

## वार्षिक आधार पर अपनी संपत्ति रिटर्न घोषित करना हो अनिवार्य

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक संसदीय समिति ने हाल ही में सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के न्यायाधीशों के लिए वार्षिक आधार पर अपनी संपत्ति रिटर्न घोषित करना अनिवार्य बनाने के लिए एक कानून लाने की सिफारिश की है। कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय पर विभाग से संबंधित संसदीय स्थायी समिति ने अपनी रिपोर्ट न्यायिक प्रक्रियाएं और उनके सुधार में कहा कि एक सामान्य प्रथा के रूप में, सभी संवैधानिक पदाधिकारियों और सरकारी सेवकों को अपनी संपत्ति और देनदारियों का वार्षिक रिटर्न दाखिल करना होगा। सुप्रीम कोर्ट इस हद तक पहुंच गया है कि जनता को सांसद या विधायक के रूप में चुनाव में खड़े लोगों की संपत्ति जानने का अधिकार है। जब ऐसा है, तो यह तर्क गलत है कि न्यायाधीशों को अपनी संपत्ति और देनदारियों का खुलासा करने की आवश्यकता नहीं है। भाजपा के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी की अध्यक्षता वाली स्थायी समिति ने कहा, जो कोई भी सार्वजनिक पद पर है और सरकारी खजाने से वेतन लेता है, उसे अनिवार्य रूप से अपनी संपत्ति का वार्षिक रिटर्न दाखिल करना चाहिए।

केंद्र सरकार ने संसदीय पैनल को बताया कि संपत्तियों की नियमित फाइलिंग और उन्हें सार्वजनिक डोमेन में अपलोड करने के लिए तंत्र को संस्थागत बनाने की आवश्यकता है। 1997 में सर्वोच्च न्यायालय के पूर्ण न्यायालय द्वारा अपनाए गए न्यायिक जीवन के मूल्यों की पुनर्कथन ने सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के प्रत्येक न्यायाधीश के लिए नियुक्ति के समय अपनी संपत्ति और देनदारियों की घोषणा करना अनिवार्य बना दिया और उसके बाद हर साल की शुरुआत में।

2009 में सुप्रीम कोर्ट की पूर्ण पीठ ने पूरी तरह से स्वैच्छिक आधार पर, संपत्ति की घोषणा को सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर डालने का संकल्प लिया। हालांकि, वर्तमान में, सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर भारत के केवल 55 पूर्व मुख्य न्यायाधीशों और न्यायाधीशों के संबंध में संपत्ति की घोषणा से संबंधित डेटा है, जिसे आखिरी बार मार्च 2018 में अपडेट किया गया था। इसी तरह, केवल पांच उच्च न्यायालयों की वेबसाइट पर संबंधित उच्च न्यायालयों के कुछ न्यायाधीशों द्वारा संपत्ति की घोषणा से संबंधित डेटा है। न्यायाधीशों की संपत्ति और देनदारियों की घोषणा करने और न्यायाधीशों द्वारा पालन किए जाने वाले न्यायिक मानकों को निर्धारित करने में सक्षम न्यायिक मानक और जवाबदेही विधेयक 15वीं लोकसभा के विघटन पर समाप्त हो गया था। समिति ने केंद्र सरकार को उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए उचित प्राधिकारी को वार्षिक आधार पर अपनी संपत्ति रिटर्न प्रस्तुत करना अनिवार्य बनाने के लिए उचित कानून लाने की सिफारिश की। इसमें कहा गया है कि उच्च न्यायपालिका के न्यायाधीशों द्वारा संपत्ति की घोषणा से प्रणाली में अधिक विश्वास और विश्वसनीयता आएगी।

# छह राज्यों में उपचुनाव का ऐलान, 5 सितंबर को होगा मतदान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चुनाव आयोग ने विधानसभा की सात सीटों पर उपचुनाव का ऐलान कर दिया है। जिन राज्यों में यह उपचुनाव होने हैं, उनमें झारखंड, त्रिपुरा, केरल, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड शामिल हैं। इन छह राज्यों की सात विधानसभाओं के लिए उपचुनाव पांच सितंबर को होंगे। आठ सितम्बर को चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे। जानकारी के मुताबिक, झारखंड की डुमरी विधानसभा सीट जगरनाथ महतो (जेएमएम) के निधन के बाद खाली हुई थी। इसी तरह केरल की पुथुपल्ली विधानसभा सीट ओमान चांडी (कांग्रेस), त्रिपुरा की बोक्सानगर सीट समसुल हक (सीपीआईएम), पश्चिम बंगाल की धुपगुड़ी एससी विधानसभा सीट बिष्णु पांडे (भाजपा) और उत्तराखंड की बागेश्वर (एससी) सीट चंदन राम दास (भाजपा) के निधन के बाद रिक्त हुई थी। त्रिपुरा की एक अन्य धानपुर विधानसभा सीट भाजपा नेता प्रतिमा भैमिक के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी। इसी तरह उत्तर प्रदेश की घोसी विधानसभा सीट दारा सिंह चौहान के सपा से इस्तीफे के बाद खाली हुई थी।

## चुनाव प्रक्रिया की अहम तारीखें

अधिसूचना जारी होने की तारीख- 10 अगस्त, नामांकन की अंतिम तारीख- 17 अगस्त। नामांकन की जांच- 18 अगस्त, नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख- 21 अगस्त। मतदान की तारीख- पांच सितम्बर। मतगणना- आठ सितम्बर। चुनाव प्रक्रिया पूरी करने का समय- 10 सितम्बर

मणिपुर की राज्यपाल ने सभी राज्यों के समकक्षों से अपील

# विभिन्न राज्य में अध्ययनरत छात्रों की सुरक्षा करें सुनिश्चित

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके ने सभी राज्यों के राज्यपालों और केंद्र शासित प्रदशों के उपराज्यपालों से अनुरोध किया है कि वे अपने-अपने राज्यों में पढ़ाई कर रहे राज्य के छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। राजभवन के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राजभवन के एक अधिकारी ने कहा कि। राज्यपाल उन छात्रों को लेकर बेहद चिंतित हैं जो तीन मई को राज्य में भड़की जातीय हिंसा के बाद से देश के विभिन्न हिस्सों में उच्च शिक्षा और व्यावसायिक पाठ्यक्रम कर रहे हैं। अपने सभी समकक्षों को लिखे पत्र में उन्होंने पहले उनसे यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया था कि मणिपुर के छात्रों की शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित न हों। अनुसुइया उइके ने कहा कि सभी राज्यपालों, उपराज्यपालों और प्रशासकों ने कहा कि उन छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्था की गई है और उनकी शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित नहीं होंगी। मणिपुर की राज्यपाल ने सभी राज्यपालों, उपराज्यपालों और प्रशासकों के प्रति आभार प्रकट किया है। राजभवन के एक बयान में कहा गया है कि इस महत्वपूर्ण समय में मणिपुर के छात्रों को अमूल्य सहयोग दिया गया है। इसमें कहा गया है कि तमिलनाडु और नगालैंड के राज्यपालों ने जरूरत पड़ने पर तमिलनाडु (20 छात्र) और नगालैंड (238 छात्र) के उन छात्रों को अपेक्षित सहायता देने का आश्वासन दिया है।

बयान में कहा गया है, राज्यपाल का दृढ़ विश्वास है कि स्थिति पूरी तरह से सामान्य होने तक सभी संबंधित लोग अपनी मदद देना जारी रखेंगे।

इसके अलावा, उनका यह भी मानना है कि जब भी जरूरत होगी, वे छात्र मदद के लिए संबंधित राज्यपाल के सचिवालय से संपर्क कर सकते हैं। वहीं मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा ने केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर से मणिपुर में जातीय हिंसा को देखते हुए इंफाल स्थित सीएयू में बीएससी के चौथे वर्ष की पढ़ाई कर रहे मेघालय के छात्रों के लिए अंतरिम व्यवस्था करने के मामले में हस्तक्षेप का अनुरोध किया है। संगमा ने अपने मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ सोमवार को तोमर से मुलाकात की और इस मामले पर एक अनुरोध पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि मणिपुर की राजधानी इंफाल स्थित सीएयू को मेघालय के छात्रों को अपने ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम के संचालन का भी निर्देश दिया जाए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**सामाजिक क्षेत्र....**प्रस्तुत किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में वर्ष 2015-16 से वर्ष 2019-21 के बीच 1 करोड़ 36 लाख लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। प्रदेश में गरीबी की तीव्रता जो 47.25 प्रतिशत होती थी वो घटकर 43.70 प्रतिशत रह गई है। बहुआयामी गरीबी की तीव्रता स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर के 3 आयामों के औसत प्रतिशत को ध्यान में रखकर देखी जाती है।

**गरीबी उन्मूलन...**कृषि क्षेत्र में सुविधाएं बढ़ाने और अधोसंरचना के विस्तार से अच्छे परिणाम आए हैं। नीति आयोग नई दिल्ली के सदस्य वी.के. सारस्वत ने मुख्यमंत्री श्री चौहान को 'बहुआयामी नीतियों से विकास के लिए सजग-मध्यप्रदेश' की प्रथम प्रति भेंट की। प्रारंभ में प्रमुख सचिव राघवेन्द्र कुमार सिंह ने अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान की ओर से अतिथियों का स्वागत किया। प्रमुख सचिव योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी मुकेश चंद्र गुप्ता ने आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने परिचर्चा में शामिल अतिथि वक्ताओं को मिलेट उत्पादों की किट भेंट की। मध्यप्रदेश राज्य नीति एवं योजना आयोग की नीति संक्षिप्त श्रृंखला के तहत राज्य नीति आयोग के कन्हैया समाधिया, सुश्री सुमित सोनी एवं डॉ. ईश गुप्ता द्वारा लिखित 'विकास के लिए सजग मध्यप्रदेश' का विमोचन किया गया।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन**, कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।